• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 । अंक 304 । पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 11 फरवरी 2025
माघ शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081


ग्रैंडस्लैम शतरंज | लगातार दूसरी हार से विश्व चैंपियन डी गुकेश बाहर...स्पोर्ट्स



दिल्ली-एनसीआर






देश की समृद्धि की कामना की

## राष्ट्रपति मुर्मू ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुंभ नगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाकर देश की समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ श्रद्धा व विश्वास का विशाल समागम और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है। उन्होंने संगम में पुण्य की डुबकी संग भगवान दिवाकर को अर्घ्य दिया। साथ ही मां गंगा का पूजन अर्चन किया। राष्ट्रपति ने बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना और आरती की। उनके साथ परिवार के 40 सदस्य भी मौजूद रहे। ब्यूरो >> महाकुंभ : पेज 11

## लोकतंत्र में किसी पार्टी के अधिकार कुचल नहीं सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि लोकतंत्र में किसी राजनीतिक दल के अधिकारों को कुचला नहीं जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोर्ट ने तेलंगाना के बीआरएस विधायकों की याचिका पर यह टिप्पणी की। >> पेज 15

# भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी का रोडमैप होगा तैयार

### पेरिस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, आज एआई पर शिखर सम्मेलन में करेंगे शिरकत

एजेंसी/अमर उजाला ब्यूरो

**पेरिस/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी-2047 का रोडमैप तैयार करेंगे। पीएम मोदी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक शिखर सम्मेलन में शिरकत करने सोमवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गए। पीएम मोदी दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत करने के लिए मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। वहीं, मैक्रों ने कहा, भारत-फ्रांस के साझा हित दोस्ती पर केंद्रित हैं।

फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं एआई सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। यह वैश्विक नेताओं और तकनीकी कंपनियों के सीईओ की सभा है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित व भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक जन कल्याण के लिए एआई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर विचारों को साझा करेंगे।

वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रौद्योगिकी व शिक्षा में भारत की ताकत का जिक्र करते हुए वीडियो साक्षात्कार में कहा, सालाना दस लाख इंजीनियर तैयार करने के साथ भारत प्रशिक्षण महाशक्ति है। यह पूरे अमेरिका-यूरोप में तैयार होने वाले इंजीनियरों की संख्या से अधिक है। हम अपनी प्रतिभा को प्रशिक्षित करना चाहते हैं, ताकि वे विदेश जा सकें। साक्षात्कार की शुरुआत मैक्रों ने हिंदी में कहा-भारत के लोगों को नमस्ते, जबकि अंत बहुत शुक्रिया कहकर किया। >> टंप से टैरिफ कटौती पर होगी चर्चा : पेज 14



पेरिस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय से की मुलाकात। एजेंसी

### मार्सिले में करेंगे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन

पीएम मोदी ने बताया कि वह और राष्ट्रपति मैक्रों अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत, फ्रांस सहित भागीदार देशों के संघ का सदस्य है। पीएम मोदी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने मार्सिले भी जाएंगे। वह मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिन्होंने प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति दी थी।

### प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया, पेरिस में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फ्रांस के रक्षा मंत्री सेब लेकॉर्नी ने हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी की। पीएम जब होटल पहुंचे, तो वहां उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय मौजूद थे। देर शाम पीएम ने राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एआई सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों के रात्रि भोज में भी शिरकत की।

### भारत से पिनाक खरीदने में है फ्रांस की रुचि

फ्रांस, भारत से मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर प्रणाली पिनाक खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। यदि यह समझौता सफल रहा, तो पहली बार ऐसा होगा कि भारत का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता उससे हथियार खरीदेगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है, लेकिन हाल के वर्षों में वह हथियारों की जरूरतें पूरी करने के लिए अपना उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही भारत धीरे-धीरे रक्षा निर्यात भी बढ़ा रहा है।

**परीक्षा पे चर्चा :** पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ाया नेतृत्व का पाठ, असफलताओं को सबक में बदलने की दी सलाह

# परीक्षा की चिंता न करें, बल्लेबाज की तरह सिर्फ गेंद पर फोकस रखें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उनके पसंदीदा खेल क्रिकेट से उदाहरण देते हुए एकाग्रता का दबाव नहीं लेने का मंत्र दिया। मोदी ने बच्चों से कहा, क्रिकेट के दौरान स्टेडियम से आवाज आती है, कोई छक्के की मांग करता है तो कोई चौके की। मगर, बल्लेबाज उस शोर की चिंता किए बिना एकाग्र होकर सिर्फ गेंद पर नजरें जमाए रखता है। विद्यार्थियों को भी दबाव को उसी तरह संभालना चाहिए। सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, उन्हें परीक्षाओं और अंकों के दबाव में नहीं आना चाहिए।

नए स्वरूप में आठवीं बार हुई परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने सुंदर नर्सरी में 36 बच्चों के साथ बातचीत की। अखिल भारतीय प्रसारण के साथ कार्यक्रम में देशभर के छात्र, अभिभावक व शिक्षक शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा, ज्ञान व परीक्षा दो अलग चीजें हैं। परीक्षा को ही जीवन का सबकुछ नहीं समझना चाहिए। मोदी ने असफलताओं से सीखने का आग्रह किया, क्योंकि नाकामियां ही सफलता में अहम भूमिका निभाती हैं। पीएम ने बच्चों को यथार्थवादी और हासिल करने योग्य लक्ष्य तय करने की सलाह दी। कहा, जब ये लक्ष्य हासिल हो जाएं तो खुद को पुरस्कृत भी करें, क्योंकि इससे आत्म-प्रेरणा में मदद मिलती है। ब्यूरो >> परीक्षा पे चर्चा : पेज 10



विद्यार्थियों से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

### बच्चों को आदर्श बनने पर मजबूर न करें, जुनून तलाशने की छूट दें

**अभिभावकों को सीख**

पीएम मोदी ने अभिभावकों व शिक्षकों से कहा, छात्रों को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें अपने जुनून को तलाशने की अनुमति दी जानी चाहिए। माता पिता को दिखावे के लिए अपने बच्चों को आदर्श बनने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। न ही उनकी तुलना दूसरे बच्चों से करनी चाहिए।

**पीएम नहीं होता तो कौशल विभाग में काम करता**

पीएम मोदी ने कहा, अगर वे प्रधानमंत्री नहीं होते, तो उन्हें कौशल विभाग में काम करना अच्छा लगता। इसके प्रति उन्होंने अपनी गहरी रुचि व्यक्त की। व्यक्तियों और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में इसकी परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। कहा, आजीवन सीखने के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं।

## आयुर्वेदिक दवा के भ्रामक विज्ञापन पर आंध्र, दिल्ली के मुख्य सचिव तलब

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बताएं कि निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया जा रहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता को लेकर दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों को फटकार लगाई और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया।

जस्टिस अभय एस ओका व जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का शायद ही कोई कार्यान्वयन हुआ हो। पीठ ने मुख्य सचिवों को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश होकर यह बताने का निर्देश दिया कि निर्देशों का अनुपालन क्यों नहीं किया जा रहा। कोर्ट में न्याय मित्र के रूप में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासात ने कहा कि कई राज्यों ने विज्ञापन प्रकाशित कराने वालों की माफी स्वीकार कर ली है व बरी करते समय उनसे शपथपत्र भरवाया गया है।

पीठ ने कहा, एमिकस क्यूरी ने सही कहा है कि यदि सभी राज्य ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के नियम 170 को उसके सही अर्थ में लागू करना शुरू करें तो आयुर्वेदिक, सिद्ध या यूनानी दवाओं के अवैध विज्ञापनों के मुद्दे का समाधान हो जाएगा। पीठ ने आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, गुजरात व जम्मू-कश्मीर को नियम 170 के प्रवर्तन पर इस माह के अंत तक प्रतिक्रिया सहित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। ब्यूरो









## संसद सत्र के लिए इंजीनियर रशीद को दो दिन की पैरोल



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर रशीद को संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए 11 से 13 फरवरी तक पैरोल की अनुमति दे दी। रशीद वर्तमान में टेरर फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत जेल में हैं।

जस्टिस विकास महाजन की पीठ ने रशीद को सख्त शर्तों के साथ पैरोल की अनुमति देते हुए कहा कि वह किसी भी मोबाइल फोन, लैंडलाइन फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इंटरनेट तक पहुंच नहीं होगी। वह मीडिया या किसी व्यक्ति से भी बातचीत नहीं करेंगे। ब्यूरो







## रोहित बोले, रनों की वापसी नहीं रही आसान



**कटक।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार शतक जड़कर फॉर्म में वापसी करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इसे एक अन्य पारी करार दिया, साथ ही यह भी स्वीकार किया कि रन बनाना जितना आसान लगता है वह उतना आसान नहीं होता है। रोहित ने 90 गेंद पर 119 रन बनाए। रोहित ने कहा, जब आप इतने बरसों से खेल रहे होते हैं और आपने ढेर सारे रन बनाए हों तो इसके कुछ मायने होते हैं। एजेंसी

# एलएलसीटेन10 की पहली जंग में वेंकटेश्वरा के लॉयंस, मेरठ के जांबाजों से भिड़ेंगे

## 13 से 22 फरवरी तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे सभी 24 मुकाबले

**नई दिल्ली।** अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ओर से आयोजित होने जा रही एलएलसीटेन10 का पहला मुकाबला 13 फरवरी को होगा, जिसमें वेंकटेश्वरा लायंस के शेर और आईआईएमटी मेरठ के जांबाज टकराएंगे।




एलएलसीटेन10 का आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। लीग की 12 टीमों को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप की 4 टीमें पहले ग्रुप दौर के मुकाबले खेलेंगी। ग्रुप दौर 13 से 19 फरवरी तक चलेगा, जिसमें कुल 18 मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें शीर्ष तीन में स्थान बनाने के लिए अगले लीग चरण में प्रवेश करेंगी। ब्यूरो

### शीर्ष-3 से तय होगा फाइनल का सफर

*इस लीग चरण में पहले तीन स्थान पर रहने वाली टीमें क्वालिफायर और एलिमिनेटर में खेलेंगी। क्वालिफायर-1 में लीग चरण में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें टकराएंगी। यहां जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। एलिमिनेटर में लीग चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम और क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम फाइनल में पहुंचने के लिए भिड़ेंगी। फाइनल 22 फरवरी को खेला जाएगा।*



क्यूआर स्कैन कर लीग के इंस्टाग्राम पेज से लें ताजा अपडेट

**लीग से जुड़े हैं ये दिग्गज :** चेतन शर्मा - मुख्य चयनकर्ता, जोंटी रोड्स-लीग कमिश्नर, मो. कैफ-फिटनेस मेंटर, क्रिस गेल, ब्रेट-ली, सुरेश रैना, हरभजन सिंह व इरफान पठान (टीम मेंटर्स)



### एलएलसीटेन 10 कार्यक्रम

| तारीख | मैच |
|---|---|
| 13 फरवरी | आईआईएमटी मेरठ इनवेडर्स बनाम वेंकटेश्वरा लायंस मुरादाबाद |
| 14 फरवरी | नेक्सजेन गाजियाबाद टाइगर्स बनाम काशी नाइट्स |
| 15 फरवरी | केरासा लखनऊ बनाम डे स्प्रिंग ईगल्स लखनऊ |
| 15 फरवरी | बुंदेलखंड ब्लास्टर्स झांसी बनाम जीएल बजाज सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा |
| 16 फरवरी | स्वीटी ब्रज वॉरियर्स मथुरा बनाम कानपुर चीफ्स |
| 16 फरवरी | जीएल बजाज सुपर चैलेंजर्स आगरा बनाम इनवर्टिस सुपरकिंग्स बरेली |
| 17 फरवरी | बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स झांसी बनाम नेक्सजेन गाजियाबाद टाइगर्स |
| 17 फरवरी | आईआईएमटी मेरठ इनवेडर्स बनाम केरासा लखनऊ |
| 17 फरवरी | स्वीटी ब्रज वॉरियर्स मथुरा बनाम जीएल बजाज सुपर चैलेंजर्स आगरा |
| 17 फरवरी | काशी नाइट्स बनाम बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स झांसी |
| 18 फरवरी | केरासा लखनऊ बनाम वेंकटेश्वरा लायंस मुरादाबाद |
| 18 फरवरी | इनवर्टिस सुपरकिंग्स बरेली बनाम स्वीटी ब्रज वॉरियर्स मथुरा |
| 18 फरवरी | जीएल सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा बनाम नेक्सजेन गाजियाबाद टाइगर्स |
| 18 फरवरी | आईआईएमटी मेरठ इनवेडर्स बनाम डे स्प्रिंग ईगल्स लखनऊ |
| 19 फरवरी | कानपुर चीफ्स बनाम जीएल बजाज सुपर चैलेंजर्स आगरा |
| 19 फरवरी | वेंकटेश्वरा लायंस मुरादाबाद बनाम डे स्प्रिंग ईगल्स लखनऊ |
| 19 फरवरी | जीएल बजाज सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा बनाम काशी नाइट्स |
| 19 फरवरी | कानपुर चीफ्स बनाम इनवर्टिस सुपरकिंग्स बरेली |

### शीर्ष-3 के लिए मुकाबले

| | |
|---|---|
| 20 फरवरी | ग्रुप-1 की शीर्ष टीम बनाम ग्रुप-2 की दूसरी टीम |
| 20 फरवरी | ग्रुप-2 की शीर्ष टीम बनाम ग्रुप-3 की दूसरी टीम |
| 20 फरवरी | ग्रुप-3 की शीर्ष टीम बनाम ग्रुप-1 की दूसरी टीम |

### क्वालिफायर - एलिमिनेटर

**21 फरवरी को क्वालिफायर-1** शीर्ष-3 की अव्वल टीम बनाम शीर्ष-3 की दूसरे स्थान की टीम

**21 फरवरी को एलिमिनेटर** क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम बनाम शीर्ष-3 की तीसरी टीम

**22 फरवरी को फाइनल मुकाबला** क्वालिफायर-1 की विजेता टीम बनाम एलिमिनेटर की विजेता टीम

*पुरस्कार : एलएलसीटेन10 की विजेता टीम को 10 लाख रुपये, उपविजेता टीम को 5 लाख रुपये, फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को एक कार, टूर्नामेंट के बेहतरीन 9 खिलाड़ियों को एथर इलेक्ट्रिक-बाइक पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।*

WAVES

क्रिकेट प्रेमी लीग के सभी मैच प्रसार भारती के स्पोर्ट्स चैनल वेव्स पर मुफ्त में देख सकेंगे।

## न्यूज डायरी




द. अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक बनाने के बाद। एजेंसी

### ब्रीट्जके पदार्पण वनडे में 150 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज

**दुबई।** केन विलियम्सन (133*) की पारी द. अफ्रीका के ब्रीट्जके (150) के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी जिससे न्यूजीलैंड त्रिकोणीय वनडे सीरीज में 6 विकेट की जीत के साथ फाइनल में पहुंच गया। दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट पर 304 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 48.4 ओवर में 4 विकेट पर 308 रन बना लिए। ब्रीट्जके पदार्पण वनडे में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। एजेंसी

### इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं



जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज 21 वर्षीय बेथेल ने नागपुर में पहले वनडे में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह दूसरे वनडे में नहीं खेल पाए थे। एजेंसी

### आयरलैंड ने जिंबाब्वे को हरा लगातार तीसरा टेस्ट जीता

**बुलावायो।** आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन जिंबाब्वे को 63 रन से हराकर लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता। आयरलैंड को हालांकि अपने पहले सात टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। पर अब उसने लगातार तीन जीत हासिल की है। पिछले साल मार्च में अफगानिस्तान को और अब जिंबाब्वे के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एजेंसी

### निशानेबाज रुद्रांक्ष और सिफत ने लगातार दूसरा ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल और पंजाब की सिफत कौर ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस टी2 मुकाबलों में जीत हासिल की। रुद्रांक्ष ने फाइनल में 253.3 अंक के साथ जीत दर्ज की जबकि सिफत 469.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जो उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.2 अंक अधिक है। एजेंसी

# चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां परखने के लिए बचा एक मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय नहीं

## इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों में राहुल का नंबर 6 पर उतरना व पंत के नहीं खेलने से उलझ रहे हैं समीकरण

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कप्तान रोहित शर्मा के शतक ने भारतीय टीम प्रबंधन को बड़ी राहत प्रदान की है। बावजूद इसके भारतीय टीम के बल्लेबाजी संयोजन को लेकर उलझनें बरकरार हैं। यह स्थिति तब है जब, चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को परखने के लिए भारतीय टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ 12 फरवरी को होने वाला सिर्फ एक मैच शेष है।

**12** रन बनाए हैं राहुल ने दो मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ

केएल राहुल का नंबर छह पर उतरना और ऋषभ पंत का अब तक नहीं आजमाया जाना समीकरणों को उलझा रहा है। राहुल को दोनों मैचों में अक्षर पटेल के बाद बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया है। वह नंबर छह के क्रम पर न्याय नहीं कर पाए हैं। यह वह स्थान है, जहां पंत अपने एक्स फैक्टर के चलते उनसे कहीं उपयोगी साबित हो सकते थे। वहीं, विराट कोहली की वनडे में छह माह बाद वापसी अच्छी नहीं रही। वह दूसरे वनडे में सिर्फ पांच रन बना पाए। उन्हें टीम में यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया। दूसरी ओर गेंदबाजी में भी अर्शदीप सिंह को अब तक नहीं आजमाया गया है। एजेंसी




कोच गौतम गंभीर, राहुल को नंबर छह पर उतार रहे हैं, लेकिन यह स्थान उन्हें रास नहीं आ रहा।

### बुमराह पर आज हो सकता है फैसला

*जसप्रीत बुमराह बंगलूरू स्थित सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में पुनर्वास से गुजर रहे हैं, पर टीम में उनका शामिल होना अब तक तय नहीं है। पुनर्वास से पहले बुमराह को बीसीसीआई ने पांच हफ्ते का आराम दिया था, जिसमें उन्हें जिम भी नहीं करना था। स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ नितिन पटेल की अगुवाई में चार सदस्यीय टीम उनके पुनर्वास पर नजर रखे है।*



पटेल की रिपोर्ट पर बुमराह की फिटनेस पर फैसला लिया जाएगा। उनकी रिपोर्ट बोर्ड सचिव सैकिया, मुख्य चयनकर्ता अगरकर, कोच गंभीर, कप्तान रोहित को भेजी जाएगी। बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर मंगलवार को फैसला हो सकता है। आईसीसी को फाइनल टीम भेजने की मंगलवार को अंतिम तिथि है। बुमराह की पीठ का स्कैन हो चुका है।

### राहुल के अक्षर के बाद आने पर उठे सवाल

कटक में दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में कमेंट्री के दौरान रवि शास्त्री भी राहुल जैसे शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाज को छठे नंबर पर उतारने पर अपनी भावनाओं को जाहिर करने से खुद को नहीं रोक पाए। शुरुआती दो मैच में अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारा गया। अगर प्रबंधन राहुल से ऊपर अक्षर को भेजने के लिए बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजी संयोजन के फॉर्मूले पर अड़ा है तो पंत जैसे विस्फोटक खिलाड़ी का क्या होगा। शास्त्री ने कमेंट्री के दौरान कहा, भारत अगले मैच और चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के संयोजन के बारे में सोच रहा होगा और ऋषभ पंत बेंच पर बैठे हैं।

### नंबर छह राहुल की शैली के अनुकूल नहीं

भारतीय गेंदबाजों ने दोनों वनडे में इंग्लैंड को कोई मौका नहीं दिया है, लेकिन 2023 के वनडे विश्वकप में पांचवें नंबर पर 500 से अधिक रन बनाने वाले राहुल ऐसी स्थिति में बल्लेबाजी के लिए आ रहे हैं जो उनकी खेल शैली के अनुकूल नहीं है। गंभीर की रणनीतियों को करीब से देख चुके एक पूर्व भारतीय खिलाड़ी का कहना है कि गौतम हमेशा टीम की जरूरतों को देखते हैं और उन्हें राहुल नंबर छह पर उपयुक्त लगते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को बरकरार रखने में मदद मिलती है। अक्षर ने पांचवें नंबर पर रन बनाए हैं और इससे पंत मुश्किल स्थिति में आ गए हैं।

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर शिकंजा कसा

**रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल**

**कोलकाता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की साझेदारी की जिससे गत विजेता मुंबई ने तीसरे दिन हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (5/58) की गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले मुंबई ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। एजेंसी




रहाणे और सूर्या।

### जेएंडके के पारस का अर्धशतक आकिब ने लिए छह विकेट

**पुणे।** जम्मू-कश्मीर ने केरल के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट पर 180 रन बनाकर 179 रन की बढ़त ली। कप्तान पारस (73*) और कन्हैया (42*) 102 रन जोड़ चुके हैं। सलमान (112*) ने केरल को 281 रन तक पहुंचाकर उसे एक रन की बढ़त दिला दी। पेसर आकिब नबी (6/53) का प्रदर्शन शानदार रहा। एजेंसी

### गुजरात को सौराष्ट्र पर बड़ी बढ़त

**राजकोट।** जयमीत पटेल (103) और विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल (140 रन) ने गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 120 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में बिना किसी क्षति के 33 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी गुजरात से 262 रन पीछे है। एजेंसी

**तमिलनाडु के खिलाफ विदर्भ मजबूत**

**नागपुर।** विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे (5/34) ने प्रथम श्रेणी में छठी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि यश राठौड़ (55*) ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा जिससे विदर्भ ने तमिलनाडु के खिलाफ 297 रन की बढ़त ले ली। तमिलनाडु 225 रन पर सिमट गया। विदर्भ को पहली पारी में 128 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 169 रन बनाकर कुल बढ़त को 297 रन तक पहुंचाया। एजेंसी

## पोल वॉल्ट में किसान के बेटे देव मीना को स्वर्ण

**राष्ट्रीय खेल**

**देहरादून।** मध्य प्रदेश के किसान के बेटे देव कुमार मीना ने पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण जीता। उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता में बनाया था।

तमिलनाडु के जी रीगन (पांच मीटर) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश के कुलदीप (पांच मीटर) ने कांस्य जीता। उत्तर प्रदेश की आकांक्षा यादव ने महिलाओं की हैमर थ्रो में 62.89 मीटर के साथ स्वर्ण जीता। इस बीच सर्विसेज तीन स्वर्ण सहित सात पदक जीतकर 48 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर कायम है। एजेंसी

## ग्रैंडस्लैम शतरंज : लगातार दूसरी हार से गुकेश बाहर

**हैंबर्ग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें विश्व नंबर दो अमेरिकी फैबियाना कारुआना के हाथों क्वार्टर फाइनल में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। गुकेश पहली बाजी भी कारुआना से हार गए थे।



गुकेश को दूसरी बाजी हर हाल में जीतनी थी, लेकिन वह कारुआना के सामने नहीं ठहर पाए और महज 18 चालों में बाजी हार गए। गुकेश अब अंतिम चार स्थानों के लिए खेलेंगे। फ्रीस्टाइल शतरंज का गठन 960 बिखरी हुई पोजीशन को केंद्र में रखकर किया गया है। इसे शतरंज का भविष्य माना जा रहा है। मैग्नस कार्लसन ने अब्दुसत्तारोव को 2-0, विसेंट कीमर ने अलीरेजा फिरोजा को 1.5-0.5, सिंदारोव ने नाकामुरा को 2.5-1.5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एजेंसी

**फुटबाल** ला लिगा में सेविला को 4-1 से हराया, रियल मैड्रिड से रह गई दो अंक की दूरी

## बार्सिलोना की जीत से शीर्ष पर त्रिकोणीय हुई होड़

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने एक बार फिर फॉर्म में वापसी कर ली है। स्पेनिश लीग ला लिगा में उसने सेविला पर 4-1 से धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान के लिए होड़ त्रिकोणीय कर दी है। बार्सिलोना इस जीत के साथ 23 मैचों में 48 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

एटलेटिको मैड्रिड इतने ही मैचों में उससे एक अंक ऊपर रहते हुआ दूसरे और रियल मैड्रिड 23 मैचों में 50 अंक के साथ शीर्ष पर है। बार्सिलोना की लीग में यह लगातार तीसरी जीत है। राबर्ट लेवांडोवस्की ने सातवें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई, लेकिन एक मिनट बाद ही रुबेन वर्गास के गोल से सेविला ने बराबरी पा ली। बार्सिलोना ने दूसरे हाफ में जबरदस्त वापसी की और तीन गोल दागकर जीत पक्की कर ली। एजेंसी



जीत के बाद खुशी मनाते बार्सिलोना के लेवांडोवस्की।

### गोल के बाद लोपेज को लाल कार्ड

फर्मिन लोपेज ने 46वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। 55वें मिनट में राफिन्हा ने बढ़त 3-1 कर दी। 62वें मिनट में फर्मिन लोपेज को लाल कार्ड दिखाया गया और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।

*10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद बार्सिलोना क्लब ने अपने हमले नहीं रोके। 89वें मिनट में एरिक गार्सिया ने बार्सिलोना के लिए चौथा गोल किया।*

■ **टोटेनहेम, लिवरपूल एफएए कप से बाहर**

**लंदन।** इंग्लिश एफए कप में लिवरपूल को प्लाईमाउथ के हाथों 0-1 से हार मिली। वहीं, टोटेनहेम हॉटस्पर को एस्टनविला ने 2-1 से हराकर बाहर कर दिया।

■ स्पेनिश फुटबाल की ला लिगा लीग के अन्य मुकाबलों में रियल सोसियोदाद ने एस्पेनयोल को 2-1 से हराया। वहीं, वेलेंसिया ने लेगानीज को 2-0 से परास्त किया।

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी

नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHI/2003/09919

# बिंदास

ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

सेंसर बोर्ड के एतराज के बाद अब फिल्म 'छावा' में 'आमीन' के स्थान पर 'जय भवानी' का प्रयोग किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखा संभाजी का लेजिम डांस तो पहले ही हटाया जा चुका है।

# आमीन नहीं, जय भवानी बोलिए...

## फिल्म 'छावा' में सेंसर बोर्ड ने लगाए कट्स पर कट्स

**खास खबर**



**फिल्म** 'आदिपुरुष' को लेकर अदालतों की खूब फटकार सुनने के बाद से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) दोबारा ऐसी कोई चूक नहीं करना चाहता, जिसके चलते उसकी फिर से बेइज्जती हो, लेकिन इस अतिसतर्कता के चलते भी बोर्ड अक्सर उपहास का पात्र बनने लगा है। ताजा मामला इस शुक्रवार को रिलीज हो रही फिल्म 'छावा' का है। विक्की कौशल इस फिल्म में संभाजी बने हैं। मराठी के चर्चित लेखक रहे शिवाजी सावंत के लिखे उपन्यास 'छावा' पर आधारित इस फिल्म को 'यूए 16प्लस' का प्रमाणन मिला है, लेकिन इसके लिए भी फिल्म में काफी बदलाव करने पड़े हैं। दो घंटे 41 मिनट की इस फिल्म में मुगलों को सीधे निशाना बनाने वाले कई संवाद सेंसर बोर्ड की आपत्तियों के बाद बदल दिए हैं। कुछ गालियां भी म्यूट कर दी गई हैं, लेकिन जिस एक फेरबदल की सबसे ज्यादा चर्चा मुंबई फिल्म जगत में सोमवार को रही, वह है सेंसर बोर्ड का 'आमीन' शब्द पर आपत्ति करना। हिंदी में इसका अर्थ कुछ-कुछ तथास्तु के करीब होता है। सेंसर बोर्ड के एतराज के बाद अब फिल्म में 'आमीन' के स्थान पर 'जय भवानी' का प्रयोग किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखा संभाजी का लेजिम डांस तो पहले ही हटाया जा चुका है, इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने फिल्म से वह दृश्य भी हटवा दिया है, जिसमें मराठा योद्धाओं को साड़ी पहने दिखाया गया था। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म 'छावा' की एडवांस बुकिंग दक्षिण भारतीय राज्यों में खूब धड़ल्ले से हो रही है। समाचार लिखे जाने तक फिल्म की करीब पौने तीन करोड़ रुपये की टिकटें एडवांस में बिक चुकी थीं और इसमें से आधी से ज्यादा टिकटें तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक के दर्शकों ने खरीदी थीं। उत्तर प्रदेश के दर्शकों से ज्यादा टिकटें त्रिपुरा के दर्शकों ने खरीदी हैं।

## क्रिस्टोफर हिचेन्स की याद में रेस्तरां



'जो कुछ भी बिना सबूत के साबित किया जा सकता है, वह सब कुछ बिना सबूत के खारिज भी किया जा सकता है।' यह लाइन है मशहूर ब्रिटिश लेखक और पत्रकार क्रिस्टोफर हिचेन्स की, जिनकी याद में मशहूर प्रोडक्शन डिजाइनर अपर्णा सूद ने मुंबई में अपने नए रेस्तरां का नामकरण किया है।

कंगना रनौत, शिल्पा शेट्टी, मौनी रॉय और सनी लियोन के रेस्तरां कारोबार के बारे में आपने खूब पढ़ा होगा, लेकिन यहां अलहदा बात यह है कि अपर्णा के रेस्तरां में पेट पूजा के साथ-साथ सरस्वती पूजा भी होती है। जी हां, मुंबई में हिचेन्स की याद में खुले इस रेस्तरां की इन दिनों खूब चर्चा है, जहां तकरीबन हर सप्ताहांत कोई न कोई ऐसा आयोजन होता दिखता है, जिसमें ग्लैमर के साथ-साथ ज्ञान का तड़का भी होता है। अपर्णा के साथ इस रेस्तरां में उनके पति निर्माता राकेश सिंह भी भागीदार हैं, जो हॉलीवुड फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज' के लिए काम कर चुके हैं।

फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने फिर से रिलीज होने के पहले वीकएंड में करीब 15 करोड़ रुपये कमाए हैं। उधर, क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टेलर' ने भी करीब नौ करोड़ रुपये की रकम री-रिलीज के पहले सप्ताहांत में जुटा ली।

## नए स्टार किड्स पर भारी हर्षवर्धन का रिपीट रन

**टिकट खिड़की**




**सिनेमाघरों** में इन दिनों जनता की बेहद मांग पर घटी दरों पर फिर से रिलीज हो रही फिल्मों का जादू खूब चल रहा है। हर्षवर्धन राणे की नौ साल पुरानी फिल्म 'सनम तेरी कसम' की 15 करोड़ रुपये की कमाई ने कुछ तो संकेत दिए हैं कि दर्शक सिनेमाघरों में क्या देखना चाहते हैं, इसके पहले 'ये जवानी है दीवानी' ने भी दोबारा रिलीज पर अच्छी कमाई की थी। बीते हफ्ते रिलीज दोनों फिल्मों 'लवयापा' और 'बैडएस रविकुमार' से से ज्यादा कमाई 11 साल बाद फिर से रिलीज हुई क्रिस्टोफर नोलन की अंग्रेजी फिल्म 'इंटरस्टेलर' ने की है। 'इंटरस्टेलर' ने रिलीज के पहले तीन दिनों में करीब नौ करोड़ रुपये कमाए हैं। इसी अवधि में आमिर खान के बेटे जुनैद और बोनी कपूर की बेटी खुशी की सिनेमाघरों की डेब्यू फिल्म 'लवयापा' ने सिर्फ साढ़े चार करोड़ रुपये कमाए। शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' रिलीज के 10 दिनों में सिर्फ 31.75 करोड़ रुपये कमा पाई। बीते हफ्ते रिलीज तेलुगु फिल्म 'तंडेल' ने रिलीज के पहले तीन दिनों में 35.85 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का हिंदी संस्करण ढंग से रिलीज ही नहीं हो पाया। तमिल फिल्म 'विदामुयर्ची' बीते हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों में सिर्फ चार दिन में 62.75 करोड़ रुपये कमाकर सबसे आगे रही। अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काईफोर्स' को लेकर फिल्म ट्रेड में सीधे-सीधे दो गुट बन गए हैं। एक गुट का कहना है कि फिल्म की कमाई के इसकी निर्माण कंपनी से जारी किए गए आंकड़े ठीक नहीं हैं। प्रचलित आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 17 दिन में 109.80 करोड़ की कमाई की।

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ●●
वर्ष 22 । अंक 304 । पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये


# अमर उजाला


नई दिल्ली
मंगलवार, 11 फरवरी 2025
माघ शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081


 स्टील व एल्युमीनियम पर ट्रंप का टैरिफ, भारतीय निर्यातकों पर भी असर...14 दिल्ली-एनसीआर






## एशिया के सबसे बड़े एयरो-शो में दुनिया ने देखी भारत की ताकत

**एयरो इंडिया-2025**

**बंगलूरू।** एशिया के सबसे बड़े एयरो-शो एयरो इंडिया-2025 में दुनिया ने रक्षा क्षेत्र में भारत की ताकत देखी। बंगलूरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर शुरू हुए इस शो में राफेल, सुखोई, तेजस और सूर्य किरण जैसे लड़ाकू विमानों ने जमीन से आसमान तक अपनी गर्जना से ताकत का अहसास कराया। 14 फरवरी तक चलने वाले इस शो में वायुसेना की क्षमताओं का प्रदर्शन होगा। तेजस ने हवा में 360 डिग्री चक्कर लगाया और सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग बिखेरे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस शो का उद्घाटन करते हुए इसे पराक्रम का महाकुंभ करार दिया। एजेंसी >> राजनाथ बोले- बेहतर विश्व के लिए सशक्त भारत जरूरी : पेज 15

## अपराध में दोषी करार कैसे बन सकता है सांसद

### सुप्रीम कोर्ट ने दोषी नेताओं पर आजीवन रोक पर केंद्र व आयोग से मांगा जवाब, कहा-राजनीति का अपराधीकरण बड़ा मुद्दा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजनीति के अपराधीकरण को बड़ा मुद्दा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आपराधिक मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद कोई व्यक्ति सांसद कैसे बन सकता है। शीर्ष अदालत ने आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए लोगों के संसद और विधानसभाओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से तीन सप्ताह में जवाब मांगा।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा, एक बार जब कोई राजनेता दोषी ठहराया जाता है और दोषसिद्धि बरकरार रहती है तो वह संसद और विधानमंडल में कैसे वापस आ सकता है? इसका जवाब देना होगा। इसमें हितों का टकराव भी स्पष्ट है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से भी इस मुद्दे पर निर्णय लेने में मदद करने के लिए कहा।

वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर आवेदन पर सुनवाई कर रही अदालत ने महसूस किया कि चुनाव आयोग ने जरूर विचार किया होगा और अदालत के समक्ष जो कुछ भी पेश किया गया है, उससे बेहतर समाधान भी पाया होगा। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह मामला जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 और 9 की सांविधानिक वैधता से जुड़ा है, इसलिए अटॉर्नी जनरल को समाधान बताना चाहिए।

**मुख्य याचिका सीजेआई को भेजी**

पीठ ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए उपाध्याय की ओर से दायर मुख्य याचिका को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भेज दिया, ताकि इसे बड़ी पीठ के समक्ष रखा जा सके, क्योंकि इस मामले की सुनवाई पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ कर चुकी है। उपाध्याय ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधान, विशेष रूप से धारा 8 और 9 की वैधता को चुनौती दी है। आवेदन में मौजूदा सांसदों सहित दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है, जबकि वर्तमान में छह साल का प्रतिबंध है।

**तीन गुर्गों की गिरफ्तारी से खुलासा**

## विदेश में बैठे आतंकी रच रहे पंजाब को दहलाने की साजिश



**अमृतसर।** विदेश में बैठे आतंकी जीवन फौजी और हैप्पी पासियां पंजाब में बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, रविवार देर रात हवाईअड्डे के पास मुठभेड़ के बाद पकड़े गए इन आतंकियों के तीन गुर्गों ने पूछताछ में यह खुलासा किया। आरोपियों लवप्रीत सिंह, करणदीप सिंह व बूटा सिंह से एके-47, कुछ कारतूस और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। यह हथियार उन्होंने पाकिस्तान से मंगवाए गए थे। संवाद

## पंजाब के आप विधायकों की आज दिल्ली में बैठक

**चंडीगढ़।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद पंजाब की सियासत का रुख बदलना शुरू हो गया है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की दिल्ली में मंगलवार को बैठक बुलाई है। केजरीवाल कपूरथला हाउस में सुबह 11 बजे विधायकों को संबोधित करेंगे। कुछ नाराज विधायक भी उनके सामने अपनी बात रखेंगे। वहीं, बदले सियासी घटनाक्रम के बीच भाजपा व कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बैठक के बहाने पंजाब में सीएम भगवंत मान को बदलने की तैयारी हो रही है। >> पेज 2

# आरक्षण मौलिक अधिकार नहीं, राज्य मनमानी नहीं कर सकते : शीर्ष कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सरकारी नौकरियों में मनमानी से समानता के मौलिक अधिकार की जड़ों पर असर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामले में कहा कि आरक्षण का दावा करना भले ही मौलिक अधिकार नहीं है, पर इसका मतलब यह नहीं है कि राज्य को मनमाने या मनमौजी तरीके से कार्य करने की अनुमति है। अगर कोई राज्य आरक्षण नहीं देने का निर्णय करता है, तो यह तथ्यों व वैध तर्क पर आधारित होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष कोर्ट ने कहा, सरकारी नौकरियों में मनमानी से समानता के मौलिक अधिकार की जड़ों पर असर होता है। सरकारी नौकरी की प्रक्रिया हमेशा निष्पक्ष, पारदर्शी और संविधानसम्मत होनी चाहिए।

जस्टिस पंकज मिथल व जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने झारखंड के पलामू में चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती के लिए 29 जुलाई, 2010 को जारी विज्ञापन को स्थापित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन करार दिया। पीठ ने कहा, विज्ञापन में कुल पदों की संख्या, आरक्षित व सामान्य कोटे के पदों की संख्या का उल्लेख नहीं था। कोर्ट ने कहा कि किसी भर्ती विज्ञापन में सामान्य, आरक्षित और अनारक्षित सीटों की कुल संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं है, तो वह पारदर्शिता की कमी के कारण अमान्य व अवैध है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, चूंकि अपीलकर्ता कर्मचारी का चयन और नियुक्ति ही कानून की दृष्टि में अमान्य थी, इसलिए हाईकोर्ट ने चयनित उम्मीदवारों का नया पैनल बनाने का निर्देश देकर कोई गलती नहीं की। कोर्ट ने अपीलकर्ता कर्मचारी अमृत यादव की याचिका खारिज कर दी। याचिका में दावा किया गया था कि उसकी सेवा को प्रभावित करने वाले निर्देश जारी करने से पहले न तो उसे पक्षकार बनाया गया और न ही उसकी बात सुनी गई। कोर्ट ने कहा कि एक बार जब नियुक्ति प्रक्रिया को अमान्य घोषित किया जाता है, तो ऐसी नियुक्ति प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए की गई हर कार्रवाई भी अवैध है।

**समानता के अधिकार का उल्लंघन न्यायिक जांच के लिए उत्तरदायी**

सरकारी रोजगार संविधान की ओर से राज्य को सौंपा गया एक कर्तव्य है। इसलिए यह जरूरी हो जाता है, सार्वजनिक रोजगार से जुड़े मामले में राज्य अनुच्छेद-14 और 16 की मूल भावना को नजरअंदाज न करें। सरकारी रोजगार में मनमानी समानता के मौलिक अधिकार की जड़ तक जाती है।



*राज्य आम जनता के साथ-साथ भारत के संविधान के प्रति भी जवाबदेह है, जो हर व्यक्ति के साथ समान व निष्पक्ष व्यवहार की गारंटी देता है।* इसलिए सार्वजनिक रोजगार प्रक्रिया हमेशा निष्पक्ष, पारदर्शी व संविधान की सीमाओं में होनी चाहिए। हर नागरिक का मौलिक अधिकार है कि निष्पक्ष व्यवहार हो, जो अनुच्छेद-14 के तहत समानता के अधिकार का अंग है। इसका उल्लंघन न्यायिक जांच के साथ आलोचना के लिए भी उत्तरदायी है।

भर्ती विज्ञापन में आरक्षित व अनारक्षित सीटों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। अगर राज्य कोटा देना नहीं चाहता, तो उस निर्णय का विज्ञापन में पर्याप्त के साथ उल्लेख हो।

## सोने की कीमत ₹2,430 बढ़ी 88,500 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

### ट्रंप के नया शुल्क लगाने की घोषणा से उछला सोना

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी का नया शुल्क लगाने की घोषणा से सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 2,430 रुपये महंगा होकर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। चांदी भी 1,000 रुपये महंगी होकर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई।

सराफा कारोबारियों ने कहा, ट्रंप की घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सोना 2,900 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया। इसका असर घरेलू कीमतों पर भी आया। इसके अलावा, रुपये में गिरावट के बीच आभूषण निर्माताओं व खुदरा कारोबारियों की भारी खरीदारी से भी सोने की कीमतों को समर्थन मिला। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, व्यापार युद्ध की चिंताएं बढ़ने से निवेशक जोखिम वाली परिसंपत्तियों की जगह सुरक्षित निवेश के लिए सोने में धन लगा रहे हैं। मौजूदा स्थितियों में अनुमान है कि वैश्विक बाजार में सोना इस साल 3,000 डॉलर प्रति औंस का स्तर छू सकता है। ब्यूरो

**चांदी 1,000 रुपये महंगी, 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची**

**9,550 रुपये बढ़े सोने के दाम इस साल**

**सोने की कीमत इस साल अब तक 9,550 रुपये या 12.09% बढ़ी है।**

- 31 दिसंबर, 2024 को कीमत 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो 10 फरवरी को बढ़कर 88,500 रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। >> कारोबार

## सोने की नीलामी के नियम तोड़े तो बैंकों पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि उधारकर्ता के गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहने पर अगर बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां सोने की नीलामी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करती हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। >> संसद का बजट सत्र : पेज 9


Hero

समझौता नहीं,
सिर्फ़ नई HF-Deluxe



HF Deluxe सेल्फ स्टार्ट की शुरुआती कीमत
₹59,998* नई एक्स-शोरूम कीमत
₹69,999* नई ऑन-रोड कीमत

किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

बेमिसाल माइलेज XSENS FI | बेजोड़ मज़बूती कर्ब वेट 112 किलो | दमदार पावर 5.9 kW | USB चार्जर# | कम मेंटेनेंस खर्च | कम डाउन पेमेंट ₹1999^

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | आधार कार्ड पर^ लोन और कैश EMI | Suvidha नकद में किश्त का भुगतान करें

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #USB charger is available as an accessory. *Ex showroom price of HF Deluxe Canvas in Delhi.

टोल फ्री 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero– 9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, Pushta Kartar Nagar - Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden - RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur - Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini) - Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar - Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT – 7217627327 Gurgaon: Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad): 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248, Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089, Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58: 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123 Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahar: Shri Durga Hero, Delhi Road, 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road, 9289922410

VML.5794.2025HIN




# पंजाब के आप विधायक रखेंगे केजरीवाल के सामने अपनी बात

## भाजपा व कांग्रेस का दावा, सीएम भगवंत मान को बदलने की तैयारी

**चंडीगढ़।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की करीरी हार के बाद पंजाब की सियासत का रुख बदलना शुरू हो गया है। इस बीच आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों के साथ दिल्ली में मंगलवार को बैठक बुलाई है।

केजरीवाल कपूरथला हाउस में सुबह 11 बजे विधायकों को पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुमंत्र देंगे। वहीं, कुछ नाराज विधायक भी उनके सामने अपनी बात रखेंगे। वहीं, बदले राजनीतिक घटनाक्रम के बीच भाजपा और कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इस बैठक के बहाने पंजाब में सीएम भगवंत मान को बदलने की तैयारी हो रही है। वहीं, भाजपा के हरजीत सिंह ग्रेवाल ने भी कहा है मुख्यमंत्री भगवंत मान को पद से हटाए जाने की जमीन तैयार की जा रही है। **हार पर मंथन :** अमन अरोड़ा पंजाब के पार्टी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा का कहना है कि दिल्ली में यह बैठक विधानसभा चुनाव में पंजाब के मंत्रियों और विधायकों को दी गई जिम्मेदारी, हार के कारणों और कमियों पर मंथन को लेकर बुलाई गई है।

### केजरीवाल से अलग से मुलाकात करेंगे



पार्टी के अमृतसर, जालंधर, लुधियाना के अलावा खासकर बॉर्डर बेल्ट के कई विधायक ऐसे हैं, जो सीएम भगवंत मान से लंबे अरसे से नाराज चल रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार 17 से 18 के करीब ये नाराज विधायक संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ अलग से भी मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, समय-समय पर नाराज ये विधायक अपने मन की बात केजरीवाल के कानों तक पहुंचाते रहे हैं। सरहदी इलाके से और अमृतसर से दो विधायकों ने अमर उजाला से बातचीत में नाम न लिखे जाने की शर्त पर बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सीएम को बदले जाने की बात अफवाह नहीं थी, उस समय भी पार्टी के कई विधायकों ने दिल्ली जाकर केजरीवाल के सामने प्रदेश में लोगों के बीच बन रही अलग-अलग धारणाओं का जिक्र किया था, जिसके बाद सियासी गलियारों में विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और यहां तक की कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को ही सीएम की कुर्सी पर बैठाने की चर्चा सामने आई थी।

पार्टी के ही कुछ विधायकों का कहना है कि सीएम मान के साथ सभी को दिल्ली तलब करने के पीछे पंजाब में आप की हुकूमत को बरकरार रखने के लिए केजरीवाल गुरुमंत्र देंगे।

**हार का ठीकरा पंजाब के मंत्रियों के सिर :** सूत्रों की मानें तो बैठक में अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार का ठीकरा पंजाब के मंत्रियों के सिर फोड़कर प्रदेश की सियासत में अपने वर्चस्व को बरकरार रखने चाहते हैं। रोचक बात यह है कि दिल्ली में मंगलवार को कपूरथला हाउस में विधायकों के साथ बैठक से पहले कुछ विधायक सोमवार दोपहर और 10 से 12 विधायक देर शाम दिल्ली पहुंच गए थे। कई विधायक केजरीवाल से संपर्क करने में जुटे हैं, माना जा रहा है आने वाले दिनों में पार्टी में अच्छा काम करने वाले विधायकों और दिल्ली चुनाव में जिन 22 सीटों पर आप जीती है, उन सीटों की जिम्मेदारी जिन मंत्री और विधायकों को दी गई थी, उन्हें नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। ब्यूरो

### बाजवा बोले-आप के 30 से ज्यादा विधायक कांग्रेस के संपर्क में

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में होने वाली बैठक से पहले विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से राजनीति गरमा गई है। बाजवा ने कहा है कि आप के 20 से ज्यादा विधायक उनके संपर्क में हैं। वह आप की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। किसी भी समय आप का दामन छोड़ सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि पंजाब में भगवंत मान को सीएम पद से हटाने के लिए तैयारी की जा रही है। इसके लिए केजरीवाल जमीन तैयार कर रहे हैं और मंगलवार को पार्टी दिल्ली में होने वाली विधायकों की बैठक भी उसी का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि भगवंत मान के अकुशल नेतृत्व में पंजाब में आप सरकार महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये देने, खनन से सालाना 20,000 करोड़ रुपये जुटाने, कानून व्यवस्था में सुधार और नशीली दवाओं के खतरे और भ्रष्टाचार को समाप्त करने सहित अपने वादों को पूरा करने में बुरी तरह विफल रही है, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद पहले से ही दांव पर है। कैबिनेट की बैठक दोबारा टालने पर आप सरकार की आलोचना करते हुए बाजवा ने कहा कि पंजाब में कैबिनेट की आखिरी बैठक पांच अक्टूबर को हुई थी। आम आदमी पार्टी के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि दूसरी पार्टी के विधायक तो दूर, बाजवा के खुद के पार्टी के विधायक उनके संपर्क में नहीं है। कांग्रेस में खुद गुटबाजी इतनी हावी है कि पंजाब में आज कांग्रेस की हालत पतली हो गई है। कांग्रेस के खुद के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। बाजवा को जवाब देना चाहिए। ब्यूरो

### आज के कार्यक्रम

**संगीत**
- अर्पणा फाइन आर्ट गैलरी आरग-ए-शाम का शाम चार बजे से लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।

**प्रदर्शनी**
- **इंडिया हैबीटेट सेंटर :** शाम सात बजे से विजय कौशिक की मूर्तियों की प्रदर्शनी।

**स्टैंड अप कॉमेडी**
- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** दोपहर एक बजे कॉमेडियन अंकित राघव की ओर से स्टैंड अप कॉमेडी की प्रस्तुति।

**नृत्य**
- **सिरी फोर्ट :** दोपहर तीन बजे से प्रगति आर्ट की ओर से नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

# यूपीएससी अभ्यर्थियों की मौत के मामले में सीईओ को जमानत

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** अदालत ने जुलाई 2024 में ओल्ड राजेंद्र नगर में अध्ययन केंद्र के बेसमेंट में तीन यूपीएससी अभ्यर्थियों की मौत से जुड़े मामले में राऊ के आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता को नियमित जमानत दे दी है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने गुप्ता को एक लाख रुपये के निजी मुचलके व एक अन्य जमानत राशि पर जमानत दी है और उन्हें दिल्ली लीगल सर्विस अथॉरिटी के पास 25 लाख रुपये जमा करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।

यह मामला जुलाई 2024 में ओल्ड राजेंद्र नगर में आरएयू के आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में यूपीएससी के तीन उम्मीदवारों की मौत से जुड़ा है। गुप्ता के वकील ने कहा कि वह दिल्ली लीगल सर्विस अथॉरिटी को स्वेच्छा से 25 लाख रुपये का योगदान देने के लिए तैयार हैं। हालांकि, सीबीआई ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं का विरोध किया। अभिषेक गुप्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2.5 करोड़ रुपये की वित्तीय स्थिति को अलग रखा गया है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि जांच पूरी हो गई है और सीबीआई द्वारा चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। वह 23 सितंबर 2024 से अंतरिम जमानत पर हैं।

# एम्स में बायोमेडिकल वेस्ट का निपटान होगा आसान, दूर होगी समस्या

### केंद्रीय मंत्री ने एम्स में शुरू किया बायोमेडिकल वेस्ट कन्वर्जन रिग सृजनम

**नई दिल्ली।** एम्स में बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान की समस्या दूर होगी। इसके लिए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एम्स में बायोमेडिकल वेस्ट कन्वर्जन रिग सृजनम का शुभारंभ किया। इसे सीएसआईआर-एनआईआईएसटी, तिरुवनंतपुरम ने विकसित किया है। यह पूरी तरह से स्वचालित प्रणाली है।

इसमें खतरनाक बायोमेडिकल अपशिष्टों के साथ-साथ प्रयोगशाला के डिस्पोजेबल अपशिष्टों को आसानी से नष्ट किया जा सकेगा। इस सुविधा से एम्स में प्रतिदिन 400 किलोग्राम अपशिष्ट को नष्ट किया जा सकेगा। शुरुआती दौर में 10 किलोग्राम प्रतिदिन तक अपघटनीय चिकित्सा अपशिष्ट को नष्ट किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह पर्यावरण के अनुकूल है। सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन ने कहा कि यह जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक बहुत ही सुरक्षित, कुशल समाधान की संभावना प्रदान करता है। एम्स के निदेशक डॉ. (प्रो.) एम श्रीनिवास ने कहा कि यह बायोमेडिकल कचरे के निपटान की समस्या को दूर करने में मदद करेगा। ब्यूरो

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान व उनके समर्थकों पर मामला दर्ज

## आरोप है कि विधायक व समर्थकों ने पुलिस की गिरफ्त से बदमाश को छुड़ाया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान व उनके समर्थकों के खिलाफ सोमवार को पुलिस टीम पर हमला करने, दंगा भड़काने और सरकारी काम में बाधा डालने आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई अपराध शाखा की टीम की गिरफ्त से हत्या के प्रयास के आरोपी शाबाज खान को छुड़ाने पर की गई है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया

### पुलिस पहुंची घर, नहीं मिले विधायक, इलाके में तनाव

कि पुलिस टीम देर शाम को पूछताछ करने विधायक के घर गई थी, लेकिन वह नहीं मिले। दरअसल अपराध शाखा की टीम जामिया नगर में बदमाश को पकड़ने गई थी। विधायक की मौजूदगी में पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली गई।

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे की टीम पर हमला कर हत्या के प्रयास के आरोपी को छुड़ा लिया गया। विधायक भी उस समय वहां मौजूद थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में देर रात तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान ने 23 हजार से ज्यादा के अंतर से जीत दर्ज की। यहां उन्होंने भाजपा के मनीष चौधरी को हराया। मनीष को कुल 65304 वोट मिले, अमानतुल्लाह को कुल 88943 वोट मिले।

### रविदास जयंती पर रहेगी छुट्टी

**नई दिल्ली।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 12 फरवरी (बुधवार) को सार्वजनिक छुट्टी का एलान किया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी की गई है। आदेश के तहत दिल्ली सरकार के सभी सरकारी दफ्तर, स्वतंत्र निकाय व सार्वजनिक उपक्रमों के दफ्तरों में अवकाश रहेगा। ब्यूरो

### आचार संहिता हटी शुरू होंगे विकास कार्य

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से राजधानी में लागू आदर्श आचार संहिता सोमवार से हट गई है। अब दिल्ली में विकास कार्य तेजी से शुरू हो सकेंगे। नई योजनाओं का भी उद्घाटन हो सकेगा। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने सात जनवरी को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उसी दिन से दिल्ली में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई थी। ब्यूरो

### थेरेपी सेंटर की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी ने मालवीय नगर पुलिस कॉलोनी में थेरेपी सेंटर, स्मिता की पहली वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सोनल शाह ने भाग लिया। गृहमंत्री की पत्नी ने ही पिछले साल स्मिता का उद्घाटन किया था। ब्यूरो



बागों में बहार है.... वसंत ऋतु के मध्य शांति पथ पर खिले रंग बिरंगे ट्यूलिप के फूलों के बीच गुनगुनी धूप में खुशनुमा पल को अपने मोबाइल में अलग-अलग अंदाज में कैद करते पर्यटक। भूपिंदर सिंह

# बदला मौसम, साल का सबसे गर्म दिन रहा 10 फरवरी

## सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज, अभी और होगी बढ़ोतरी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में सूरज के तेवर दिन-प्रतिदिन तेज होते जा रहे हैं। गर्मी आने पहले ही लोगों के पसीने छूट रहे हैं। सोमवार का दिन साल का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इससे पहले 31 जनवरी को 27 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक पीतमपुरा में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रिज, लोधी रोड व पालम में अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा। लोगों ने चिलचिलाती धूप में गर्मी का अहसास किया।

लोग धूप से बचने के लिए पेड़ की छांव लेते दिखे। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होनी शुरू हो गई है। हालांकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम 9.7 डिग्री रहा।

### आज भी होगा गर्मी का अहसास

मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान लगाया है। रात में स्मॉग छाने की आशंका है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 28 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फरवरी के मध्य में औसतन तापमान 24 डिग्री-25 डिग्री के आसपास रहता है, लेकिन महीने के अंत तक यह 27-28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

### आज से बेहद खराब श्रेणी में पहुंचेगी हवा

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से लोगों को मंगलवार से बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ सकता है।

**सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 271 किया गया दर्ज**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि अगले दो दिनों तक यह स्थिति रहेगी। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 271 दर्ज किया। सीपीसीबी के अनुसार आनंद विहार, विवेक विहार और सिरी फोर्ट सहित 16 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि नरेला, आया नगर समेत 14 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में रही। वहीं, डीटीयू, बवाना, आईजीआई एयरपोर्ट सहित कई इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा। एनसीआर में फरीदाबाद का एक्यूआई सबसे कम 164 रहा। साथ ही, गाजियाबाद में 172, नोएडा में 192, ग्रेटर नोएडा में 204 और गुरुग्राम में 230 एक्यूआई रहा। सोमवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलीं। ब्यूरो

# अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों का होगा निर्वासन

## द्वारका जिला पुलिस ने की अवैध रूप से रह रहे 16 विदेशी नागरिकों की पहचान, प्रक्रिया शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे 16 विदेशी नागरिकों की पहचान की गई है। द्वारका जिला पुलिस ने जनवरी माह में ऐसे 16 विदेशी नागरिकों की पहचान की है। पुलिस ने पहचान किए गए नागरिकों की निर्वासन प्रक्रिया शुरु कर दी है। पहचान किए गए नागरिकों में नौ नाइजीरिया और पांच बांग्लादेश के रहने वाले हैं।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त

### पकड़े गए लोगों में नौ नाइजीरिया और पांच बांग्लादेशी निर्वासन की प्रक्रिया शुरु

अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका पुलिस जिला में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करती रहती है। पुलिस ने इस साल जनवरी माह में भी ऐसे 16 विदेशी नागरिकों की पहचान की है, जो अवैध रूप से द्वारका इलाके में रह रहे थे। जनवरी माह में उत्तम नगर थाना पुलिस ने पांच, स्पेशल स्टाफ ने पांच और नारकोटिक्स सेल ने छह नागरिकों की पहचान की है। इनमें नौ नाइजीरिया, पांच बांग्लादेश एक गिनी और एक उज्बेकिस्तान का रहने वाला है। सभी वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद अवैध रूप से यहां रहते हुए पाए गए। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोहम्मद शरीफ, नजरुल शेख और उसकी पत्नी परवीन और इनके दो बच्चों के रूप में हुई है।

वहीं अन्य नागरिकों की पहचान नाजीरिया निवासी इकेचुकु पॉल, एकेन बोनिफेस एकवीलर, इबुका डेसमंड अकुचुकु, ओमोदु, इजुका इमैनुएल नवाकोनोबी, एकवेबिली विक्टर, जोनाथन एग्बुनिके ओकोये, स्टेनली चियालुका मबामारा और अल्फ्रेड सैकी के रूप में हुई है। वहीं उज्बेकिस्तान निवासी की पहचान गुलिस्टन मत्योकुबोवा और गिनी निवासी फतौमाता काबा के रूप में हुई है। सभी को विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) में समक्ष पेश किया गया। जहां से सभी के निर्वासन के आदेश दिए गए हैं।

# वक्फ विधेयक का जमात-ए-इस्लामी हिंद ने किया विरोध

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ पर जेपीसी के विरोध पर जमात-ए-इस्लामी हिंद ने वक्फ संशोधन विधेयक-2024 के जरिये वक्फ की जमीन को लेने के प्रयास का विरोध किया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर ने कहा कि वह इसके लिए कानूनी प्रक्रिया को अपनाएंगे।

एक प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 में धार्मिक और संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा है। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद इसका विरोध करती है। उन्होंने दावा किया कि इस विधेयक का उद्देश्य सुधार के नाम पर वक्फ संपत्तियों पर नियंत्रण हासिल करना है।




प्रो. सलीम इंजीनियर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए । अमर उजाला

# एमसीडी 13 फरवरी को पेश करेगी बजट अनुमान

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की ओर से 13 फरवरी को बजट अनुमान पेश किया जाएगा। यह लगातार तीसरा ऐसा साल होगा जब निगम बजट की तय प्रक्रियाओं का पालन न करके बजट सीधे सदन से पारित होगा।

निगम के महापौर महेश कुमार ने बजट पेश करने के लिए 13 तारीख को सदन की बैठक बुलाने की मंजूरी दे दी है। निगमायुक्त अश्विनी कुमार 13 फरवरी को वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट अनुमान और 2025-26 के बजट अनुमानों को सदन में पेश करेंगे। निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने तय नियमों के तहत 10 दिसंबर तक निगम का बजट स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन होने की वजह से बजट स्थायी समिति को भेज दिया था। अभी तक समिति का गठन न होने की वजह से निगम ने एलजी से अब सीधे सदन में निगमायुक्त द्वारा बजट पेश करने की मंजूरी मांगी थी। करीब 16000 करोड़ के निगम बजट में कोई भी नया टैक्स लगाने का प्रावधान नहीं किया गया है। निगम के अधिकारियों की माने तो निगम आगामी वित्तीय वर्ष के लिए करों, दरों और उपकरों की अनुसूची पर भी विचार करेगा। 13 फरवरी को होने वाली आगामी बैठक में अन्य प्रमुख क्षेत्रों के अलावा स्वच्छता, सड़क रखरखाव, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए धन आवंटन पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

### 22 पार्षदों ने लड़ा विधानसभा चुनाव

दिल्ली नगर निगम में 22 एमसीडी पार्षदों ने चुनाव लड़ा। भाजपा के 48 विधायकों में पार्षद रविंदर नेगी (पटपड़गंज), रेखा गुप्ता (शालीमार बाग) और शिखा रॉय (ग्रेटर कैलाश) भी शामिल थे। वहीं आप के तीन पार्षद पुनर्दीप साहनी (चांदनी चौक), प्रेम चौहान (देवली) और आले मोहम्मद इकबाल (मटिया महल) भी शामिल हैं। विधानसभा चुनाव के बाद एमसीडी में भाजपा के 112 पार्षद, आप के 119 पार्षद और कांग्रेस के 8 पार्षद है।

सेहत

**आरएमएल अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक जल्द शुरू होगा**

# दिल में छेद की समस्या होगी दूर, बच्चा नहीं पड़ेगा नीला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बच्चों के दिल में छेद, दिल से फेफड़ों तक जाने का रास्ता बंद होना और दिल की मुख्य धमनी का रास्ता बंद होने का इलाज अब आसान होगा। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ऐसे बच्चों की सर्जरी की सुविधा बढ़ेगी। अस्पताल में हर साल ऐसे करीब 300 बच्चों की सर्जरी हो रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल में तैयार हुआ नया सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक जल्द शुरू होगा। इस ब्लॉक में कार्डियो सर्जरी के लिए चार ऑपरेशन थियेटर की सुविधा होगी। ओटी की संख्या बढ़ने से सर्जरी की संख्या भी बढ़ेगी। ऐसे में सर्जरी के लिए इंतजार कर रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा ब्लॉक में आईसीयू बेड, कैथ लैब की सुविधा भी बढ़ेगी।

दरअसल, ऐसे बच्चों की पहचान जल्द करने के लिए अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के प्रोफेसर ने बच्चों की जल्द पहचान के कारक बताए। साथ में लक्षणों पर भी चर्चा हुई। सीटीवीएस विभाग के प्रमुख डॉ. विजय ग्रोवर ने बताया कि अस्पताल में हर साल करीब 300 ऐसे बच्चों की सर्जरी होती है। ऐसे बच्चों में दिल में छेद, दिल की मुख्य धमनी का रास्ता न बनना और फेफड़ों तक जाने वाली धमनी बंद होना सहित दूसरी दिक्कतें देखी जाती हैं। यदि ऐसे बच्चे समय पर अस्पताल आ जाते हैं और समय पर सर्जरी हो जाती है तो 70 फीसदी बच्चे सामान्य जिंदगी जी सकते हैं। उनका कहना है कि बच्चों के दिल में छेद को कंजेनिटल हार्ट डिफेक्ट कहते हैं। यह जन्मजात हृदय रोग है। इसके अलावा जल्दी के दौरान बच्चे के कुछ अंग भी पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाते, जिसके लिए सर्जरी करनी पड़ती है।

### बिना ऑपरेशन के भी बंद हो सकता है छेद

डॉक्टरों ने बताया कि कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जिनके दिल का छेद बिना सर्जरी किए भी बंद कर सकते हैं। अस्पताल में ऐसी सुविधाएं हैं। ऐसे बच्चों के दिल के छेद की पहचान कर सर्जरी प्लान की जाती है। वहीं दूसरे बच्चों की सर्जरी ओपन करके की जाती है। यह सामान्य सर्जरी की तरह ही है। इसमें गंभीरता होने की आशंका कम रहती है। अस्पताल में होने वाली सर्जरी में करीब 30 से 40 फीसदी बच्चे ही होते हैं।

### लक्षणों पर रखे नजर

- समय पर बच्चे का वजन न बढ़ना
- बच्चे के दूध पीने में थक जाना
- दूध पीते समय पसीना आना
- बार-बार निमोनिया आना
- रोने पर नीला पड़ जाना

**ऐसे हो सकती है पहचान**
- ब्लड में ऑक्सीजन लेवल देखकर
- छाती का परीक्षण करके
- ईको जांच से

**यह हो सकती है दिक्कत**
- सांस लेने में दिक्कत
- त्वचा, होंठ और नाखूनों पर नीलापन आना

## अपराध संक्षेप

### जाम में फंसे ऑटो चालक को लूटा, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नशे की लत को पूरा करने के लिए तीन बदमाशों ने ट्रैफिक जाम में फंसे एक ऑटो चालक कृष्णा नगर निवासी अश्वनी को जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल लूट लिया। शिकायत मिलने के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने वारदात में शामिल तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मोबाइल भी बरामद कर लिया। जिला उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि बदमाशों की पहचान सदर बाजार निवासी योगेंद्र, प्रदीप और आरिफ के रूप में हुई है। योगेंद्र पर झपटमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट और मादक द्रव्य के 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रदीप पर झपटमारी और चोरी के दो मामले दर्ज हैं। ब्यूरो

### जन्मदिन मनाने के लिए की लूटपाट, दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** डाबड़ी के एक होटल में दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए चार नाबालिगों ने नितिन नाम के युवक को लूट लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये बदमाशों की पहचान कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से पीड़ित का मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली है। पुलिस भागे दो अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 31 जनवरी की रात डाबड़ी में युवक से मारपीट कर लूटपाट की शिकायत मिली थी। ब्यूरो

### युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर लूटा

**नई दिल्ली।** राज पार्क इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक से बदमाश पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में 1500 रुपये और आधार कार्ड था। पीड़ित को उसके भाई ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पीड़ित की पहचान मंगोलपुरी के क्यू ब्लॉक निवासी राहुल के रूप में हुई है। वह मंगोलपुरी की कतरन मार्केट में कपड़ों की दुकान में काम करता है। राहुल ने पुलिस को बताया कि 7 फरवरी की रात काम खत्म करने के बाद वह पैदल घर आ रहा था। ब्यूरो

### लूटपाट का विरोध करने पर युवक को चाकू मारा

**नई दिल्ली।** पटेल नगर रेलवे स्टेशन के पास लूटपाट का विरोध करने पर चार बदमाशों ने एक युवक की पीठ में चाकू मार दिया। शोर मचाने पर पीड़ित के दोस्त वहां पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश नकदी और मोबाइल लूटकर भाग गए। दोस्त घायल को पास के अस्पताल में लेकर गए, जहां से उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित के बयान पर दिल्ली कैंट रेलवे थाना पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में कर लिया है और हुलिये के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पीड़ित धर्मेंद्र बलजीत नगर में रहता है। वह मजदूरी करता है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 1 फरवरी की रात शास्त्री नगर से काम करने के बाद पटेल नगर पहुंचा, जहां से वह रेलवे ट्रैक पार कर घर की ओर जा रहा था। ब्यूरो

# ऑन डिमांड बच्चा चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस ने ऑन डिमांड बच्चा चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन महिलाओं समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह दिल्ली-एनसीआर में चोरी किए गए बच्चों का ढाई से तीन लाख रुपये में सौदा करते थे।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो बच्चों को सकुशल बरामद किया है। आरोपियों की पहचान न्यू जनता कालोनी, सारण, फरीदाबाद निवासी आरती, इसका पति सूरज, फर्जी वकील निर्मला उर्फ निम्मी और खुद को डॉक्टर बताने वाली नर्स कांता भुजाल उर्फ डॉ. प्रिया के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से बच्चा चोरी की तीन वारदातें सुलझाने का दावा किया है। तीन अन्य वारदातों का भी पता चला है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

रेलवे यूनिट के पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि 21 जनवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के फूड कोर्ट एरिया से चार माह की बच्ची चोरी होने की शिकायत मिली थी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन स्टेशन पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि 16 अक्तूबर 2024 की रात इसी तरह ढाई साल का बच्चा रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ था। इससे पूर्व 31 जुलाई 2023 को तीन साल के एक लड़के को ठीक इसी तरह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चोरी कर लिया गया। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने इस बच्चे को बदरपुर बार्डर के पास से बरामद कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो एक महिला बच्चे को चोरी करते हुए कैद मिली। उसके साथ 13-14 साल का एक और बच्चा था। तीनों मामलों में महिला ने रेलवे स्टेशन के बाहर से ऑटो किया और वह बदरपुर बॉर्डर टोल के पास उतरकर गायब हो गई। वर्ष 2023 और 2024 की घटना के बाद पुलिस बदरपुर बॉर्डर तक तो पहुंची, लेकिन असली आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी।

### ऐसे हुई आरोपियों की पहचान

- 21 जनवरी 2025 की घटना के बाद पुलिस बदरपुर बॉर्डर पहुंची। सबसे पहले टीम ने उस ऑटो का पता किया जिसमें सवार होकर महिला वहां पहुंची थी। ऑटो चालक की तलाश की गई तो उससे एक मोबाइल नंबर मिला। उसके आधार पर पुलिस ने आरती नामक महिला को न्यू जनता कालोनी, सारण, फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके पति सूरज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने पूछताछ के बाद फर्जी वकील निम्मी की जानकारी दी। इसके बाद फर्जी डॉक्टर के बारे में पता चला। पुलिस ने निम्मी और डॉ. प्रिया को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। इनकी निशानदेही पर दो बच्चों को बरामद किया गया। 16 अक्तूबर 2024 को चोरी किया गया बच्चा लोनी गाजियाबाद में एक परिवार के पास से बरामद हुआ। वहीं 21 जनवरी को चोरी की गई बच्ची एक अन्य परिवार के पास से बरामद हुई। इसे 2.90 लाख रुपये में बेचा गया था। इन लोगों ने तीन और बच्चों के अगवा कर बेचने की बात स्वीकार की है।

### आरती चुराती थी बच्चे, डॉ. प्रिया ढूंढती थी ग्राहक

आरती रेलवे स्टेशन के अलावा भीड़ वाले इलाकों से बच्चे चोरी करती थी। बच्चों को फरीदाबाद के मकान पर रखा जाता था। इसका पति सूरज आगे इसकी सूचना दे देता था। पेशे से नर्स डॉ. प्रिया एक आईवीएफ क्लीनिक पर नर्स की नौकरी करती थी। यहां उसे बेऔलाद माता-पिता मिल जाते थे। वह उनको बच्चा गोद दिलाने की बात करती थी। सूरज पैसों की बातचीत करता था। सौदेबाजी होने के बाद निम्मी डील के पेपर तैयार करती थी। निम्मी दिल्ली के 30 हजारी कोर्ट में एक वकील के पास मुंशी का काम करती है। वह खुद को वकील बताती थी।

**दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार : नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से चार बाइक और एक स्कूटी बरामद की गई है। बदमाश की पहचान दरियापुर कलां गांव निवासी यश कुमार के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि वाहन चोरी निरोधक शाखा को नौ फरवरी की रात को दरियापुर गांव के रहने वाले एक बदमाश के सेक्टर 35 रोहिणी इलाके में वारदात को अंजाम देने के लिए आने की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। ब्यूरो






# रुपये नहीं, एटीएम ही उखाड़ कर ले जाते थे बदमाश

## पैसे निकालकर सूखे कुएं में फेंक दिया एटीएम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वजीराबाद इलाके में एटीएम उखाड़कर लूटपाट करने वाले गिरोह का पुलिस ने परदाफाश किया है। इन लोगों ने न केवल एटीएम उखाड़ा, बल्कि उससे नकदी निकालकर मशीन को कुंए में फेंक दिया। इसके बाद घास-फूस डालकर उसे ढंक दिया। पुलिस ने गिरोह के दो बदमाशों नदीम व समीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 47500 रुपये और मेवात में एक कुएं से एटीएम मशीन बरामद कर ली है।


इसी कुएं में फेंका था एटीएम। अमर उजाला

अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि एक्सिस बैंक के नियंत्रण कक्ष को दिल्ली के वजीराबाद में स्थित एटीएम में किसी समस्या का संकेत देने वाला अलर्ट 5-6 फरवरी की रात 3.50 बजे मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो कोई पता चला कि कोई बैंक का एटीएम उखाड़ कर ले गया है। एटीएम मशीन में कुल 29,12,800 रुपये थे। जांच में पता लगा कि आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों के लेंस पर काला पेंट छिड़क कर वारदात को अंजाम दिया है।

जांच में पता लगा कि एटीएम तोड़ने वाले इमरान गिरोह के सदस्य नदीम और समीर नामक दो आरोपियों ने वजीराबाद, दिल्ली में एक्सिस बैंक के एटीएम को लूटा है। पुलिस टीम ने हरियाणा के नूंह में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

### वारदात के लिए दिल्ली से चुराई कार

पूछताछ के दौरान आरोपी नदीम और समीर ने खुलासा किया कि 5-6 फरवरी को मध्य रात्रि में उनके साथियों मुबारिक और डेविड उर्फ बिल्ला मारुति एक्को कार (घटना से दो दिन पहले राहुल द्वारा दिल्ली से चुराई गई) से वजीराबाद, दिल्ली पहुंचे। जबकि नदीम, राहुल, इमरान और समीर ब्रीजा कार (कार मालिक समीर) से वहां पहुंचे। समीर पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वजीराबाद में सड़क पर रुका रहा, जबकि शेष पांच आरोपी मारुति ईको कार से एटीएम की ओर गए। इमरान, मुबारिक और डेविड उर्फ बिल्ला एटीएम तोड़ने गए, जबकि नदीम और राहुल ईको कार में मौजूद रहे। उन्होंने कार की मदद से एटीएम को उखाड़ा और एटीएम को मेवात, हरियाणा ले आए। सभी लोग छह फरवरी को राहुल के गांव अडबर, नूंह, हरियाणा में मिले। वहां उन्होंने गैस कटर की मदद से एटीएम को काटा और एटीएम से लगभग 29 लाख रुपए निकालकर आपस में बांट लिए।

### बीटेक/बीएससी की डिग्री ले रखी है

गांव रूपराका, नूंह, हरियाणा निवासी नदीम ने 2016 में एमबीएन यूनिवर्सिटी, पलवल, हरियाणा से बी-टेक की है। उसने कभी नौकरी की कोशिश नहीं की। 2017 में वह गांव इंदाना, नूंह, हरियाणा निवासी साकिर के संपर्क में आया और अपराध की दुनिया में उतर गया। न्यायिक हिरासत के दौरान उसकी मुलाकात भोंडसी जेल में इमरान से हुई। इसके बाद वह इमरान के गिरोह में शामिल हो गया। उसने अदबर, नूंह, हरियाणा निवासी राहुल से मिलवाया। इसके बाद वह एटीएम चोरी के गिरोह में शामिल हो गया और दिल्ली के वजीराबाद में एटीएम लूट की वारदात को अंजाम दिया। वह दिल्ली और हरियाणा में 5 मामलों में शामिल है। हरियाणा के नूंह के नल्हड़ गांव निवासी समीर ने 2021 में उसने अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी धौज फरीदाबाद हरियाणा से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उसने 2022 से 2024 तक नूंह में एक कंपनी में नौकरी की। दिसंबर 2024 में वह नदीम के संपर्क में आया।

# प्रेमिका की शादी तय होने से निराश युवक ने फंदा लगाया

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट इलाके में प्रेमिका की कहीं और शादी तय होने से निराश युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त जरियापुर, कन्नौज यूपी निवासी मोहम्मद सिराज के रूप में हुई है।

पुलिस को फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के बाद पता चला कि खुदकुशी से पहले सिराज का अपने रूम पार्टनर से झगड़ा हुआ था। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि चार साल पहले सिराज काम की तलाश में दिल्ली आया था। तुर्कमान गेट में उसने बेकरी में काम शुरू किया। बाद में साथ में ही काम करने वाले मुबीन के साथ एक कमरे में रहने लगा। रविवार रात पुलिस को खबर मिली कि युवक ने फंदा लगा लिया है। पुलिस तुर्कमान गेट मार्केट स्थित उनके कमरे पर पहुंची तो सिराज फंदे से लटका मिला। मुबीन ने कहासुनी की बात पुलिस को बताई। उसने सिराज के अपने भाई की साली से प्रेम प्रसंग और प्रेमिका की शादी कहीं और तय होने की भी जानकारी दी। ब्यूरो


चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)

पत्रांक : वित्त /547 दिनांक 07.02.2025

**सूचना**

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा जैम पोर्टल पर विभिन्न Life Science Equipments क्रय करने हेतु BOQ निविदा संख्याः GEM/2025/B/5849481 दिनांक 31.01.2025 की अन्तिम तिथि 11.02.2025 के स्थान पर 21.02.2025 समय 12.00 बजे कर दी गयी है।

वित्त अधिकारी








अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com










# मां के साथ संबंधों से नाराज बेटे ने की युवक की हत्या

## गाजीपुर इलाके में वारदात, पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गाजीपुर में रविवार देर रात एक युवक की पत्थर से वार कर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह उसका शव न्यू कोंडली के स्मृति वन के पास मिला।

मृतक की शिनाख्त गांव बड़ागढ़, धूमकोट, पौढ़ी-गढ़वाल, उत्तराखंड निवासी राहुल सिंह बिष्ट (24) के रूप में हुई है। राहुल के एक महिला से संबंध थे। यह बात महिला के नाबालिग बेटे को पसंद नहीं थी। रविवार रात घर छोड़ने के बहाने बेटे ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर स्मृति वन के पास राहुल की हत्या कर दी। बाद में भाग गए। पुलिस ने बाद में दोनों को पकड़ लिया।

### मृतक और नाबालिग की मां पहले एक ही कंपनी में थे गार्ड

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषक धानिया ने बताया कि सोमवार तड़के किसी राहगीर ने स्मृति वन पार्क में शव देखकर पुलिस को खबर दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जेब से मिले कागजातों के आधार पर मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई। राहुल नोएडा की कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था। वह किराये से खोड़ा कॉलोनी में रहता था। 10 दिन पहले उसने गार्ड की नौकरी छोड़ दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस टीम ने राहुल के मोबाइल की सीडीआर के जरिये महिला तक पहुंची। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कई साल पहले राहुल और वह एक साथ एक ही कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड थे। वहां दोनों की दोस्ती हुई। राहुल महिला के घर आने लगा। यह बात उसके 15 साल के बेटे को पसंद नहीं थी। रविवार को नशे में राहुल महिला के घर पहुंचा तो महिला ने बेटे से बाइक से राहुल को घर छोड़ने को कहा। रास्ते में नाबालिग ने दोस्त के साथ मिलकर स्मृति वन पार्क में पत्थर से वार कर राहुल की हत्या कर दी।

## रुपयों के लेनदेन में किशोर को मार डाला

**नई दिल्ली।** सीलमपुर में रविवार देर रात एक किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त अफनान (17) के रूप में हुई है। हत्या की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को भी मौके पर बुला लिया गया। बाद में शव को मोर्चरी भेजा गया।

हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीद से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने हत्या के मामले में दो नाबालिगों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। दोनों ने खुलासा किया कि रुपयों के लेनदेन में वारदात को अंजाम दिया।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि रविवार देर रात गौतमपुरी की गली नंबर-7 में एक किशोर को चाकू मारने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल को अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल पहुंचने पर उसकी मौत की खबर मिली। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि किशोर गौतमपुरी में ही परिवार के साथ रहता था।

अफनान के परिवार में पिता बाबर खान, मां, दो भाई व दो बहनें हैं। अफनान पिता के साथ शादी के कार्ड की प्रिंटिंग का काम करता था। घर के नीचे ही इनका गोदाम है। भाई अनस ने बताया कि अफनान बहन को छोड़ने नबी करीम गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात उसे घर के पास ही चाकू मारने की खबर मिली। परिजन उसे अस्पताल ले गए। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद अफनान का शव परिवार के हवाले कर दिया। ब्यूरो

## 74 किग्रा गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में गांजा आपूर्ति करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 74.180 किलोग्राम गांजा और एक कार बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी पर आबकारी अधिनियम और मादक द्रव्य अधिनियम के सात मामले दर्ज हैं। वह दूसरे राज्यों से गांजे की खेप मंगवाने के बाद दिल्ली व एनसीआर में आपूर्ति करता था। जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने काबुली चौक के पास एक संदिग्ध कार को रोका। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। जिसमें पता चला कि चालक का नाम हरमीत सिंह मलिक है और इलाके में लोग उसे विकास के नाम से पहचानते हैं। कार की तलाशी के दौरान 74 किग्रा गांजा मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर हरमीत सिंह मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। ब्यूरो

Bank of India
Relationship beyond banking
नई दिल्ली एसेट रिकवरी ब्रांच
तीसरी मंजिल, स्टार हाउस, पीवीआर प्लाजा के पीछे, कॉनॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001
फोन : 01123755605 ई–मेल : AssetRecovery.NewDelhi@bankofindia.co.in
शुद्धि पत्र
यह शुद्धिपत्र इस समाचार पत्र में 10.01.2025 को प्रकाशित ई–नीलामी नोटिस के संदर्भ में है, जो 15.02.2025 को आयोजित की जानी है। 15.02.2025 को निर्धारित मेसर्स श्री राज महल ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में संपत्तियों की नीलामी अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण बैंक द्वारा वापस ले ली गई है।
तिथि : 11.02.2025, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹77250 Per 10g *
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

# निष्पक्ष सुनवाई के बिना सेवाओं से नहीं किया जा सकता वंचित : हाईकोर्ट

गौरव बाजपेई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बीएसएफ के सिपाही को सेवाओं से हटाए जाने के समरी सिक्योरिटी फोर्स कोर्ट (एसएसएफसी) के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने पीड़ित सिपाही को दोबारा नियुक्ति देने तथा हटाए जाने की तिथि से लेकर वर्तमान तक के सभी लाभ दिए जाने का भी निर्देश दिया है। बीएसएफ सिपाही परमार महेंद्र कुमार को वर्ष 2017 में सेवा से हटा दिया गया था।

अदालत से

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ याचिकाकर्ता की अपील पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में बताया गया कि याची वर्ष 2008 में बीएसएफ में सिपाही के तौर पर चयनित हुआ था। उसे वर्ष 2017 में एसएसएफसी के आदेश के अनुसार सेवा से निकाल दिया गया।

याचिका में बताया गया कि वर्ष 2016 में छुट्टी पर रहते हुए उसकी कोहनी में चोट लग गई थी। इसका ऑपरेशन अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में हुआ था। ऑपरेशन के बाद याची को मेडिकल चेकअप में शेप-1 श्रेणी में फिट नहीं पाया गया। तब उसे अमृतसर शिफ्ट किया गया। हालांकि वहां इलाज न मिलने के चलते उसे ठंडे मौसम में परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना उसने इंस्पेक्टर जनरल तक को दी।

### बीएसएफ सिपाही को सेवा से निकाले जाने के आदेश को रद्द किया

याची ने बताया उसका ट्रांसफर जालंधर कर दिया गया। यहां ड्यूटी के दौरान उसने अपना हथियार इश्यू नहीं कराया था क्योंकि वह हथियार संभाल नहीं पा रहा था। इसके बावजूद तत्कालीन इंस्पेक्टर ने योजनाबद्ध तरीके से दूसरे सिपाही की रायफल उसे देकर उसे लोड किया और उस पर अधिकारी पर रायफल दिखाने और खुद को गोली मार लेने की धमकी देने का आरोप दिया। इसके बाद उसे अलग-अलग स्तर पर ट्रायल का मौका नहीं मिला। क्रास परीक्षण का मौका भी नहीं दिया गया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एसएसएफसी अदालत ने बेहद कामचलाऊ तरीके से सुनवाई की। इससे पीड़ित को निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं मिला।

## यौन उत्पीड़न के दोषी की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के मामले में एक व्यक्ति को दी गई 10 साल की कैद की सजा को बरकरार रखा है। लड़की इस घटना के बाद गर्भवती हो गई थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि दोषी व्यक्ति यह साबित करने में विफल रहा कि पीड़िता को बयान देने से पहले सिखाया-पढाया गया था। उसे जो सजा दी गई है, वह अपराध के अनुरूप है। इस दशा में उसे सजा के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं आता है। इसलिए अपील को खारिज किया जाता है। न्यायमूर्ति ने कहा कि अपराध विज्ञान रिपोर्ट व्यक्ति को दोषी ठहरा रहा है और उसके झूठे मामले के उसके दावे को खारिज करती है। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने यह प्रश्न पूछकर सही किया कि 13 साल की लड़की उसे फंसाने के लिए ऐसी कहानी क्यों गढ़ेगी। ब्यूरो

## दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने कहा है कि कार्यस्थल पर कई बार निकटता के कारण सहमति से यौन संबंध बनते हैं। यह बाद में खराब होने पर दुष्कर्म जैसे अपराध के रूप में रिपोर्ट किए जाते हैं। ऐसे में दुष्कर्म के अपराध और दो वयस्कों के बीच सहमति से यौन संबंधों के बीच के अंतर के बारे में जागरूक होना उचित है। अदालत ने ऐसे ही एक मामले में आरोपी को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि बदलते समय में जब महिलाएं उभर रही हैं और कार्यबल का एक प्रासंगिक हिस्सा बन रही हैं तो उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाना और उन्हें लागू करना विधायिका के साथ कार्यपालिका की भी जिम्मेदारी बन जाती है। उसी तरह से अदालत की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह कानूनों की व्याख्या करे और उसे परिस्थितियों के अनुसार व्यावहारिक रूप से लागू करे। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कानून का संरक्षण एक वास्तविकता है, न कि एक कागजी संरक्षण। ब्यूरो

# गोकशी करते नाबालिग समेत दो पकड़े, दो भागे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर स्थित सिग्नेचर ब्रिज के पास बदमाश गोकशी करने लगे। दो कार सवार बदमाशों ने तीन पशुओं को मार डाला। इस बीच सोमवार तड़के सैर करने निकले लोगों ने आरोपियों को देखा तो वे मौके से भागने लगे। कुछ बदमाश एक कार में पशु के मांस के साथ फरार हो गए जबकि नाबालिग समेत दो को मौके पर पकड़ लिया गया।

लोगों ने उनको जमकर पीटा। पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके से एक कार, तीन पशुओं के अवशेष और औजार बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों में एक युवक वेलकम का रहने वाला है, जबकि नाबालिग लोनी एरिया का बताया जा रहा है।

पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पशुओं के अवशेष को कब्जे में लेकर गाजीपुर जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार हुए आरोपियों की तलाश कर रही है। जांच के दौरान पता चला है कि गिरोह हर दूसरे दिन सूनसान इलाकों में गोकशी के लिए निकलते हैं।

### न्यू उस्मानपुर स्थित सिग्नेचर ब्रिज के पास गोकशी कर रहे थे

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह 8:20 पर उनकी टीम को सूचना मिली कि सिग्नेचर ब्रिज के पास कुछ लोगों ने गोकशी की है। कॉलर रूपेश राणा ने बताया कि उसने दो लड़कों को पकड़ लिया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पर पशुओं के अवशेष व अन्य सामान मौजूद था। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने इनको कब्जे में लिया और जांच शुरू की। आरोपियों ने बताया कि इनके दो अन्य साथी वर्ना गाड़ी से फरार हो गए।



# प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना वर्ष : 1948

हिंसा की हरेक कार्रवाई हमें मृत्यु के करीब ले जाती है।
-बेल हुक्स

**नक्सलियों के आखिरी गढ़ छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान की कामयाबी नक्सलवाद के खिलाफ चल रही रणनीतिक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता है। इससे यह संकेत भी मिलता है कि देश को नक्सल-मुक्त बनाने की मुहिम निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है।**

## निर्णायक मोड़ पर



देश में नक्सलियों के आखिरी बचे गढ़ छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बेहद घने जंगलों में चलाए गए अभियान में सुरक्षाबलों द्वारा जिस तरह से घेर कर 31 नक्सलियों को ठिकाने लगाया गया, वह राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही रणनीतिक लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता है, जिससे यह संकेत भी मिलता है कि देश को नक्सल-मुक्त बनाने की मुहिम अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच रही है। पिछले कुछ समय से सुरक्षाबल जिस तरह से ताबड़तोड़ अभियान चला रहे हैं, उससे मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के गृहमंत्री द्वारा किए गए आह्वान के पूरा होने में भी अब कोई अड़चन नहीं दिख रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक तेरह महीनों में 282 नक्सली मारे जा चुके हैं और 925 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। छत्तीसगढ़ में चल रहा नक्सल विरोधी अभियान केंद्र व राज्य सरकार के बीच अभूतपूर्व तालमेल की भी मिसाल है। यह डबल इंजन सरकार की संयुक्त इच्छाशक्ति का ही नतीजा है कि सुरक्षाबल दक्षिणी बस्तर के साथ अबूझमाड़ जैसी जगहों पर भी अपने कैंप स्थापित कर रहे हैं, जिनका पूरी तरह सर्वे तक नहीं हुआ है और जो अब तक नक्सलियों के लिए सुरक्षित क्षेत्र माने जाते रहे हैं। इन कैंपों की खासियत यह है कि नियाद नेल्लानार योजना के तहत इनमें ग्रामीणों को उनके उपयोग की वस्तुएं मुहैया कराई जाती हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर एक सकारात्मक संदेश दिया जा सके। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2024 के बीच बस्तर क्षेत्र में करीब 100 पुलिस कैंपों का निर्माण इसी रणनीति का हिस्सा है, जिसके नतीजे भी अब दिखने लगे हैं। अपने ही लोगों पर हिंसा करना दुखदायी है, लेकिन जल, जमीन और जंगल पर आदिवासियों के अधिकारों को लेकर दशकों पहले शुरू हुए नक्सलवादी आंदोलन ने पिछले कुछ दशक से जिस तरह से आतंकी समूहों जैसा बर्ताव करना शुरू किया है और अत्याधुनिक हथियारों तक अपनी पहुंच बनाई है, उसे देखते हुए उनकी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगना जरूरी भी है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी नक्सलियों को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना था। बीजापुर का कामयाब अभियान यकीनन सुरक्षा बलों के हौसले बढ़ाएगा, लेकिन यह समझना जरूरी है कि सैन्य अभियानों की अपनी सीमाएं होती हैं। स्थानीय स्तर पर नक्सलियों से सहानुभूति रखने वाले लोगों का भरोसा जीतने के लिए जरूरी है कि बुनियादी ढांचे, शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। नक्सलियों के खात्मे के उत्साह में निर्दोष आदिवासियों पर आंच न आए, इसका भी ख्याल रखना होगा।

## सांस्कृतिक युद्ध ऐतिहासिक घटना है

**वोकनेस एक आदर्श है, लेकिन इसके नाम पर किए जा रहे विरोध में हिंसा व बर्बरता कहां तक न्यायोचित है? ट्रंप जिस कॉमन सेंस क्रांति की बात करते हैं, उसे इसी प्रश्न की रोशनी में समझा जाना चाहिए। वोकनेस के खिलाफ युद्ध एक ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि इसका नेतृत्व विश्व का सबसे शक्तिशाली देश कर रहा है।**



एस प्रसन्नराजन
संपादक, ओपन मैगजीन




अक्सर अच्छे विचार ही बुरे सिद्धांत बन जाते हैं। जागरूकता (वोकनेस) की जड़ें नस्लीय संवेदनशीलता में देखी जा सकती हैं, जो सत्ता और विशेषाधिकारों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक अन्याय के प्रति सजग रखती है। इस शब्द का अर्थ संभवतः धार्मिक सांस्कृतिक मानदंड हो गया है, लेकिन जिस शुद्ध भावना को अब यह हथियार मुहैया करा रहा है, वह कभी सभ्य लोगों द्वारा साझा की जाती थी, जिन्हें आचरण के लिए किसी वैचारिक फतवे की आवश्यकता नहीं होती थी।

जॉर्ज फ्लॉयड एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति था, जिसकी अमेरिका में 2020 में एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने हत्या कर दी थी। सड़क पर बर्बरता और नस्लीय असंवेदनशीलता के कारण फ्लॉयड की मौत के बाद सब कुछ बदल गया। उसकी शहादत के बाद जो पैदा हुआ, वह आक्रोश का सिद्धांत था, जो अमेरिकी शहरों में लाखों लोगों के मार्च और लूट के कारण उभरा। वोकनेस एक आदर्श सुधारवादी सिद्धांत है, लेकिन इसका इस सीमा तक उतरना कहां तक न्यायोचित है? एक वक्त था, जब सत्य और तथ्य की विसंगति केवल उन लोगों के लिए मायने रखती थी, जो साहस करते थे। तब वोकेइज्म जैसे सिद्धांत की जरूरत भी थी। लेकिन आज के सोशल मीडिया युग में स्थितियां बदल चुकी हैं। कुछ गलत होगा, तो वह किसी से भी छिप नहीं सकेगा। आज हर कोई इतना जागरूक है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सभी के हाथ में हथियार दे दिए जाएं। वोकनेस की परिभाषा अस्पष्ट हो सकती है, जो समर्थकों की चेतना के स्तर के अनुसार बदलती रहती है, लेकिन इसने अपने शास्त्रीय विस्तार में पहचान की राजनीति की सभी चिंताओं को शामिल कर लिया है।

यह उन खांचों को पहचानता है, जिनमें पहचान की राजनीति ने सामाजिक समूहों को रखा है और राजनीतिक फायदे के लिए अनुक्रमित भी किया है। वोकनेस की किताब में न्याय सत्ता के खिलाफ एक सांस्कृतिक संघर्ष है, जो जीवित लोगों को याद दिलाता है कि इतिहास कैसे झूठ और खंडन का पुलिंदा मात्र है। इसने किसी भी चीज को नहीं छोड़ा, यहां तक कि जीवविज्ञान को भी विवाद में बदल दिया। असल में जो मायने रखता है, वह यह नहीं है कि आप किस लिंग के साथ पैदा हुए हैं, बल्कि यह है कि यह सामाजिक संरचना के रूप में कैसे विकसित होता है। यह पुराने जमाने के नारीवादियों को बर्दाश्त नहीं हो सका। शायद नारीवाद शब्द ही असंवेदनशील रूप से लिंग-विशिष्ट था।

*हैरी पॉटर* की लेखिका जेके रोलिंग जानती हैं कि निश्चितताओं पर सवाल उठाने का साहस कैसे किया जाता है। वह इसलिए बच गईं, क्योंकि वह जेके रोलिंग थीं। जॉर्डन पीटरसन और डगलस मुरे जैसे वोकनेस-विरोधी योद्धा भी इसलिए बच गए, क्योंकि वे उन कट्टरपंथियों से बेहतर तर्क देते हैं, जो तर्क नहीं करते और केवल आज्ञाओं को दोहराते हैं, जैसा कि कट्टरपंथी हमेशा करते हैं। अगर वोकनेस पर प्रहार होगा, तो उस पर प्रतिक्रिया तो यकीनन होगी, क्योंकि उदारवाद के भीतर प्रगतिशील धर्मनिष्ठतावादी लोग अपने युद्धक्षेत्र का विस्तार करना चाहते थे। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विविधता, समानता और समावेशन की अस्वीकृति कोई हैरान करने वाली बात नहीं है, क्योंकि यह एक ऐसे व्यक्ति की ओर से आया है, जिसने स्वयं को उस चीज के अग्रदूत के रूप में रखा है, जिसे वह कॉमन सेंस की क्रांति कहता है। अमेरिकी रक्षा बलों में पुरुष वर्चस्व को बहाल करना द्वि-लिंगीय सामान्यता के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप है। वोकनेस को कभी राजनीतिक नेतृत्व की आधिकारिक स्वीकृति नहीं मिली, भले ही इसे सत्ता में उदारवादी वर्ग का समर्थन प्राप्त रहा हो। वोकनेस के विरुद्ध युद्ध एक ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि इसका नेतृत्व विश्व का सबसे शक्तिशाली देश कर रहा है। यह सांस्कृतिक युद्ध को दक्षिणपंथी राजनीति में वापस लाया है।

परंपरागत रूप से यह वह युद्ध है, जिसे दक्षिणपंथी हारते रहे हैं। बाजार में होने वाले युद्ध को वे आसानी से जीत लेते हैं। अमेरिकी महानता को बहाल करने की उन्मत्त दौड़ में लगे बूढ़े ट्रंप दोनों युद्ध जीतना चाहते हैं। सांस्कृतिक युद्ध में घरेलू स्तर पर उनके पास एलन मस्क जैसे साधन संपन्न लोग हैं, जो उसे हवा देते रहते हैं। और विदेश में, उनके पास अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली जैसे साथी हैं, जो प्रगतिशीलता (वामपंथ) के 'मानसिक वायरस' के खिलाफ उनके अभियान का समर्थन करते हैं। क्या नया सांस्कृतिक युद्ध सशस्त्र सामाजिक संवेदनशीलता के एक लापरवाह दौर के बाद सामान्यता की बहाली के बारे में है? क्या सामाजिक व्यवहार को सामान्य बनाने का अर्थ बहुसंख्यकों की असंवेदनशीलता को वैधता प्रदान करना है, जो विरासत में मिले सामाजिक विशेषाधिकारों से संतुष्ट हैं?

जिस उग्रता के साथ ट्रंप अपना वोकनेस-विरोधी युद्ध छेड़ रहे हैं, उससे निश्चित रूप से एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) क्षेत्र में एक निम्न वर्ग का निर्माण होगा, जो बदले में सांस्कृतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए भावी संघर्षों को मुख्यधारा में लाएगा। एक स्वयंभू एकीकरणकर्ता, जो सामाजिक न्याय के विचार को पुनर्लिखित राष्ट्रीय इतिहास और मानव शरीर को विज्ञान की संभावनाओं से अलग करता है, उसे नए आक्रोशों-नई सांस्कृतिक बस्तियों के साथ रहने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ट्रंप जिस चीज से हमेशा नहीं लड़ सकते, उसे ट्रंपवाद के उत्तराधिकारियों को ही उठाना होगा। हो सकता है कि उन्होंने ट्रंप के बाद के कंजर्वेटिव लोगों को विरासत में सबसे लंबा सांस्कृतिक युद्ध दे दिया हो। फिलहाल ट्रंप आदर्शवाद से उपजी सभी समस्याओं का संहार करने की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि इसमें हारने वाले अपने सार्वजनिक व निजी, पेशेवर व सामाजिक जीवन में उनकी विचारधारा को बिल्कुल नहीं स्वीकारेंगे। जब उदारवाद राजनीतिक सत्ता के लिए अपना संघर्ष खोकर अपने संपूर्ण वैचारिक संसाधनों को पहचान में लगाकर सांस्कृतिक शक्ति हासिल करने के लिए चरम सीमा तक चला गया, तो इसने एक नए संघर्ष की आशंका पैदा की है। इस माहौल में, राजनीति को अच्छाई और बेहतरी की लोककथा में बदलने के लिए ट्रंप जैसे तेज-तर्रार और सतर्क व्यक्ति की ही जरूरत है।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा

खिलाड़ी हारते भी हैं और जीतते भी हैं। हार गए तो क्या है? चेहरे पर कोई शिकन मत आने दीजिए। भविष्य की आशंकाएं करने से हर समय आपका दिल घुटता रहता है। आप निश्चिंत रहिए, हंसते और मुस्कराते रहिए।

### खिलाड़ी की तरह जिएं

*उस आदमी का नाम देवता है, जो अपनी सुविधाएं और अपनी संपदाओं को मिल-बांटकर खाता है। देवता अकेले नहीं खाते। मिल-बांटकर खाते हैं। आपके पास कोई चीज है, तो आपस में बांटकर खाइए। ज्ञान आपके पास है, तो उसका फायदा औरों को मिलने दीजिए। आपके पास पैसा है, तो उसका सबको लाभ दिलवाइए। अपनी संपदा को बांटकर खाइए और दूसरों की मुसीबतों को भी बांट लीजिए। देवता यही काम करते हैं। देवताओं के अंदर यही गुण होता है। हम देवताओं को पुकारते हैं। हे भगवान जी, हमारी सहायता कीजिए। गणेश जी, हमको बुद्धि दीजिए। लक्ष्मी जी, हमको पैसा दीजिए। ये उनका स्वभाव है। क्या स्वभाव है? देते रहते हैं। देते रहने का मतलब है, अगर उनके पास कोई चीज है, तो लोगों को वह बांटते रहते हैं और लोगों की मुसीबतों में हिस्सा बंटाते रहते हैं। हमको बुखार आ गया है, हम बीमार हैं, तो पुकारते हैं कि हे हनुमान जी! हमारे बुखार को दूर कर दीजिए। पुकारते हैं कि नहीं। यह बात अलग है, पर आपकी मान्यता तो यही है न कि वे आपके दुखों में हिस्सा बंटाएंगे। आपकी मुसीबत को दूर करेंगे। आपकी कठिनाइयों को ठीक कर देंगे और उनके पास कोई ज्ञान है, विद्या है, तो वह आपको देंगे। देवता इन्हीं दो वजहों से देवता हैं। वे आपकी मुसीबतों में हिस्सा बंटाते हैं। वहीं, यदि उनके पास कोई वैभव है, तो आसानी से बांट देते हैं। मिल-बांटकर खाने का मजा देखा है आपने।*



*जो अकेला ही खाता रहता है, वह पाप खाता है। जो अकेले ही संचय करता रहता है, वो आदमी पाप संचय करता रहता है। जो अकेले की खुशी चाहता है, वह आदमी पाप संचय करता रहता है। इसलिए हमारे यहां एक संयुक्त कुटुंब की प्रणाली है। सब मिल-बांटकर खाएंगे, मिल-जुलकर रहेंगे। कमाने वाला अकेला थोड़े ही खाता है, सब मिल-बांटकर खा लेते हैं। कोई बच्चा है, कोई बीमार है, कोई बूढ़ा है। बस, यह जो पारिवारिक वृत्ति है, इसमें वसुधैव कुटुंबकम की मान्यता जुड़ी हुई है। वसुधैव कुटुंबकम की मान्यता क्या है-आत्मवत सर्वभूतेषु। आत्मवत सर्वभूतेषु क्या है? एक ही है, आप दूसरों की मुसीबतों में हिस्सेदार हो जाइए- एक और अपनी सुविधाओं को बांटकर भोगेंगे और दूसरों की मुसीबतों में किस तरीके से हाथ बंटाएंगे। यदि आप सबके हो जाएंगे, तो सब आपके हो जाएंगे। आप देवता समान हो जाएंगे। आपके लिए स्वर्ग आ जाएगा। अगर आप यह स्वर्ग नहीं खरीद सकते और अपना ही अपना करते रहेंगे, तो आप बहुत छोटे रहेंगे, जलील आदमी रहेंगे और नरक में रहने वाली आत्माएं, जो यातनाएं भुगतती हैं, मानसिक दृष्टि से वे सारी यातनाएं आपको भुगतनी पड़ेंगी। फिर क्या करना चाहिए आपको? खिलाड़ी की तरह जिंदगी जीनी चाहिए। खिलाड़ी हारते भी रहते हैं और जीतते भी रहते हैं। हार गए तो क्या है? चेहरे पर कोई शिकन मत आने दीजिए। चिंताओं को और मुसीबतों की कल्पनाएं करके, संदेह करके और भविष्य की आशंकाएं करने से हर समय आपका दिल घुटता रहता है। आप निश्चित रहिए, निर्द्वंद्व रहिए, हंसते रहिए, मुस्कराते रहिए।*

### भूत की चिंता न करें

सूत्र

*भूत का चिंतन मत कीजिए। पिछली जो घटनाएं हो गईं, तो हो गईं। आपने कोई अच्छा काम कर लिया, तो बार-बार प्रशंसा करने की जरूरत क्या है। आपके साथ में किसी ने कोई बुराई की या दुख दिया, तो बार-बार कहने की जरूरत क्या? भूत सो भूत, गया सो गया।*

## दूसरा पहलू

आसमान का रंग नीला है, तो सुबह-शाम लाल क्यों दिखता है? इसे जानने के लिए विज्ञान की दुनिया में जाना होगा।

### आसमान पीला क्यों नहीं होता

**आसमान** नीला ही क्यों है, पीला क्यों नहीं? अगर नीला है, तो सुबह-शाम में लाल क्यों दिखता है? प्रश्न सामान्य है, पर इसे सुलझाने के लिए विज्ञान की दुनिया में जाना होगा। आप जो कुछ भी देखते हैं, उसके रंग अलग-अलग तरीकों से बनते हैं। उनमें से कुछ रंगों की व्याख्या भौतिकी से तो अन्य की व्याख्या रसायन विज्ञान से की जाती है। हम लोग जिस नाइट्रोजन और ऑक्सीजन में सांस ले रहे हैं, वे बहुत ही छोटे अणुओं से बनती हैं। प्रत्येक अणु केवल 0.4 नैनोमीटर या एक इंच का 16 अरबवां हिस्सा है। आपके बालों की एक लट की चौड़ाई के बराबर होने में ढाई लाख नाइट्रोजन अणुओं की जरूरत होगी। यह छोटी उछलती गेंद की तरह होता है। सूर्य का प्रकाश वायुमंडल में इन महीन नाइट्रोजन व ऑक्सीजन अणुओं से गुजरता है। संक्षेप में, आकाश इसलिए नीला दिखता है, क्योंकि अन्य रंगों की तुलना में सूर्य के प्रकाश का नीला भाग वायुमंडल में अणुओं से टकराने की अधिक संभावना रखता है।



डेनियल फ्रीडमैन

सूर्य की नीली रोशनी वायुमंडल से गुजरते समय सबसे अधिक बिखरती है। यदि प्रकीर्णन न होता, तो आकाश अंधकारमय हो जाता।

अब नाइट्रोजन व ऑक्सीजन के अणुओं को टेनिस बॉल और प्रकाश की कंचों के ढेर के रूप में कल्पना करें। टेनिस बॉल जब कंचे के ऊपर गिरती है, तो लगता है कि बॉल कंचे को खा रही है और फिर उगल देती है। इस प्रक्रिया को भौतिकशास्त्री प्रकाश का प्रकीर्णन कहते हैं। करीब 1870 में ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी जॉन विलियम स्ट्रट, जिन्हें लॉर्ड रेले के नाम से जाना जाता है, ने पहली बार इसे स्पष्ट किया कि आकाश नीला क्यों है? सूर्य की नीली रोशनी वायुमंडल से गुजरते समय सबसे अधिक बिखरती है। इसे रेले प्रकीर्णन भी कहते हैं। वायुमंडल में अन्य गैसें भी महत्वपूर्ण हो सकती हैं, जैसे वैश्विक जलवायु पर कार्बन डाइऑक्साइड या मीथेन का प्रभाव। लेकिन इनका आसमान के रंग पर बहुत ही कम प्रभाव पड़ता है। यदि प्रकीर्णन न होता, तो आकाश अंधकारमय हो जाता, जैसा चंद्रमा पर है, जहां वायुमंडल नहीं है। रेले प्रकीर्णन के अनुसार, सूर्योदय और सूर्यास्त के समय आसमान में लालिमा इसलिए होती है, क्योंकि जब सूर्य क्षितिज के पास होता है, तो उसका प्रकाश पृथ्वी की सतह तक पहुंचने के लिए वायुमंडल के बहुत अधिक भाग से होकर गुजरता है, जबकि वह सीधे ऊपर होता है। नीला और हरा प्रकाश इतनी अच्छी तरह से बिखरा होता है कि उसे आसानी से नहीं देखा जा सकता। जबकि आकाश लाल और नारंगी प्रकाश से रंगा हुआ होता है। रंगों के विज्ञान को समझना और खुद को अभिव्यक्त करना मनुष्यों के इतिहास में काफी अहम रहा है। अगली सुबह जब आप शर्ट पहनें, तो उसके रंग के चयन का ध्यान रखें। *(द कन्वर्सेशन से)*



सूर्योदय और सूर्यास्त के समय आसमान में लालिमा इसलिए होती है, क्योंकि जब सूर्य क्षितिज के पास होता है, तो उसका प्रकाश पृथ्वी की सतह तक पहुंचने के लिए वायुमंडल के बहुत अधिक भाग से होकर गुजरता है।

## आंकड़े

### क्रेडिट कार्ड

लोगों में अब क्रेडिट कार्ड से खरीदारी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कनाडा के 82 फीसदी से ज्यादा लोग क्रेडिट कार्ड उपयोग करते हैं।

| | |
|---|---|
| कनाडा | 82.74% |
| इस्राइल | 79.05% |
| आइसलैंड | 74% |
| हांगकांग | 71.63% |
| जापान | 69.66% |

आंकड़े क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वाली आबादी के, प्रतिशत में | स्रोत : World Bank

श्रीनाथ जी के दर्शन के लिए पैदल जा रहे भक्त को रास्ते में एक संत मिले। उन्होंने कहा, रात में यहीं सो जाओ। सुबह देखा, तो खुद को श्रीनाथ जी की शरण में पाया।

## श्रीनाथ जी की लीला

अंतर्यात्रा
संकलित

**करीब** सवा सौ साल पहले की बात है। एक भक्त इटावा से श्रीनाथ जी के दर्शन के लिए नाथद्वारा, राजस्थान जाने के लिए निकले। चित्तौड़गढ़ स्टेशन पर पहुंचे, तो पाया कि उनका टिकट और सामान सब गायब था। वह जैसे-तैसे मावली स्टेशन तक पहुंच गए। अब आगे जाने के लिए उनके पास न तो पैसे थे, न ही कोई साधन। वह पैदल ही श्रीनाथ जी के दर्शन करने के लिए निकल पड़े। भक्त दिन-भर के थके हुए थे और भूख-प्यास भी सता रही थी।

कई कोस दूर चलने पर शाम के वक्त उन्हें धूनी रमाए बैठे एक संत मिले। संत ने उनसे कहा, 'बच्चा कैसे भटका।' भक्त ने विनम्रता से कहा, 'अपरिचित मार्ग पर चलने से बड़े-बड़े भटक जाते हैं, मैं तो इस मार्ग का अभिनव बटोही हूं।' यह सुनकर संत खूब जोर से हंसे और कहा, 'अंधेरे में फिर भटक जाएगा। अब रात यहीं पर बिता। उजाला होने पर नाथद्वारा पहुंच जाएगा। अब उस चट्टान पर जाकर लेट जा।' भक्त भूखे-प्यासे और थके हुए थे। चट्टान पर पहुंचते ही उनकी आंख लग गई। सुबह नींद खुली, तो उन्होंने अपने-आप को श्रीनाथ जी की शरण में पाया। यह देखकर वह अचंभित हो गए, तीन दिन खोजने पर भी उन्हें न तो वह चट्टान मिली, न ही संत की कुटिया। भक्त ने यह बात नाथद्वारा में एक वामन नामक विद्वान को बताई, तो उन्होंने कहा, साधु के रूप में तुम्हें श्रीनाथ जी ने दर्शन दिए, तुम्हारी यात्रा सफल हो गई।

## अमर उजाला — पुराने पन्नों से — 17 जून, 1965

### निरस्त्रीकरण समिति ने की चीन के परीक्षण की निंदा


निरस्त्रीकरण समिति द्वारा चीन के परीक्षण की निंदा
पाकिस्तान ने पेकिंग के पक्ष में मत दिया
उत्तरप्रदेश में डीजलतेल की कमी

संयुक्त राष्ट्र की निरस्त्रीकरण समिति ने प्रस्ताव पारित कर मॉस्को की परमाणु परीक्षण बंद करने की संधि के बाद चीन के परमाणु परीक्षण की निंदा की है। साथ ही उसे खतरनाक भी बताया है।

## क्या गांव वाकई बदल रहे हैं

**विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें किसानों की जिंदगी में जिस बदलाव की ओर इशारा कर रही हैं, वे सही हैं, लेकिन चुनौतियां अब भी बाकी हैं।**



जयंतीलाल भंडारी
ग्रामीण भारत



ग्रामीण भारत में परिवर्तन और किसानों के बदलते जीवन पर प्रकाशित हो रहीं विभिन्न रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। किसानों की आमदनी बढ़ने से उनका जीवन स्तर सुधर रहा है। हाल ही में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फार्मर्स इनसाइट सर्वे 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल भुगतान को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसदी किसानों ने भुगतान डिजिटल माध्यम से किया। वर्ष 2022 में केवल 11 फीसदी किसान ही डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज आठ फीसदी किसान थे, जो वर्ष 2024 में 37 फीसदी हो गए। यह भी पाया गया है कि 11 फीसदी किसान वर्ष 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा दो प्रतिशत ही था। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण है कि भारत के किसान औपचारिक ऋण की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में 36 फीसदी किसानों ने बैंक से कर्ज लिया, जो वर्ष 2022 में केवल नौ फीसदी था। वहीं, 26 फीसदी किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋण का उपयोग किया, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ एक फीसदी था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसदी किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है, जैसे-लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि।

हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, शहरों के बजाय ग्रामीण इलाकों में गरीबी तेजी से कम हुई है। वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी। वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1,984 रुपये से बढ़कर 6,996 रुपये और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1,054 रुपये से बढ़कर 4,122 रुपये हो गया। निस्संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है।

डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिये देश के किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते दस वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते दस वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमा की राशि को बढ़ाया है। स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिये गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं की मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिये मदद की जा रही है। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने भी ग्रामीण भारत में गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। निश्चित रूप से ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन, कृषि और ग्रामीण विकास तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के मद्देनजर केंद्रीय बजट 2025-26 एक और आशा की किरण लेकर आया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए इस बार केंद्रीय बजट 2025-26 में 1,88,754 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नए बजट में कृषि एवं किसान कल्याण का बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 11 फीसदी अधिक है। तमाम सुविधाओं के बावजूद अभी ग्रामीण भारत और किसानों की प्रगति के लिए काफी कुछ करना है। करीब 42 फीसदी किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीला भुगतान का विकल्प नहीं मिलता है। ऐसी कठिनाइयों को दूर करना होगा।



COMFORTABLE & CARE IN EVERY STEP
Use Dr. Ortho ACUPRESSURE SLIPPERS
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
Contact for Dealership : 85588 07777 • dealership@divisa.in


# डीयू में खुले नौकरी के दरवाजे प्लेसमेंट व इंटर्नशिप ड्राइव शुरू

## यूजी, पीजी व पीएचडी के विद्यार्थियों को मिलेगा मौका, 21 फरवरी तक प्रस्तुत हो सकेंगे विद्यार्थी

अमर उजाला ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में यूजी-पीजी व पीएचडी छात्रों के लिए एक बार फिर नौकरी पाने के दरवाजे खुल गए हैं। डीयू में सोमवार से 11 दिवसीय प्लेसमेंट व इंटर्नशिप ड्राइव की शुरूआत हुई।

सत्र के पहले दिन अड्डा 247 कंपनी के समक्ष छात्र उपस्थित हुए। 10 फरवरी से 21 फरवरी तक चलने वाले इस प्लेसमेंट सत्र में छात्रों को 3.5 लाख रुपये से लेकर 7 लाख रुपये तक के पैकेज की पेशकश होगी। डीयू सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर के तत्वावधान में सोमवार से प्लेसमेंट व इंटर्नशिप ड्राइव की शुरूआत की है। डीयू सेंट्रल प्लेसमेंट सेल इंचार्ज प्रो. हेना सिंह ने बताया कि इस बार लंबे समय के लिए प्लेसमेंट सत्र आयोजित किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्रों को कंपनियों के समक्ष उपस्थित होने का मौका मिले।

इस बार करीब 14 कंपनियां कैंपस पहुंचेंगी। इनमें ओडीए क्लास, लॉ प्रेप ट्यूटोरियल, सिंपलोटेल टेक्नॉलॉजी, फ्रांसिशियन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, जस्ट डायल, अड्डा 247, द बॉयोहैकर्स कंपनी, टरक्यू कम्यूनिकेशन, हेजल साइबोरग, सुविधा फाउंडेशनस, देवदूत, एचएनकेटी रिक्रूटमेंट शामिल हैं।

### 12 कॉलेजों में नियुक्तियां होने की उम्मीद

नई दिल्ली। दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के साथ डीयू से संबद्ध दिल्ली सरकार के 12 कॉलेजों की समस्याएं सुलझने की उम्मीद जगी है।

दरअसल समय से फंड जारी नहीं होने और अपर्याप्त होने के कारण शिक्षकों को वेतन मिलने में दिक्कत आ रही थी। वहीं, कॉलेजों में स्थायी नियुक्ति की राह भी कठिन थी। गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पद भी नहीं भर रहे थे। फंड की कमी से कॉलेजों में कार्य अटके पड़े थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली सरकार से 100 प्रतिशत वित्त पोषित 12 कॉलेज हैं। जानकारी के अनुसार इन कॉलेजों में करीब 984 शिक्षकों के पद खाली हैं। अब तक दिल्ली सरकार वार्षिक रूप से 400 करोड़ रुपये का फंड देती आ रही थी। यह राशि अपर्याप्त होने के कारण शिक्षकों को देर से वेतन मिल पाता था।

एरियर के भुगतान नहीं हुए। यह कॉलेज बीजेपी के कार्यकाल में बने थे। ऐसे में शिक्षकों को उम्मीद है कि इन कॉलेजों में जारी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इसके साथ ही शिक्षकों को समय पर वेतन मिलने के साथ अन्य संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। ब्यूरो

## वेंकटेश्वर कॉलेज में हुआ एलुमनी मीट

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के वेंकटेश्वर कॉलेज में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इसमें एलुमनी ने कई मजेदार खेलों जैसे पास द पार्सल, तुग-ऑफ-वार, नींबू-स्पून रेस और पतंग उड़ाना में भाग लिया।

इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वाजला रवि ने छात्रों को अपने मातृ संस्थान को वापस कुछ देने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कॉलेज ने न केवल हमें शिक्षा दी, बल्कि हमें जीवन के प्रति एक दृष्टिकोण और दिशा भी प्रदान की। ब्यूरो

## मेजबान श्याम लाल कॉलेज की जीत से शुरुआत



नई दिल्ली। मेजबान श्याम लाल कॉलेज प्रातः ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 4-2 से हरा कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत से शुरुआत की।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर ने अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया। श्याम लाल टीम की तरफ से प्रवीण ने दो गोल कर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। ललित और मोहित ने एक एक गोल किया। पराजित टीम के लिए पुलकित ने दो गोल किए। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच एन एस सैनी को भी सम्मानित किया गया। ब्यूरो

## एसएयू में ग्लोबल लाइब्रेरी समिट का किया आयोजन

नई दिल्ली। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) में ग्लोबल लाइब्रेरी समिट का आयोजन किया गया। लाइब्रेरी डिप्लोमेसीः लाइब्रेरी सहयोग के माध्यम से राष्ट्रों को एकजुट करना विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय समिट का आयोजन एलआईए, अकादमी बेंगलुरू के सहयोग से हुआ।

समिट में 200 से अधिक प्रतिनिधि, 16 अंतरराष्ट्रीय वक्ता 130 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसकी अध्यक्षता साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो केके अग्रवाल ने की। बुक ऑफ अब्सट्रैक्ट्स भी लॉन्च किया। ब्यूरो

# किरोड़ीमल महाविद्यालय में किया जाएगा जियोटाइम 2025 का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। किरोड़ीमल महाविद्यालय का भूगोल विभाग, भूगोल संघ के तत्कालीन अध्यक्ष हरमन प्रीत सिंह के तत्वावधान में वार्षिक कार्यक्रम जियोटाइम का आयोजन करेगा।

अमर उजाला नॉलेज पार्टनर

कार्यक्रम में भूगोल के क्षेत्र में विषयों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। इस वर्ष की थीम हरित संक्रमण और जलीय समता विकसित भारत 2047 है। जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय जल मिशन, गैस प्राधिकरण इंडिया, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान और हिमालयन सेंटर फॉर वूमेन एम्पावरमेंट, क्लाइमेट चेंज एंड जियोस्पेशियल एनालिटिक्स के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें अमर उजाला नॉलेज पार्टनर की भूमिका में है।

स्टाफ सलाहकार प्रो. सीमा मेहरा परिहार ने कहा कि जियोटाइम सिर्फ एक उत्सव ही नहीं अपितु यह ज्ञान और सहयोग गतिशील संगम है। 40 साल बाद उस पल को फिर से जी रहे हैं। भूगोल संघ के वर्तमान अध्यक्ष योम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितिका राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पार्थ अग्रवाल, महासचिव अंजनी शर्मा, संयुक्त सचिव अंतरा शुक्ला, और कोषाध्यक्ष नीलकमल हेम्ब्रोम के साथ परिषद के सदस्यों का नेतृत्व करते हैं। जियोटाइम ने अपनी वार्षिक पत्रिका, जियोलाइन का नवीनतम संस्करण भी जारी किया है।

## नीट के लिए सात मार्च तक आवेदन

ग्रेटर नोएडा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल एलिजिबिलटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो सात मार्च की देर रात तक चलेगी। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी नीट की आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर लॉगिन कर सकते हैं। नीट की परीक्षा चार मई को प्रस्तावित है। आवेदन करने वाले उम्मीदवार को 12वीं पास या इसके समकक्ष परीक्षा (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी और अंग्रेजी के साथ) पास होना चाहिए। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के निदेशक ब्रि.डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि इस बार परीक्षा कोविड-19 से पहले के पैटर्न पर होगी। ब्यूरो

### व्यावसायिक गतिविधि

## गुरुग्राम चैप्टर ऑफ आईसीएमएआई ने सेमिनार का आयोजन किया



नई दिल्ली (वि)। गुरुग्राम चैप्टर ऑफ आईसीएमएआई ((इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया)) के अध्यक्ष सीएमए राकेश कुमार की अध्यक्षता में रविवार को जीआईए हाउस, सेक्टर-14, गुरुग्राम में 'सीएमए सशक्तिकरणः बजट 2025, जीएसटी मुद्दे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें आयकर विभाग की संयुक्त आयुक्त सुधा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान आईसीएमएआई के केंद्रीय परिषद सदस्य सीएमए राजेंद्र सिंह भाटी और एनआईआरसी के अध्यक्ष, सीएमए संतोष पंत मौजूद रहे। वक्ताओं ने बजट 2025, जीएसटी मुद्दे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि ने बजट 2025 के आयकर सुधारों और सीएमए प्रोफेशनल्स के लिए प्रभाव पर विचार रखे।

## एलपीयू 2025 बैच के अंतिम वर्ष के छात्र को 1.03 करोड़ का पैकेज

जालंधर (वि)। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के लिए वर्ष 2025 की शुरुआत शानदार रही। इस कड़ी में फाइनल ईयर बीटेक के छात्र को 1.03 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है। एलपीयू में बीटेक (रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन) कर रहे बेतिरेड्डी नागा वामसी रेड्डी को रोबोटिक्स इंजीनियर के रूप में एक प्रमुख एआई रोबोटिक्स फर्म का ऑफर लेटर मिला है। श्री रेड्डी मई 2025 में ग्रेजुएट होंगे। इसके साथ ही एलपीयू शीर्ष स्तरीय कंपनी भर्ती के लिए प्रमुख संस्थान में स्थापित हो गया है। कुल मिलाकर बीटेक के विभिन्न संकायों के 7,361 छात्रों को ऑफर लेटर मिला है। इनमें से 1,700 से अधिक छात्रों को 10 लाख रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये सालाना पैकेज के साथ प्रस्ताव मिले हैं। औसत पैकेज 16 लाख रुपये दर्ज किया गया है। डॉ. अशोक कुमार मित्तल, संसद सदस्य (राज्यसभा) और एलपीयू के संस्थापक चांसलर ने कहा कि एलपीयू छात्रों को लगातार बदलती दुनिया में सफलता के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए एमओयू होगा

नोएडा। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) और स्पोर्ट्स स्किल काउंसिल (खेल, शारीरिक शिक्षा, फिटनेस अवकाश कौशल परिषद) के मध्य मंगलवार को समझौता होगा। इससे पूरे देश में योग (स्पोर्ट्स) संबंधी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन होगा। साथ ही विदेशी नागरिक भी इन पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगे। ब्यूरो


**U.P. Projects Corporation Ltd.**
(ISO 9001:2015 Certified Company)
Gomti Barrage, Left Bank, Gomti Nagar, Lucknow

Tender Notice- 93/PCL/GM/Zone-6/Noida/2024-25 Dated 10.02.2025

**Tender Notice**

On behalf of UPPCL e-tenders are invited on percentage rate under two bid system from eligible contractors/firms registered in U.P. Projects Corporation Ltd., Lucknow for the *Construction of Road and Retaining Wall for approach road of newly constructed bridge (A1 abutment) in the upstream of Dehradun-Ambala road Xing road in Saharanpur.* Details can be download from the website "e-tender.up.nic.in" & UPPCL website www.upprojects.org.

General Manager
Zone-6, UPPCL, Noida



**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**

क्रमांक :- लेखा/II/2024-25/राजकाज 13372556 दिनांक :- 04/02/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना सं0 28/2024-25**

इस कार्यालय के पत्र राजकाज क्रमांक 12923952 दिनांक 10.01.2025 के द्वारा ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 28 / 2024–25 कुल 04 कार्यों हेतु जारी की गयी थी। ऑनलाइन निविदा अपलोड / प्राप्त करने की तिथि 05.02.2025 सांय 06:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की दिनांक 06.02.2025 प्रातः 11:00 बजे निर्धारित थी। उक्त ऑनलाइन निविदा अपलोड / प्राप्त करने की तिथि 05.02.2025 सांय 06:00 बजे तक के स्थान पर उक्त निविदा दिनांक 19.02.2025 को सांय 06:00 बजे तक अपलोड की जा सकेगी एवं निविदा खोलने की दिनांक 06.02.2025 प्रातः 11:00 बजे के स्थान पर उक्त निविदा दिनांक 20.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

अधिशाषी अभियंता
भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

राज.संवाद/सी/24/11398



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | रेलवे कॉलोनी किशनगंज, दयाबस्ती, पंजाबी बाग, शकुरबस्ती, गाजियाबाद और पानीपत में कर्मचारी क्वार्टरों के रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जिसमें उप मुख्य अभियन्ता / नि0 / शिवाजी ब्रिज, उप मुख्य विद्युत अभियन्ता / नि0 / शिवाजी ब्रिज, अधिशासी अभियन्ता / नि0 / पानीपत, अधिकारी विश्राम गृह / पानीपत, वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता एवं वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता / पी.वे के कार्यालय परिसर का परिवर्धन, परिवर्तन और नवीनीकरण शामिल है। शिवाजी ब्रिज कार्यालयों और पानीपत कार्यालय के विभिन्न स्थानों पर तथा उप मुख्य अभियन्ता के अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य अधीनस्थ कार्यालयों संबद्ध कार्य। |
| 2. | कार्य पूरा होने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू0 73.24 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रू0 146500.00 / – |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक **14.02.2025** से **28.02.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | 28.02.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 14.02.2025 से 28.02.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 28.02.2025 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

संख्या : 536-Acs-Maintenance-CSB-PNP दिनांक : 07.02.2025 440/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
जल भवन, 'बी' ब्लाक, नेहरु कालोनी, देहरादून।

पत्रांक : 763 / ई - निविदा / 2024-25 दिनांक :07/02/25

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से केन्द्रीय भण्डार, देहरादून द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कामर्शियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा सं. | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि रु. | ई-निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | ई-निविदा अपलोड करने की प्रारंभ एवं अंतिम तिथि व समय | ई-निविदा सूचना क्र.सं. 7 अनुसार मूल प्रपत्र विभाग में जमा करने की अंतिम एवं समय | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | निविदा की वैधता | प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 16/ 24-25 | Supply, Installation, Testing and Commissioning (SITC) of Electromagenetic water flow meter cum totaliser with display.cum programming unit suitable for line sizes and line pressure upto 15 kg/cm² suitable for drinking water application and as per specifications comprising of accessories for installation कार्य। | | | | | | | |
| | | 7,07,000.00 | 13.02.2025 from 11:00 a.m. | 20.02.2025 from 11:00 a.m. to 27.02.2025 upto 5:00 p.m. | 28.02.2025 upto 5:00 p.m. | 03.03.2025 at 11:00 a.m. | 120 days | 17.02.2025 at 11:00 a.m. |

अर्हताः-: Only manufacturers or dealer authorised (authorization shall not be older than one month) by manufacturer and who have experience in supply and installation of Flow meter and accessories are allowed to take part in this tender.

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http://ujs.uk.gov.in पर ऑन लाइन देखी / प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 35/2024–25** दिनांक 08 / 02 / 2025

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट एवं राज्य योजना मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बड़कागांव | उरीमारी | जुगल प्रजापति के घर से जुगल करमाली के घर होते हुए दीया टोला स्कूल तक पथ निर्माण। | 14126100.00 | 10000.00 | 283000.00 | एक वर्ष |
| 2 | केरेडारी | बुंडू | ग्राम बुण्डू में विनोद शर्मा के घर से भोला साव के घर होते हुए बरयरीतरी मुख्य पथ तक पथ निर्माण। | 18483600.00 | 10000.00 | 370000.00 | एक वर्ष |
| 3 | चुरचू | कजरी | ग्राम कजरी में मस्जिद से मेन रोड भाया इमामबाड़ा पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13913500.00 | 10000.00 | 279000.00 | एक वर्ष |
| 4 | केरेडारी | सलगा | शिव मंदिर उपर टोला से उप स्वास्थ्य केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5107500.00 | 10000.00 | 103000.00 | नौ माह |
| 5 | ईचाक | बोंगा | राजकीय मध्य विद्यालय, बोंगा का उन्नयन कार्य। | 13755700.00 | 10000.00 | 276000.00 | एक वर्ष |
| 6 | विष्णुगढ़ | विष्णुगढ़ | परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़ का उन्नयन कार्य। | 11749500.00 | 10000.00 | 235000.00 | एक वर्ष |
| 7 | पदमा | पदमा | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उन्नयन कार्य। | 11714700.00 | 10000.00 | 235000.00 | एक वर्ष |
| 8 | सदर | सिन्दुर | मध्य विद्यालय, सिन्दुर का उन्नयन कार्य। | 6735800.00 | 10000.00 | 135000.00 | नौ माह |
| 9 | सदर | सिन्दुर | नव प्राथमिक विद्यालय, करकरी का उन्नयन कार्य। | 6739000.00 | 10000.00 | 135000.00 | नौ माह |
| 10 | चौपारण | पाण्डेयबारा | मध्य विद्यालय, पाण्डेयबारा में चाहरदिवारी का निर्माण। | 5179600.00 | 10000.00 | 104000.00 | नौ माह |
| 11 | चौपारण | पाण्डेयबारा | प्राथमिक विद्यालय, नरैना का चाहरदिवारी का निर्माण। | 7907400.00 | 10000.00 | 159000.00 | नौ माह |
| 12 | चौपारण | सिंघरावां | बालिका प्राथमिक विद्यालय, टिटाही में चाहरदिवारी एवं सुंदरीकरण का निर्माण। | 9595800.00 | 10000.00 | 192000.00 | एक वर्ष |
| 13 | चौपारण | सिंघरावां | उर्दू प्राथमिक विद्यालय, केवला का उन्नयन कार्य। | 7795300.00 | 10000.00 | 156000.00 | नौ माह |
| 14 | कटकमदाग | मसरातु | प्राथमिक विद्यालय, मसरातु टोला कृष्णानगर में चाहरदिवारी एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। (उत्क्रमित मध्य विद्यालय) | 16760300.00 | 10000.00 | 336000.00 | एक वर्ष |
| 15 | सदर | सदर | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर आदि के आवागमन हेतु विविध पथों का निर्माण कार्य। | 8360900.00 | 10000.00 | 168000.00 | नौ माह |
| 16 | सदर | खिरगांव | वार्ड नं0–25 में खिरगांव स्थित नदी में पुल का निर्माण। | 9327000.00 | 10000.00 | 187000.00 | नौ माह |
| 17 | केरेडारी | पाण्डू | पाण्डू में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 19.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 20.02.25 से 05.03.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.03.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 346226 District(24-25)#D



**कार्यालय नगर पंचायत फरीदनगर गाजियाबाद**

पत्रांक :- 437 / न०पं०फ० / ई-टेण्डर / 2025 दिनांक 07 फरवरी, 2025

**-: अल्पकालिन निविदा सूचना:-**

नगर पंचायत, फरीदनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा अनुभवी व्यक्तियों / फर्मो / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन - नगरीय एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो के सम्पादन हेतु ई-निविदा दिनांक 28.02.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत फरीदनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत फरीदनगर



**कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी बुलन्दशहर**

पत्रांक-2215/ स०क० / मु०सामू०वि०यो0 / 2024-25 दिनांक 10 फरवरी 2025

**निविदा आमंत्रण (ई-टेण्डर)**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चल वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा प्राप्त 1537 जोडो का सामूहिक विवाह कराये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष, विकासखण्ड एवं नगर निकाय स्तर पर होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन में समस्त भोजन आपूर्ति, साज-सज्जा, आयोजन सम्बन्धी व्यवस्थाऐं तथा वैवाहिक जोड़ो को वितरण किए जाने वाली वैवाहिक सामग्री की व्यवस्था हेतु ई-टेण्डर पर पंजीकृत इच्छुक फर्मे ई-टेण्डर के माध्यम से अपनी दरें उपलब्ध कराये जाने हेतु आमंत्रित है।

कार्यक्रम की निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथिः- 05.02.2025, अपरान्ह 03.00
अन्तिम तिथिः- 14.02.2025, अपरान्ह 05.00
निविदा कार्यो के खोलने की तिथिः- 15.02.2025, अपरान्ह 12.00

निविदा की विस्तृत जानकारी नियम व शर्ते etender.up.nic.in तथा जनपद की वेबसाईट https://bulandshahar.nic.in/ पर देखी जा सकती है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
बुलन्दशहर।



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र**

मुकदमा नं. 37 दिनांक 04.02.2025 धारा 140 (3) भा.न.स थाना सदर पेहवा।

**गुमशुदा की तलाश**



नाम - गुरुशेज सिंह
लिंग - पुरुष
आयु - 14 साल

गुरुशेज सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह वासी न्यू कांता फार्म मोरथली थाना सदर पेहवा जिला कुरुक्षेत्र का रहने वाला है। जो दिनांक 04.02.2025 को अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया है। जिसका रंग गोरा, गोल चेहरा है। जिसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। जिस भी व्यक्ति को गुरुशेज सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह के बारे में कोई भी सूचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना सदर पेहवाः 7056700113
कन्ट्रोल रूम कुरुक्षेत्र :- 01744-222100, 233924

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र

PRDH -1084/11/3112/2025/32347/1/7 Dt. 10/02/2025



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

मुकदमा नं. 241 दिनांक 04/12/2024 धारा 127 (6) BNS थाना सदर जिला रेवाड़ी

**गुमशुदा की पहचानः-**



नाम- विपिन पुत्र बलवंत सिंह
निवासी-जाटी थाना सदर जिला रेवाड़ी
उम्र- 26 साल
कद- 6 फुट
हुलिया- रंग गेहुंवा, गोल चेहरा, मजबूत शरीर जिसने सफ़ेद पैंट व सफेद शर्ट पहनी हुई है दिनांक-13/07/2024 से घर से काम की तलाश में गया था। जिस संबंध मे FIR NO-241 Dt. 04/12/2024 U/S 127(6) BNS थाना सदर रेवाड़ी दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करें।

सम्पर्क नम्बर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9671598183
2. प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी- 7056666123
3. थाना सदर रेवाड़ी- 01274-22621
4. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

PRDH:- 1084/11/3110/2025/32337/1/7 Dt. 10/02/2025

# संगम के सफर में कई शहरों में लगा महाजाम

## हाईवे पर वाहनों की कतारें... स्नान के बाद अयोध्या, चित्रकूट और वाराणसी पहुंच रही भारी भीड़ से कराह उठीं तीर्थनगरियां

अमर उजाला ब्यूरो

**वाराणसी/फतेहपुर/आयोध्या/चित्रकूट।** महाकुंभ में स्नान के लिए जाने और वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या के चलते सोमवार को प्रयागराज के चारों तरफ हाईवे कराह उठे। जाम के चलते प्रयागराज तक के सफर में कई घंटे अधिक लग रहे हैं। संगम स्नान के बाद अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट समेत अन्य तीर्थनगरी पहुंच रहे श्रद्धालुओं के चलते इन जिलों का भी हाल बुरा है।

स्नान के बाद वाहनों से वाराणसी पहुंच रही भारी भीड़ से प्रयागराज-वाराणसी हाईवे सोमवार को चोक हो गया। शहर की सड़कें भी ठसाठस रहीं। यातायात व्यवस्था ऐसी ध्वस्त हुई कि सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। शाम 4 बजे कैथी टोल प्लाजा पर वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर, देवरिया, मऊ की गाड़ियों का प्रवेश रोक दिया गया। गाजीपुर से शहर को जोड़ने वाली सीमा को चौबेपुर टोल प्लाजा से पहले सील कर दिया गया। प्रयागराज के बाद चित्रकूट में सोमवार को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाई। इतनी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रयागराज-चित्रकूट हाई वे पर वाहन रेंगते नजर आए। भीड़ बढ़ने से यहां मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया।


प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने से पहले फतेहपुर में लगा लंबा जाम। संवाद

### व्यवस्था संभालने के लिए भेजे गए 28 और अफसर, चार आईपीएस व 19 पीपीएस

**लखनऊ।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 28 अफसरों को प्रयागराज भेजा गया है। इनमें प्राधिकरणों के सचिव, ओएसडी, एडीएम, एसडीएम, संयुक्त मजिस्ट्रेट रैंक के अफसर हैं। सभी 17 फरवरी तक पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के साथ संबद्ध रहेंगे। वहीं, महाकुंभ में यातायात प्रबंधन और माघी पूर्णिमा के स्नान को देखते हुए 23 और आईपीएस एवं पीपीएस अफसरों की प्रयागराज में तैनाती की गई है। इनमें चार आईपीएस अफसर हैं। सभी की 15 फरवरी तक तैनाती की गई है। ये अधिकारी भीड़ प्रबंधन के साथ संवेदनशील जगहों की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।

### महाकुंभ मार्ग पर थमने न पाए यातायात : सीएम योगी

**लखनऊ।** प्रयागराज समेत कई जिलों में लगे जाम का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मार्ग पर यातायात थमने न देने और पार्किंग स्थलों का सही उपयोग करने का निर्देश दिया। प्रयागराज से सीमा साक्षा करने वाले सभी जिलाधिकारी लगातार प्रयागराज प्रशासन से संपर्क बनाए रखें। वाहनों की आवाजाही परस्पर समन्वय के साथ सुनिश्चित करें।


अधिकारियों के साथ महाकुंभ व्यवस्थाओं की समीक्षा की

सीएम ने कहा कि हर दिशा से वाहन प्रयागराज आ रहे हैं। ऐसे में सड़कों पर वाहनों की कतार नहीं लगनी चाहिए। कहीं भी जाम की स्थिति न हो। सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों के साथ महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष सतर्कता और सावधानी बरतना जरूरी है। लिहाजा बसंत पंचमी की तरह व्यवस्था लागू की जाए। बेहतर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट लागू करें। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का सहयोग करें। पार्किंग स्थल से मेला परिसर के लिए शटल बसों की संख्या बढ़ाई जाए। मेला परिसर में किसी भी अनाधिकृत वाहन का प्रवेश नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि टोल के नाम पर वाहनों का जाम नहीं लगना चाहिए। रेलवे स्टेशन पर भीड़ नहीं लगने दी जाए। नदी हो या मेला परिसर, लगातार सफाई कराएं। ब्यूरो

### जाम व अव्यवस्था के लिए सरकार जिम्मेदार : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की असुविधा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। महाकुंभ के रास्ते में जाम में फंसे लाखों लोग अपने वाहनों में घंटों कैद हैं। जो लोग रास्तों में बेसुध हो रहे हैं, उनकी देखभाल के कोई इंतजाम नहीं है।

### आस्था पर सवाल उठाना अखिलेश की संकीर्ण मानसिकता : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश को करारा जवाब देते हुए कहा कि हिंदू समाज की आस्था के महापर्व पर सवाल उठाना सपा अध्यक्ष की संकीर्ण मानसिकता का द्योतक है। उन्होंने अखिलेश से कहा, आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित हो गई है।

### घंटों जाम में फंसे लोग खाने-पीने को भी तरसे

**लखनऊ।** प्रयागराज आने-जाने वाले जाम में फंसे श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कमान संभाल ली है। प्रयागराज से सटे जौनपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, कौशांबी, मिर्जापुर, फतेहपुर और कानपुर के स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने जाम में फंसे श्रद्धालुओं को जगह-जगह कैंप लगाकर खाना, पानी, दवा मुहैया कराना शुरू कर दिया है।


नड्डा की अपील पर कार्यकर्ताओं ने संभाली मदद की कमान

महाकुंभ में उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भारी संख्या के चलते पुलिस प्रशासन के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। प्रयागराज की सीमा से सटे कई जिलों में मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत तमाम प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का रेला लगा है इससे कई मार्गों पर 40-50 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारे लगीं हैं। लोग 20-20 घंटे से जाम में फंसे लोग खाने-पीने की चीजों के लिए भी परेशान हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर जाम की खबर और वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को यूपी और मप्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से जाम में फंसे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटने की अपील की। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने भी एक्स से दोनों प्रदेश के पार्टी नेतृत्व को मदद को कहा। ब्यूरो

## मणिपुर : संबित पात्रा की भाजपा के असंतुष्ट विधायकों के साथ बैठक

### मंत्री खेमचंद बोले-आलाकमान के फैसले को करेंगे स्वीकार

**इंफाल।** एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा ने मणिपुर के नए मुख्यमंत्री की तलाश तेज कर दी है। इस्तीफे के अगले दिन सोमवार को राजधानी इंफाल में लंबी बैठकों को दौर चला है। मणिपुर भाजपा के प्रभारी संबित पात्रा ने असंतुष्ट विधायकों के साथ बंद कमरे में बैठक की। इस बीच, राज्य में संवेदनशील इलाकों सुरक्षा बढ़ा दी गई है।


संबित पात्रा

पात्रा ने विधानसभा स्पीकर थोकचोम सत्यव्रत, नगर प्रशासन व आवास विकास मंत्री वाई खेमचंद, शिक्षा मंत्री बसंता कुमार सिंह और भाजपा विधायक राधेश्याम से मुलाकात की। इनमें से तीन विधायकों ने बीरेन सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उनके बीरेन सिंह के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं। माना जा रहा है कि अगले दिनों में भाजपा नेताओं की कई और बैठकें हो सकती हैं। इस बीच, पात्रा के साथ बैठक के बाद खेमचंद सिंह ने कहा कि सभी सदस्य पार्टी आला कमान के निर्णय को स्वीकार करेंगे। समस्या दूर हो गई है। मुख्य चिंता राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच सामान्य स्थिति बहाल करना है। नया मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर उन्होंने कहा, पार्टी आलाकमान का जो भी फैसला होगा, हम उसे स्वीकार करेंगे। ब्यूरो

### बीरेन सिंह के कारण राज्य में अशांति : कांग्रेस

मणिपुर के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मेघचंद्रा ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे का स्वागत किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस राज्य में नया मुख्यमंत्री चाहती है, लेकिन हम राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने के किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं। यह बीरेन सिंह की प्रशासनिक विफलता है, जिसके कारण राज्य में अशांति पैदा हुई। वहीं, नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता शेख नूरुल हसन ने कहा, हमने बीरेन सिंह की सरकार से अपना समर्थन वापस लिया, क्योंकि हमें उनके नेतृत्व पर विश्वास नहीं था।

## पति से विवाद...महिला ने दो बेटियों की हत्या कर अपनी भी गर्दन काटी




**अमरोहा।** नौगांवा सादात क्षेत्र के बहादुरपुर खुर्द गांव में पति से विवाद के बाद सोनिया (30) ने बेटी अनुष्का (7) व किट्टो (3) की गला दबाकर हत्या कर दी। चाकू से खुद की गर्दन काट ली। उसकी हालत नाजुक है।

मुजफ्फरनगर जिले के खतौली थाना क्षेत्र के धौड़ गांव निवासी सोनिया की शादी करीब दस साल पहले कौपिन से हुई। उसकी बड़ी बहन सोनम की शादी कौपिन के बड़े भाई रामभूल से हुई है। पुलिस के मुताबिक, तीन भाइयों में मझला कौपिन गुरुग्राम में नौकरी करता है। शनिवार को वह घर आया था। इसके बाद सोमवार सुबह गुरुग्राम काम पर चला गया। बताया जाता है कि पति-पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते दोपहर करीब 12 बजे सोनिया ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। सोनिया ने अपनी दोनों बेटियों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसने चाकू से अपनी गर्दन काट ली। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच की। एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ पंकज त्यागी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। संवाद

### खेल-खेल में मासूम ने निगला सिक्का, मौत

**उन्नाव।** खड़वल गांव में शिवांशु (4) ने खेल-खेल में एक रुपये का सिक्का निगल लिया। गले में फंसने से सांस रुकने से उसकी मौत हो गई। सुशील का बेटा शिवांशु सोमवार सुबह घर में मूंगफली खा रहा था। इसी दौरान उसने एक रुपये का सिक्का निगल लिया। सांस लेने में तकलीफ होने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सीएचसी ले गए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शिवांशु तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। संवाद

### पेटीएम क्यूआर कोड मशीन में धमाका, पिता-पुत्र झुलसे

**आगरा।** एक बिरयानी विक्रेता के घर में चार्जिंग पर लगी पेटीएम क्यूआर कोड स्कैनर मशीन में धमाका होने से घर में आग लग गई, जिसमें विक्रेता भूरा खां और उनका 9 साल का बेटा अरहान झुलस गए। आगरा के जटपुरा में सोमवार सुबह हादसे के बाद दो दमकल ने आग पर काबू पाया। हादसे के पीछे अत्यधिक गर्म होने से बैटरी का फटना माना जा रहा है। ब्यूरो


भूरा खां

### आईआईटी के पीएचडी छात्र ने दी जान

**कानपुर।** मैं क्विट कर रहा हूं, इसमें कोई इनवाल्व नहीं है, यह मेरा निर्णय है। तीन लाइन का सुसाइड नोट लिखकर आईआईटी के पीएचडी छात्र अंकित यादव (24) ने सोमवार को हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। खुदकुशी करने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। नोएडा निवासी अंकित यादव आईआईटी में केमिस्ट्री विषय से पीएचडी प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। उसने 2024 में दाखिला लिया था। ब्यूरो

### महायुति में दरार की अटकलें फडणवीस से मिलने पहुंचे उद्धव ठाकरे के विश्वासपात्र नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सोमवार को अचानक मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। वहीं, दूसरी ओर इस मुलाकात के कुछ ही घंटे बाद उद्धव ठाकरे के विश्वासपात्र मिलिंद नार्वेकर, सुभाष देसाई और विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे फडणवीस से मिलने उनके 'सागर' बंगले पहुंच गए। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं की फडणवीस से मुलाकात दादर स्थित बालासाहेब ठाकरे स्मारक को लेकर चर्चा हुई। लेकिन उद्धव ठाकरे की पार्टी के तीन नेताओं के मुख्यमंत्री से मुलाकात को लेकर राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गई हैं। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) से हटाया गया है, जबकि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को इसमें शामिल किया गया है। इसलिए इस मुलाकात के मायने निकाले जा रहे हैं और सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में दरार की अटकलें भी शुरू हो गई हैं। ब्यूरो

**राज ठाकरे से मिले सीएम, कहा-दोस्ताना मुलाकात की**

### शाइन सिटी घोटाले में राशिद की संपत्तियां होंगी नीलाम

**लखनऊ।** निवेशकों के साथ करीब 60 हजार करोड़ रुपये की ठगी करने वाले जालसाज राशिद नसीम की संपत्तियों को जल्द नीलाम किया जाएगा। शाइन सिटी के सीएमडी राशिद को ईडी की विशेष अदालत ने 7 फरवरी तक पेश होने की मोहलत दी थी। उसके पेश नहीं होने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अदालत की अनुमति लेकर राशिद और उसकी कंपनियों की चल-अचल संपत्तियों को नीलाम कर निवेशकों की जमा पूंजी वापस करेगा। शाइन सिटी घोटाला करने के बाद राशिद दुबई भाग गया था। इसके बाद ईडी ने उसके खिलाफ भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए विदेश मंत्रालय के जरिये दुबई में समन तामील कराया था। उसे बीते दिसंबर माह में पेश होना था, लेकिन वह वापस नहीं आया। ब्यूरो


दुबई भागे राशिद की पेश होने की मोहलत खत्म

### तमिलनाडु, हिमाचल, उत्तराखंड, केरल उच्च शिक्षा संस्थानों में अधिक नामांकन करने वाले शीर्ष राज्य

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केरल 2021-22 में उच्च शिक्षा संस्थानों में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 'अचीवर्स' राज्य हैं। 'राज्यों और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार' रिपोर्ट में कहा गया कि छत्तीसगढ़, नगालैंड, झारखंड और बिहार उच्च शिक्षा संस्थानों में जीईआर में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य थे और उन्हें आकांक्षी श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, केरल, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश जीईआर (2011-12 बनाम 2021-22) में डेडाडल वृद्धि के संबंध में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य थे। सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक को 'अग्रणी' श्रेणी में स्थान दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, छात्र-शिक्षक अनुपात तमिलनाडु, गोवा और कर्नाटक के विश्वविद्यालयों में सबसे कम था, जबकि झारखंड और बिहार के विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक था। ब्यूरो

**नीति आयोग ने जारी की रिपोर्ट**

## दिल्ली-एनसीआर

# जालसाजों ने पूरे परिवार को किया डिजिटल अरेस्ट, 1.10 करोड़ ठगे

### रिटायर्ड मैनेजर के परिवार पर पांच दिनों तक रखी निगरानी, मनी लॉड्रिंग में फंसाने की दी धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एलआईसी के रिटायर्ड मैनेजर को परिवार के साथ मनी लॉड्रिंग में फंसाने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर तरह-तरह की धमकी देकर डरा दिया और एक करोड़ 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। जब पीड़ित को साइबर ठगी की जानकारी हुई तब पुलिस से शिकायत की। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। जिनमें साइबर ठगी की रकम भेजी गई है।

सेक्टर-19 के ए ब्लॉक में रहने वाले चंद्रभान पालीवाल एलआईसी के सेवानिवृत मैनेजर हैं। इनके पास एक फरवरी को दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि दो घंटे के भीतर ट्राई से संपर्क कर लें नहीं तो सिम बंद हो जाएगा। इसके बाद बताया कि आपका मामला मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच में चल रहा है।

करीब दस मिनट बाद कथित मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन से एक फोन आया और उसने खुद को आईपीएस राजीव कुमार बताकर वीडियो कॉल पर बात शुरू की। वीडियो में ग्रेटर मुंबई पुलिस का लोगो दिखाई दे रहा था। कथित आईपीएस ने कहा कि आपके खिलाफ देश भर में अलग-अलग जगहों पर 24 केस दर्ज हैं। ये सभी केस लोगों को डरा धमकाकर पैसा वसूलने से लेकर मनी लॉड्रिंग के हैं।

चंद्रभान के नाम से केनरा बैंक मुंबई में एक बैंक खाता खोला गया है। उस बैंक से पैसा निकालकर दूसरे खाते में डाला गया है। सारा पैसा मनी लॉड्रिंग का है। यह सब सुनकर पीड़ित डर गए। इसके बाद यह कहकर और भी डरा दिया गया कि उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट है। इसमें उसकी तुरंत गिरफ्तारी होगी। इसके लिए आधार कार्ड की जांच के लिए कैमरे को सामने लाकर फोटो लिया गया। इस दौरान पीड़ित से बैंक संबंधी जानकारी भी ली गई। पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखने के बाद एक करोड़ दस लाख रुपये अलग अलग खातों में ट्रांसफर करा लिया।

**फोन चार्जिंग पर लगवाया, स्काइप से नजर रखी गई**

साइबर जालसाजों ने पति-पत्नी व बेटी तीनों को इतना डरा दिया और ऐसे ऐसे सवाल किए कि सभी को लगा कि अब जेल जाना तय है। जालसाजों ने पांच दिन तक किसी से फोन पर बात करने मना कर दिया और मोबाइल चार्जिंग पर अपने सामने लगवाया। इस दौरान पांच दिन तक स्काइप कॉल से नजर रखी गई। अगले दिन सीबीआई कोर्ट में एक व्यक्ति जज के रूप में दिखाया गया। उसने पीड़ित को मोबाइल के सामने बुलाया। नरेश गोयल के साथ संबंध होने की बात कहकर कथित जज ने शिकायतकर्ता की बेल खारिज कर दी और ऑर्डर की कॉपी शिकायतकर्ता को भेज दी गई।

**एफडी तुड़वाकर पीड़ित ने भेजी रकम**

जब कथित जज ने बेल खारिज कर दी तब जालसाजों ने बचने के लिए रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़ित की तरफ से जब बताया गया कि इतनी रकम नहीं है तब एफडी तुड़वाकर पैसे भेजने के लिए कहा गया। नहीं तो कुछ ही घंटों में अरेस्ट करने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित और उसकी पत्नी बैंक पहुंची। एफडी तुड़वाई और जालसाजों के बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर की। इसके बाद जब दोबारा चंद्रभान पर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया तो वह फिर बैंक पहुंच गया। वहां बैंक अधिकारियों ने पुलिस से शिकायत करने के लिए कहा। इसके बाद इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में बेंगलुरू के खाते में रकम ट्रांसफर होने की जानकारी मिली है।

**पूरे परिवार के साथ पहली घटना**

नोएडा में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं लगातार हो रही हैं लेकिन पूरे परिवार को एक साथ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की यह पहली घटना है। इससे पहले मां व बेटी को एक साथ डिजिटल अरेस्ट किया गया था।

**अखबार अच्छी राह दिखाता है, पढ़ते रहिए**


सावित्री देवी, बलजीत नगर

हर सुबह खबरों के संसार में ले जाने वाला अमर उजाला लाया है प्रिय पाठकों के लिए खास मौका। अमर उजाला पढ़ते हुए हमें अपनी तस्वीर नाम और पते के साथ 9873687563 पर व्हाट्सएप करें। चुनिंदा तस्वीरों को रोजाना प्रकाशित किया जाएगा।

### होली तक शताब्दी नगर से चलेगी रैपिड रेल

**गाजियाबाद/मेरठ।** नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो का संचालन होली तक शताब्दीनगर (शॉप्रिक्स मॉल) तक होने की संभावना है। रैपिड ट्रायल सोमवार को भी किया गया। मेट्रो का ट्रायल कई दिन से चल रहा है।

मेरठ साउथ से नमो भारत रैपिड रेल का शताब्दीनगर तक ट्रायल लगातार गति बदल-बदलकर किया जा रहा है। रैपिड रेल और मेट्रो के स्टेशनों पर पार्किंग की भी सुविधा है। यात्री अपने वाहन पार्किंग में खड़े कर रैपिड और मेट्रो का सफर कर सकेंगे। शताब्दीनगर शहर में नमो भारत का दूसरा स्टेशन होगा।

शताब्दीनगर पर नमो भारत के साथ मेट्रो भी रुकेगी और यात्रियों को दोनों ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। शताब्दीनगर से आनंद विहार तक नमो भारत में महज 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। मेरठ साउथ स्टेशन रैपिड कॉरीडोर का शहर में पहला स्टेशन है।

यह स्टेशन शहर के केंद्र रूप में उभरेगा। यहां न केवल शहर के बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में यहां सबसे बड़ी पार्किंग बनाई गई है। पार्किंग में 1200 वाहन खड़े किए जा सकते हैं। वहीं शताब्दीनगर में 800 वाहन खड़े करने की क्षमता की पार्किंग बनाई जा रही है। ब्यूरो


फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले में नृत्य पेश करते ओडिशा के कलाकार। अमर उजाला

### सूरजकुंड मेले में भा रही कैदियों की कला

**फरीदाबाद।** प्रदेश की जेलों में बंद लगभग 7 हजार कैदियों के बनाए गए फर्नीचर, बेकरी उत्पाद, जूट से बने बैग आदि सामान सूरजकुंड मेले में लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। पानीपत के जेल उप अधीक्षक नवीन छिल्लर के निर्देशन में सूरजकुंड मेला में हरियाणा जेल विभाग की स्टॉल पर ये सभी उत्पाद उपलब्ध हैं। 3 दिन के दौरान लगभग पौने 4 लाख रुपये की सेल जेल विभाग के इस काउंटर से हो चुकी है। यहां मौजूद अधिकारियों को उम्मीद है कि वे मेले के अंत तक लाखों रुपये के उत्पाद यहां बेच देंगे। जिसका सीधा फायदा इन 7 हजार कैदियों को होगा। ब्यूरो

## फिटजी के प्रबंध निदेशक समेत 4 पर एफआईआर

### 73 छात्रों से लगभग 1.75 करोड़ रुपये जमा कराकर बंद कर दिया था इंदिरापुरम का सेंटर

अमर उजाला ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** छात्र-छात्राओं से करोड़ों की फीस लेकर अचानक सेंटर बंद करने वाले फिटजी के प्रबंध निदेशक डीके गोयल, केंद्र प्रमुख आशीष गुप्ता, प्रशासनिक प्रमुख भरत सहगल और अन्य कर्मचारी राजीव बब्बर के खिलाफ इंदिरापुरम पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

इनके खिलाफ रविवार को बड़ी संख्या में एकत्र हुए अभिभावकों ने पुलिस से शिकायत की थी। आरोप था कि फिटजी ने इंटीग्रेट कोर्स में बच्चों का प्रवेश लेकर पूरी फीस पहले ही जमा करा ली। इसके बाद दो फरवरी को अचानक सेंटर बंद कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को 35 से भी ज्यादा अभिभावकों की तरफ से सामूहिक तौर पर तहरीर सौंपी गई थी। उनका कहना था कि उन्होंने फिटजी के इंटीग्रेट प्रोग्राम कोर्स में बच्चों का प्रवेश कराया था। सेंटर में 73 छात्र पढ़ रहे थे, जिनसे फीस के रूप में पौने दो करोड़ रुपये लिए गए थे। आरोप है कि फिटजी प्रबंधन के अधिकारियों ने बिना पूर्व सूचना के ही दो फरवरी 2025 को स्टडी सेंटर भी बंद कर दिया। साथ ही इंदिरापुरम स्थित जयपुरिया स्कूल में अनुबंध के तहत होने वाले शिक्षण कार्यक्रम को भी बंद कर दिया। इस वजह से छात्र और उनके माता-पिता दोनों मानसिक रूप से परेशान हैं।

### फिटजी संस्थापक के 12 खातों में 11 करोड़ जब्त

**नोएडा।** पुलिस ने फिटजी (एफआईआईटीजेईई) कोचिंग संस्थान के संस्थापक दिनेश गोयल से जुड़े 12 खातों से 11.11 करोड़ जब्त किए हैं। सोमवार को नोएडा पुलिस ने बताया कि गोयल के पैन कार्ड के मुताबिक, विभिन्न राज्यों में संस्थान के 172 चालू खाते और 12 बचत खाते हैं, उनमें से 12 बैंक खातों का विवरण सामने आया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में नॉलेज पार्क पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (4) और 316 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ब्यूरो

## किसान आंदोलन : टूल किट मामले में दो लोगों के खिलाफ जारी एलओसी रद्द

### 2021 में प्रदर्शन के मामले में दर्ज हुआ था केस

**अदालत से**

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने 2021 के किसानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज टूल किट मामले में दो लोगों के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने थिलकश्री कृपानंद और शांतुनु मुलुक के खिलाफ एलओसी को रद्द करते हुए कहा कि जांच लगभग चार साल से चल रही है और अभी तक उनके खिलाफ कोई आरोपपत्र दायर नहीं किया गया है।

न्यायालय ने कहा रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे पता चले कि याचिकाकर्ताओं ने कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए सहयोग नहीं किया या कोई प्रयास नहीं किया। ऐसी परिस्थितियों में एलओसी जारी करना जो फरार व्यक्तियों को कानूनी कार्यवाही से बचने से रोकने के लिए एक असाधारण उपाय है, उन व्यक्तियों के खिलाफ उचित नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा, दोनों ने भागने या न्याय की प्रक्रिया में बाधा डालने का कोई इरादा नहीं दिखाया है। अदालत ने कहा, कृपानंद को कभी भी जांच के लिए बुलाया ही नहीं गया, मुलुक को 2021 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी और जांच के लिए बुलाया गया। उनका कहना था कि दोनों ने चल रही जांच में पूरा सहयोग किया। प्रदर्शनों को लेकर दर्ज की गई एफआईआर में दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि 2021 के किसान विरोध के दौरान सोशल मीडिया पर कई टूलकिट दस्तावेज प्रसारित किए गए थे। ब्यूरो

### शराब कारोबारी समीर को विदेश यात्रा की अनुमति

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को विदेश यात्रा की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति अमित महाजन की बेंच ने महेंद्रू को बिजनेस के सिलसिले में 19-22 फरवरी तक दुबई जाने की अनुमति दे दी है। तब तक महेंद्रू के खिलाफ जारी लुक आउट नोटिस निलंबित रहेगा। हालांकि मामले की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि ट्रायल के लिए महेंद्रू की जरूरत है। ब्यूरो

### नरेश बाल्यान के साथी के खिलाफ वारंट रद्द करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका मामले में आप नेता नरेश बाल्यान के कथित सहयोगी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट रद्द करने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि आवेदक उम्मेद सिंह ने अपने खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) को वापस लेने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं दिखाया। जांच अधिकारी द्वारा दायर एक आवेदन पर 21 जनवरी को सिंह के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि आरोपी जानबूझकर गिरफ्तारी से बच गया और उसके घर और ठिकानों पर लगातार छापेमारी के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह के अनुसार, बालियान ने सिंह के नाम पर समझौतों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, समझौतों के बाद बालियान ने संपत्तियों को विवादित स्थिति में डाल दिया और कथित सिंडिकेट नेता कपिल सांगवान को शामिल किया। ब्यूरो

Medical Helpline
इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल
अब सेक्टर-35 नोएडा में
नि:शुल्क
नि:संतानता परामर्श
सप्ताह के 7 दिन खुला

8826975080, 8585808073
ए-1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)
RAVI HOSPITAL
Email : noida@ravihospital.org
आगरा । अलीगढ़ । फिरोजाबाद । नोएडा

गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
ब्रांच : रोजाना मिलें - लाजपत नगर, नई दिल्ली
हर मंगलवार - सेक्टर 18 नोएडा.
हर बुधवार - नीलम चौक, फरीदाबाद
हर इतवार - बस स्टैण्ड, गुरुग्राम
Call & Book Appointment
9837023223



### सीमा पर ड्रोन आक्रमण रोके सरकार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक ने राज्यसभा में शून्य काल में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते ड्रोन आक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से इसके नियंत्रण के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की। पाठक ने कहा कि पंजाब स्थित सीमांत इलाकों में ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान की ओर से लगातार नशीली दवाएं और हथियार भेजे जा रहे हैं। 2023 में सुरक्षा बलों ने पंजाब-पाक सीमा पर 107 ड्रोन सीज किए, जबकि नवंबर, 2024 तक ही 200 के करीब ड्रोन जब्त किए गए। ब्यूरो


**अमर उजाला**

amarujala.com

नई दिल्ली | मंगलवार, 11 फरवरी 2025




#### कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने कहा-जनगणना में पहली बार चार साल से अधिक की हुई देरी

## 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा से वंचित, जल्द कराएं जनगणना

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को सरकार से शीघ्र जनगणना कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि नई जनगणना नहीं होने से 14 करोड़ पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है।

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान अपने पहले भाषण में सोनिया ने कहा-स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार है, जब हर 10 साल में कराई जाने वाली जनगणना में चार साल से अधिक की देरी हुई है। मूल रूप से इसे 2021 में हो जाना चाहिए था, लेकिन अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि जनगणना कब कराई जाएगी।



सोनिया ने कहा कि बजट आवंटन को देखकर पता चलता है कि इस वर्ष भी नई जनगणना कराए जाने की संभावना नहीं है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत लाभार्थियों की पहचान 2011 की जनगणना के अनुसार की जा रही है, न कि नवीनतम आंकड़ों के आधार पर। इसके चलते करीब 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा से वंचित हैं। उन्होंने यूपीए सरकार के सितंबर, 2013 में शुरू एनएफएसए को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। ब्यूरो

**मौलिक अधिकार है खाद्य सुरक्षा**

सोनिया ने कहा-खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि यह एक मौलिक अधिकार है। यह जरूरी है कि सरकार जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने को प्राथमिकता दे और सभी पात्र व्यक्तियों को एनएफएसए के तहत लाभ दिलाना सुनिश्चित करे।

#### संसद में दिखा राष्ट्रीय राजधानी के चुनावी नतीजों का असर...सत्ता पक्ष उत्साहित

## दिल्ली की प्रचंड जीत पर सदन में लगे मोदी-मोदी के नारे



दिल्ली के नतीजे आने के बाद सोमवार को संसद पहुंचे भाजपा सदस्य काफी उत्साहित दिखे। एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का असर संसद में भी दिखा, जब सत्तापक्ष के सदस्यों ने दोनों सदनों में मोदी-मोदी के नारे लगाए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सोमवार संसद के पहले वर्तमान बजट सत्र का पहला कामकाजी दिन था।

लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही भाजपा के कई सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए नारे लगाने लगे। सत्तापक्ष के सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करवाया। उधर, राज्यसभा में भी बैठक शुरू होते ही भाजपा के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाने लगे। इसी बीच, सभापति जगदीप धनखड़ ने भाजपा सदस्य संजय सेठ को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान नारेबाजी कुछ देर के लिए रुकी, लेकिन उसके तुरंत बाद फिर शुरू हो गई। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई। ब्यूरो

### बजट राजनीति से प्रेरित, दिल्ली चुनाव पर रहा केंद्रित : चिदंबरम

नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने केंद्रीय बजट को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि इसे दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया। इसमें गरीबों और आबादी के निचले आधे हिस्से को नजरअंदाज किया गया है। राज्यसभा में बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर केंद्र के पूंजीगत व्यय और राज्यों को अनुदान में कटौती करके राजकोषीय घाटे में सुधार का दावा करने का आरोप लगाया और इसे खराब अर्थशास्त्र करार दिया। ब्यूरो

### मनमोहन को भारत रत्न क्यों नहीं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने पूछा कि सरकार ने देश के लिए योगदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारत रत्न क्यों नहीं दिया? चिदंबरम की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सिंह को अपमानित करने के अलावा और क्या दिया है।

### फीकी पड़ रही कमेंट्री की चमक बने क्रिकेट कमेंटेटरों का समूह

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद नदीमुल हक ने राज्यसभा में सोमवार को इस बात पर दुख जताया कि आकाशवाणी पर क्रिकेट कमेंट्री की चमक खत्म हो रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि कमेंटेटरों का एक समूह बनाना चाहिए, जिसका नेतृत्व हर्षा भोगले जैसे दिग्गज करें, ताकि इसे दिलचस्प बनाया जा सके। हक ने कहा कि भारत में रेडियो पर क्रिकेट कमेंट्री की महान परंपरा रही है, लेकिन यह सरकार उस परंपरा को खत्म कर रही है। ब्यूरो



राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते भाजपा सांसद जेपी नड्डा व कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी। एजेंसी

### वर्तमान में 323 उड़ान मार्ग चालू

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत शुरू किए गए 619 मार्गों में वर्तमान में 323 मार्ग चालू हैं। इनमें वाणिज्यिक मार्ग भी शामिल हैं। वहीं, तीन साल की नियत अवधि से पहले 114 मार्ग बंद हो गए हैं। ब्यूरो

### 255 यात्री नो फ्लाई सूची में

नई दिल्ली। सरकार ने राज्यसभा को बताया कि तीन साल में एयरलाइनों ने 255 यात्रियों को नो फ्लाई लिस्ट में डाला। इसका कारण चालक दल के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार, झगड़े और मारपीट जैसी घटनाएं हैं। 2024 में 82 और 2023 में 110 लोगों को इस सूची में डाला गया था। ब्यूरो

# बैंकों ने सोने की नीलामी के नियम तोड़े तो सख्त कार्रवाई : सीतारमण

#### वित्त मंत्री ने कहा-एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक को करना ही होगा प्रकियाओं का पालन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उधारकर्ता के गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहने पर यदि बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) सोने की नीलामी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करती हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा, एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) समान नियमों से निर्देशित होते हैं। सोने की नीलामी के लिए निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं हैं। इन प्रक्रियाओं का पालन एनबीएफसी और बैंकों को करना होता है। एनबीएफसी और एससीबी को कुछ शर्तों के साथ सोने को नीलाम करने का अधिकार है। इन्हें उधारकर्ता को पर्याप्त संख्या में नोटिस देना होता है। उन्हें नीलामी का स्पष्ट कारण बताना होता है। मंत्री ने कहा कि यदि कोई उधारकर्ता नोटिस के बावजूद ऋण चुकाने के लिए वापस नहीं आता है तो बैंक या एनबीएफसी नीलामी के लिए बाध्य होंगी।



लोकसभा में सवालों के जवाब देंती वित्त मंत्री।

### 1.88 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी

सरकार ने लोकसभा में बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 1.88 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अप्रैल से दिसंबर के बीच आईटीसी धोखाधड़ी के 72,393 मामलों सहित जीएसटी चोरी 1.88 लाख करोड़ रुपये रही। इस दौरान 132 गिरफ्तारियां की गईं और 20,128 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

- **वित्त वर्ष 2023-24 में** सीजीएसटी अधिकारियों ने 20,582 मामलों में 2.30 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता लगाया। 31,758 करोड़ रुपये की वसूली की गई और 223 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2022-23 और 2021-22 में क्रमशः 1.32 लाख करोड़ रुपये और 73,238 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया।

### सोने की खरीद का उद्देश्य डॉलर की जगह लेना नहीं

सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोने की खरीद बढ़ाने को भंडारण में विविधता लाने की रणनीति का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि भारत में घरेलू कारणों से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। सोना अंतरराष्ट्रीय मुद्रा की जगह नहीं ले सकता। अमेरिकी डॉलर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक है। यह डॉलर से दूर जाने या वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय निपटान तंत्र में बदलाव का संकेत नहीं है। वित्त मंत्री ने ऐसे समय में यह बात कही है, जब वैश्विक स्तर पर डॉलर के इतर सोने को वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय निपटान तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने की चर्चाएं हो रही हैं।

**घरेलू कारणों से सोने की मांग में हुई बढ़ोतरी**

- लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सवाल उठाया, अमेरिका के स्वर्ण मानक को त्यागने के बाद इसने प्रमुख परिसंपत्ति के रूप में अपना महत्व खो दिया है। इसके उलट हाल के वर्षों में भारत सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने के भंडार में बढ़ोतरी की है। दो दशक पहले सोने के वैश्विक भंडार में भारत की महज 6% हिस्सेदारी थी, अब यह 11% है। डॉलर से सोने की तरफ हो रहा यह बदलाव, क्या वैकल्पिक अंतरराष्ट्रीय निपटान तंत्र की ओर जाने का इशारा कर रहा है?
- **वित्त मंत्री ने कहा,** भारत में घरेलू कारणों से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। लोग इसे सुरक्षित निवेश के रूप में भी देख रहे हैं। भंडारण में विविधता लाने के लिए आरबीआई भी सोने की खरीद करती है।

## यूएसएड ने देश को अस्थिर करने के लिए खर्च किए 5 हजार करोड़

#### भाजपा सांसद दुबे ने कहा- सोरोस से कांग्रेसियों के करीबी रिश्ते

नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) से वित्त पोषित संगठनों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि यूएसएड ने भारत को अस्थिर करने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें से भारत और बांग्लादेश में अस्थिरता फैलाने के लिए विवादास्पद उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के संगठनों को 26 करोड़ डॉलर (22 अरब 74 करोड़ रुपये) दिए गए।

निशिकांत ने आरोप लगाया कि ऐसे संगठनों के कांग्रेस नेताओं से करीबी रिश्ते हैं। इस पर हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। शून्यकाल में निशिकांत ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूएसएड पर लगाम लगाने के कारण पूरी दुनिया में तहलका मचा हुआ है। निशिकांत ने कहा कि देशहित में इस सच्चाई का सामने आना जरूरी है कि जॉर्ज सोरोस से कांग्रेस नेताओं के करीबी रिश्ते हैं या नहीं? इस उद्योगपति की संस्थाओं को राजीव गांधी फाउंडेशन, गांधी परिवार से जुड़े ट्रस्टों को राशि मिली या नहीं? इन संस्थाओं ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को मदद दी या नहीं। ब्यूरो

### किसान संपदा योजना से खाद्य प्रसंस्करण व भंडारण को बढ़ावा

नई दिल्ली। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने राज्यसभा में बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना ने पूरे देश में खेत-खलिहानों से लेकर खुदरा दुकानों तक असरदार आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में अहम योगदान दिया है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत स्टील साइलो (विशाल अनाज भंडारण केंद्र) बनाने की योजना को मंजूरी दी है। पूरे देश में मौजूदा वक्त में 24.25 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) क्षमता वाले साइलो बनाए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देना, किसानों की आमदनी बढ़ाना, फसल की बर्बादी कम करना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। ब्यूरो

### लंदन से महंगा प्रयागराज का टिकट, सभापति बोले, सनातन के लिए पाचन शक्ति बढ़ाएं

नई दिल्ली। संसद सत्र में प्रयागराज के महंगे हवाई टिकटों का मुद्दा उठा। राज्यसभा में कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि लंदन का टिकट 24 हजार रुपये का है और प्रयागराज का टिकट इससे भी महंगा मिल रहा है। तिवारी ने कोलकाता, दिल्ली, हैदराबाद से प्रयागराज के टिकट का ब्योरो सदन पटल पर रखा। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सनातन के लिए अपनी पाचन शक्ति को बढ़ावा दीजिए। प्रयागराज की महत्ता बढ़ रही है। ऐसा रोज तो नहीं होता, 144 साल के बाद ऐसा संयोग बना है। ब्यूरो

#### महाकुंभ के दौरान प्रदूषित जल छोड़े जाने पर संसद में सरकार ने कहा-नमामि गंगे के तहत दी विशेष सहायता

## गंगा-यमुना में नहीं छोड़ा जा रहा प्रदूषित पानी

नई दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने राज्यसभा में बताया कि प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में नालों के माध्यम से अनुपचारित या प्रदूषित जल प्रवाहित नहीं किया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान गंगा-यमुना में प्रदूषित जल छोड़े जाने को लेकर उठ रहे सवालों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, स्वच्छ गंगा अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

विशेष रूप से नमामि गंगे मिशन-द्वितीय के तहत प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान नालों के जल को शुद्ध करने की दिशा में वित्तीय सहायता दी गई है और इस संबंध में एक परियोजना को मंजूरी भी प्रदान की गई है। योजना के तहत कुल 48,100 शौचालय और मूत्रालय साथ ही 20,000 ठोस कचरा डिब्बे और लाइनर बैग उपलब्ध कराए गए हैं। ■ अमर उजाला नेटवर्क



महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। अब तक करीब 45 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं।

### 23 राज्यों के भूजल में नाइट्रेट की मात्रा ज्यादा

एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2024 की वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 440 जिलों में नाइट्रेट की मात्रा अनुमति सीमा से अधिक पाई गई है। 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 263 जिलों में भूजल में फ्लोराइड अधिक मिला, जबकि 20 राज्यों के 118 जिलों में आर्सेनिक प्रदूषण की पहचान हुई है।

### वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का ठोस आंकड़ा नहीं

लोकसभा में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि केवल वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का ठोस और निर्णायक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी बीमारियों का एक कारक हो सकता है लेकिन स्वास्थ्य पर असर डालने वाले अन्य कई तत्व भी होते हैं, जैसे खानपान की आदतें, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आनुवंशिकता, प्रतिरक्षा तंत्र और चिकित्सा इतिहास।

**ऊर्जा संरक्षण में भारत बेहतर**

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने राज्य सभा में बताया कि ऊर्जा संरक्षण में भारत का प्रदर्शन वैश्विक स्तर पर सबसे बेहतर रहा है। 2021 से 2024 की अवधि में वैश्विक ऊर्जा तीव्रता 1.3% घटी, जबकि भारत में 1.6 फीसदी का सुधार हुआ।

## ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बांध निर्माण से आपदा का खतरा

#### भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने कहा, परियोजना रुकवाए सरकार

नई दिल्ली। भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़ा बांध बनाने का मुद्दा उठाया। सैकिया ने लोकसभा में कहा, इससे भारत, खासतौर पर उत्तर पूर्व राज्यों में आपदा का खतरा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि पड़ोसी देश से बात कर इस परियोजना को रुकवाया जाए।

असम के दरांग-उदलगुड़ी से सांसद सैकिया ने कहा कि तिब्बत के जिस क्षेत्र में यह बांध बनना है, वह अरुणाचल प्रदेश के करीब है। इस बांध के बनने से जहां पर्यावरण और स्थानीय जनता प्रभावित होगी, वहीं ब्रह्मपुत्र के प्रवाह पर चीन का नियंत्रण हो जाएगा। उत्तर पूर्व भारत में पानी की कमी या बाढ़ का संकट पैदा हो जाएगा। ब्यूरो

### वंदे भारत में स्वतंत्रता सेनानियों को पास की सुविधा की मांग

लोकसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान भाजपा के बी महताब ने सरकार से वंदे भारत ट्रेन में स्वतंत्रता सेनानियों को प्रथम श्रेणी यात्रा पास की सुविधा दिए जाने की मांग की। शिवसेना (उबाठा) के अरविंद सावंत ने सरकार से मांग की कि मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराजा टर्मिनस (सीएसटी स्टेशन) के सामने शिवाजी की एक प्रतिमा स्थापित की जाए।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/136 दिनांक 07.02.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), चामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा प्रपत्र के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए "डब्ल्यूएपी-4 इलेक्ट्रिक लोको की 60 फ्लेक्सी कॉइल बोगियों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग (जीर्णोद्धार)"। **अनुमानित मूल्य:** रु.80,38,365.08, **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,60,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.02.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-593/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter



**महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया (उ0प्र0) 274001**

MAHARSHI DEVRAHA BABA AUTONOMOUS STATE MEDICAL COLLEGE, DORIA-274001

Website :- mdbmic.ac.in Tel. No.- 05568 297 433 Email-mdbmc2021@gmail.com

पत्रांक : मे.का.दे./विज्ञापन/2024-25/388 दिनांक : 10/02/2025

**जेम बिड सूचना**

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में High Performance Liquid Chromatography (HPLC) System (Q3) हेतु शासन द्वारा अनुमोदित विशिष्टताओं के आधार पर जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से निविदाएँ (तकनीकी/वित्तीय बिड अलग-अलग) बिड आमंत्रित करते हुए किया जाना है।

उक्त बिड में अधिक से अधिक संख्या में आपूर्तिकर्ता प्रतिष्ठान प्रतिभाग कर सकें इस हेतु जेम निविदा सूचना प्रकाशित किये जाने का प्रस्ताव निम्नवत प्रस्तुत है:-

| क्र.सं. | विवरण | धरोहर राशि |
| --- | --- | --- |
| 1. | High Perfomance Liquid Chromatography (HPLC) System (Q3) हेतु बिड सं- GEM/2025/B/5928792 dated-08-02-2025 | 100000.00 |

नोट : 01-उक्त के लिए (Two bids) टू बिड्स सिस्टम के अंतर्गत बिड दिनांक 19.02.2025 को सायं 10:00 बजे तक बिड प्रपत्र जेम पोर्टल www.gem.gov.in पर अपलोड किये जा सकते है। 02- बिड प्रपत्र में अंकित विवरण निविदा सूचना का अंश माना जायेगा और बिना किसी कारण बताये बिड निरस्त/संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया



**आयकर निदेशालय**
**जन संपर्क, प्रकाशन एवं प्रचार**
**6 मंजिल, मयूर भवन, नई दिल्ली- 110001**

**शुद्धिपत्र**

कृपया 10 फरवरी, 2025 को "बजट 2025-26 की मुख्य बातें" अभियान के संबंध में प्रकाशित विज्ञापन का संदर्भ लें, जिसका क्रमांक CBC/15401/13/0018/2425 है। इस शुद्धिपत्र द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि " राष्ट्रीय बचत योजना (NSS) से 29 अगस्त, 2024 या उसके बाद की गई जमा की गई धनराशि को निकालने पर कोई टैक्स नहीं देना होगा " वाले बिंदु को " 29 अगस्त, 2024 को या उसके बाद राष्ट्रीय बचत योजना (एनएसएस) से निकाली गई धन राशि पर कोई टैक्स नहीं देना होगा "के रूप में पढ़ा जाये।

**CBC 15401/11/0019/2425**



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: वरि०प्र०/(ई-निविदा सेल)/2025/571 दिनांक 10.02.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- वरि० प्र०/(ई-निविदा सेल)/2025/570 दिनांक 10.02.2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 02 तक के कार्य की ई-निविदाये आमन्त्रित जाती है। समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम /वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
| --- | --- | --- |
| 1. | ग्रेटर नौएडा सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में फ्लोवर-शो 2025 के आयोजन हेतु इवेंट मैनेजमेन्ट कम्पनी की नियुक्ति का कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रू0 15.29 लाख |
| 2 | ग्रेटर नौएडा सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में फ्लोवर-शो 2025 के आयोजन हेतु इवेंट मैनेजमेन्ट कम्पनी की नियुक्ति का कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | रू0 19.97 लाख |

क्रम सं0-01 एवं 02 पर अंकित कार्यो को दिनांक- 11.02.2025 से 20.02.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 21.02.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)

Follow Us On / OfficialGNIDA



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3**
**नई कालोनी, कालागढ़ (बिजनौर)**

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-26/ई.ई./के.भ.ख.-3/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनाँक 27-02-2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 27-02-2025 को मुख्य अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबन्ध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। उक्त निविदा दिनांक-11.02.2025 से प्रकाशित समझी जायेगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 11-02-2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 26-02-2025 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के कक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | पंजीकृत श्रेणी |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नई दिल्ली स्थित शहादरा ड्रेन एवं हिंडन कट कैनाल रेगुलेटर पर स्थापित स्टेयर केस असेंबली बदलने के कार्य। | 6.18 | 12500.00 | 15 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी "ए"/ मकेनिकल, सिंचाई विभाग |
| 2 | नई दिल्ली स्थित शहादरा ड्रेन के सुपरस्ट्रक्चर पर स्थापित पिनियन एवं शाफ्ट असेंबली बदलने का कार्य। | 3.92 | 8000.00 | 15 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी "ए"/ मकेनिकल, सिंचाई विभाग |
| 3 | नई दिल्ली स्थित शहादरा ड्रेन के सुपरस्ट्रक्चर पर स्थापित पेडस्टल यूनिट बदलने का कार्य | 5.12 | 10500.00 | 15 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी "ए"/ मकेनिकल, सिंचाई विभाग |
| 4 | नई दिल्ली स्थित शहादरा ड्रेन के सुपरस्ट्रक्चर पर स्थापित प्लमर ब्लाक बदलने का कार्य। | 7.36 | 15000.00 | 15 दिवस | 225.00 +18% जी.एस.टी. + (500 रु. स्टेशनरी चार्ज) | श्रेणी "ए"/ मकेनिकल, सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.inतथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.inपर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र, (2) जिलाधिकारीय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र (I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

www.upgov.nic.in
UPID No.-228682 Dt.-10.02.2025

अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़



**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/255 - 257 Date : 05/02/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 69/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
| --- | --- |
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 240.66 लाख (05 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 07.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 17.02.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 07.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 17.02.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 18.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाइट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00462 To ITU2425WSOB00466

अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/11423



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-20** के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
| --- | --- | --- |
| 1 | कार्य का विवरण | (i) 'Dismantling, Cleaning & painting of Bogies for WAP-7 Class locomotive Qty. 52 Locos' and 'Dismantling, Cleaning & painting of Bogies for WAP-5 Class locomotive Qty. 64 Locos', (ii) 'Removal of unmodified footstep and Fitment of Modified foot step in Bogie frame of WAP-7 locomotives, Qty. 120 locos', (iii) 'Removal and Fitment of cattle guard in WAP-7 locomotive, Qty. 100 Nos.' and (iv) 'Removing and installation of high speed sheet type cattle guard fitment in WAP-5 class locomotives, Qty. 50 Nos.' for the period of 36 months at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 30,40,720.00 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 60,800.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 06.03.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.03.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्याः 230-TRS-GZB-2024-25-20 दिनांकः 10.02.2025 456/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



ख़बरें तो हैं हर जगह, सिर्फ़ हम बताते हैं उसका मतलब: amarujala.com

अमर उजाला
amarujala.com
नई दिल्ली, मंगलवार
11 फरवरी 2025






षष्टिर्धनुः सहस्राणि यानि रक्षन्ति जाह्नवीम्
यमुनां रक्षति सदा सविता सप्तवाहन।

यहां साठ हजार धनुर्धर वीर गंगा की रक्षा करते हैं तथा सात घोड़ों से जुते हुए रथ पर चलने वाले सूर्य सदा यमुना की देखभाल करते हैं। (मत्स्य पुराण)

**आस्था का मीटर**

आंकड़ा : 10 फरवरी, 2025

| | |
|---|---|
| कल्पवासी | 10 लाख से अधिक |
| श्रद्धालु पहुंचे | 1.07 करोड़ |
| आज कुल स्नान | 1.17 करोड़ |
| अब तक कुल स्नान | 44.74 करोड़ |

# संगम एकता, प्रेम, त्याग, तपस्या का प्रतीक, इसे संजोकर रखें

**संगम की रेती पर अदृश्य सरस्वती के रूप में धर्माचार्य ज्ञान की सरस्वती का पान विश्व समुदाय को करा रहे हैं। संतों के बीच ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ में अनेक मुद्दों पर अपनी बेबाक राय से सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने परमधर्म संसद के जरिये कई मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। इन पर कितना अमल होगा, यह तो आने वाला वक्त बताएगा। महाकुंभ से जुड़े विविध पक्षों पर उनसे बात की अनूप ओझा ने...**



**■ कुंभ है क्या, भारतीय संस्कृति में कुंभ को किस रूप में व्यक्त करेंगे?**

- असल में कुंभ कलश को कहा जाता है। कुंभ पूर्णता का प्रतीक है। कुंभ दो तरह के होते हैं। एक खाली और एक भरा। हम सब खाली हैं। इसलिए कि हमारे हृदय रूपी कुंभ में बहुत इच्छाएं हैं। जब हमारे भीतर पूर्णता आ जाएगी, तब हमको कुछ नहीं चाहिए। संगम पर लगा कुंभ अनंत तत्वों से भरा है। इसमें डुबकी लगाने से आध्यात्मिकता समाहित हो जाती है।

**■ कहा जा रहा है कि संगम के तट पर 144 साल बाद दुर्लभ संयोग में विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन हो रहा है, इस पर आपकी राय क्या है?**

- इस तरह की घोषणाएं उचित नहीं है। महाकुंभ 12 साल के बाद आता है। कई बार 11 वर्ष पर भी कुंभ लगता है। अधिकारिक रूप से जब इस बात को कहा जाने लगा कि 144 साल बाद कुंभ लगा है, तब मैंने मेला प्रशासन को मौखिक और लिखित बताया था कि कुंभ को संख्या से मत जोड़िए। इसलिए कि कुंभ तिथि और ग्रहों के संयोग से लगता है। असल में प्रयाग का गजेटियर देखेंगे तो पिछला कुंभ कब लगा था, पता चल जाएगा। कुंभ माघ के महीने में तिथियों से होता है। इसमें अंग्रेजी की तारीख लगाना न्यायसंगत नहीं है।

**■ आप हमेशा नए प्रयोग करते रहे है, इस कुंभ में भी कोई प्रयोग है ?**

- हमने कई प्रयोग किए है। परमधर्म संसद लगाई। अनेक विषयों पर धर्मादेश पारित हुए हैं। उसे प्रकाशित करके हर सनातनी के घर भेजेंगे। यही महाकुंभ का संदेश होगा। पुराने समय से नियम रहा है कि जब धर्मात्मा यहां जुटते थे, तब 12 वर्षों की नीति की घोषणा करते थे। हमने इस बार कुंभ पर्व संदेश तैयार किया है। हम शंकराचार्य धर्मदूत के माध्यम से इसे जन-जन तक ले जाएंगे।

**■ आपने गोरक्षा यज्ञ के जरिये संदेश दिया, विश्व समुदाय को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

- देखिए अपना संदेश है कि बंटो मत, इकट्ठा रहो। लेकिन इकट्ठा होंगे कैसे। इकट्ठा रहने के लिए बहाना भी तो होना चाहिए। कोई गुलदस्ता ही नहीं है हमारे पास, जिसमें सारे लोग एक हो सकें। हमने देखा कि सनातन धर्म में हमारी गो माता हैं। भारत माता के बारे में चर्चा की जाती है, लेकिन उनकी उपासना पद्धति नहीं मिलती। गो माता हर हिंदू की माता है। विश्व समुदाय के लोग गो माता की रक्षा के लिए आगे आएं। गाय को विश्व माता के रूप में निरुपित करना चाहिए। यह हो गया तो बादलों की तरह मंडराते संकट दूर हो जाएंगे और दुनिया में खुशहाली आएगी।

**■ संगम की महिमा और शक्ति को किस रूप में देखते हैं?**

- संगम पर दो धाराएं आपस में मिलती हैं। दो नदियों का पुण्य प्रवाह सबको जोड़ता है। प्रयाग वह क्षेत्र है, जहां गंगा-यमुना का संगम है। यही संगम हमारी एकता, प्रेम, त्याग, तपस्या और संकल्पों का प्रतीक है। इस भूमि की प्रशंसा वेदों, शास्त्रों ने भी की है।

**■ आप सनातन बोर्ड के गठन के पक्ष में हैं या वक्फ बोर्ड भंग करने के?**

- वक्फ बोर्ड से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। जो वक्फ बोर्ड बनाए हों वह जानें कि इस पर उनकी क्या दृष्टि। सनातन बोर्ड पर भी मेरा कहना है कि वक्फ बोर्ड है इसलिए सनातन बोर्ड बने, हम इस पक्ष में भी नहीं है। रही बात अगर हमारे धर्म संस्थानों के संचालन के लिए एक केंद्रीयकृत नीति बनाने की जरूरत है तो हमें उस पर काम करना चाहिए। कोई सरकार फिर आएगी, वह सनातन बोर्ड में भी संशोधन करने लगेगी। इस मामले को बिना समझे कुछ नहीं करना चाहिए। हमने सनातन संरक्षण परिषद का गठन किया है। धर्माचार्य ही सनातन के संरक्षण के लिए नीति बनाएं।

**■ महाकुंभ हादसे के लिए आप किसको जिम्मेदार मानते हैं, क्या इस तरह की घटना से बचा जा सकता था?**

- मौनी अमावस्या पर हुए हादसे से बिल्कुल बचा जा सकता था। जब पहले से पता था कि हमारे पास इतनी ही जगह है तो पहले से समुचित व्यवस्था क्यों नहीं बनाई गई। यह कहना कि पहले भी भगदड़ होती थी और अब भी हो गई, यह अनुचित है। एक जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा यह कहना कि संगम पर कोई हादसा हुआ ही नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें। मेरा मानना है कि हमारी व्यवस्था में कहीं न कहीं चूक हो गई। इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। जांच कमेटी के नाम पर इस घटना को लंबित रखना भी गलत होगा।

### माघी पूर्णिमा कल, सीएम ने परखी व्यवस्था

# नजदीकी घाट पर ही स्नान करेंगे श्रद्धालु

अमर उजाला ब्यूरो

**महाकुंभ नगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को माघी पूर्णिमा स्नान पर्व की तैयारियों को भी परखा। उन्होंने वसंत पंचमी जैसी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि श्रद्धालुओं को जाम की वजह से परेशान न होना पड़े।



सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अफसरों संग वार्ता में बुधवार को पड़ने वाले माघी पूर्णिमा की तैयारियों की जानकारी लीं। कहा, सनातन को मानने वाला हर व्यक्ति महाकुंभ का हिस्सा बनना चाहता है। उन्हें किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

### सीएम ने कहा, न हो लोगों को परेशानी

श्रद्धालुओं के साथ शहरी भी जाम से परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि यातायात को लेकर बनाई गई योजना को पूरी तरह लागू किया जाए। माघी पूर्णिमा पर भी अधिक भीड़ का अनुमान है। इसलिए उस दिन भी जोनल प्लान लागू किया जाए। लोग नजदीकी घाट पर स्नान करें ऐसी व्यवस्था की जाए। किसी को परेशानी न हो।

### योजना बनाकर चालू हों पांटून पुल

मुख्यमंत्री ने पांटून पुलों के संचालन के भी निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए योजना बनाने के साथ उसे लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांटून पुलों के संचालन को लेकर वसंत पंचमी जैसी व्यवस्था की जाए। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में सारे इंतजाम किए जा रहे हैं।

# श्रद्धा और विश्वास का समागम है महाकुंभ : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, मां गंगा सब पर कृपा बनाए रखें

अमर उजाला ब्यूरो






संगम में आस्था की डुबकी लगातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। राष्ट्रपति का अभिनंदन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ। सोशल मीडिया

**महाकुंभ नगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संगम में स्नान कर राष्ट्र की समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ श्रद्धा और विश्वास का विशाल समागम तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है। त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से भी भावनाएं साझा की हैं।

राष्ट्रपति सुबह करीब सवा नौ बजे दिल्ली से प्रयागराज बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां पहले से मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे हवाई मार्ग से ही अरैल हेलिपैड पहुंचीं, जहां से क्रूज से वह त्रिवेणी स्नान के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति ने सबसे पहले त्रिवेणी जल को स्पर्श करते हुए अपनी श्रद्धा प्रकट की। इसके बाद पवित्र जल में फूल, माला, नारियल अर्पित कर राष्ट्र की समृद्धि और शांति के लिए कामना की। उन्होंने संगम में पुण्य की डुबकी संग भगवान दिवाकर को अर्घ्य दिया। साथ ही मां गंगा का पूजन अर्चन किया। विधि-विधान से वैदिक मंत्रों के बीच दुग्धाभिषेक और अक्षत, पुष्प, फल तथा लाल चुनरी अर्पित कर मां गंगा की आरती की।

संगम स्नान एवं पूजन के बाद राष्ट्रपति पहले किला घाट, फिर सड़क मार्ग से महावीर एवं त्रिवेणी मार्ग होते हुए किले के भीतर पहुंचीं। यहां सरस्वती कूप, अक्षयवट तथा पाताल पुरी के भी दर्शन-पूजन किए। इसके बाद करीब एक बजे उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना और आरती की। इस क्रम में करीब साढ़े तीन बजे वह डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का अवलोकन करने पहुंचीं। करीब एक घंटे तक यहां रुकने के बाद साढ़े चार बजे के लगभग क्रूज से वापस अरैल गईं और वहां से बमरौली एयरपोर्ट, जहां से उन्होंने शाम करीब पौने छह बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

**परिवार वालों ने प्रेसिडेंशियल व्यू से देखा महाकुंभ का नजारा :** संगम स्नान एवं दर्शन-पूजन के दौरान राष्ट्रपति के साथ परिवार के 40 सदस्य भी मौजूद रहे। परिवार के सदस्यों ने क्रूज से संगम भ्रमण के अलावा किला तथा प्रेसिडेंशियल व्यू से भी महाकुंभ का नजारा देखा। इस दौरान किला परिसर में काफी हलचल रही।

**मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की दी जानकारी :** क्रूज से संगम आते समय राष्ट्रपति ने मेला क्षेत्र का अवलोकन किया। साथ ही साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की बसावट और तैयारियों के संबंध में उन्हें जानकारी दी।

**महापौर ने राष्ट्रपति को सौंपी शहर की चाबी :** महापौर गणेश केसरवानी ने एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। साथ ही सम्मान में उन्हें शहर की चाबी भी सौंपी। प्रयागराज में चाबी सौंपने की इस परंपरा से महापौर तथा अन्य नेताओं के अलावा राष्ट्रपति भी उत्साहित एवं प्रसन्न नजर आईं।

### गुलाबी रंग के वस्त्र में पूरे परिवार ने किया संगम पूजन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम पूजन एवं मंदिरों में दर्शन के दौरान गुलाबी रंग की साड़ी पहन रखी थी। खास बात यह रही कि परिवार के अन्य सदस्यों ने भी इसी रंग के वस्त्र पहन रखे थे। अक्षयवट एवं हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान राष्ट्रपति के साथ उनका नाती भी शामिल रहा। प्रोटोकाल और वीआईपी आवभगत से दूर वह बाल धुन में ही मुग्ध नजर आया।

# हरिद्वार में कुंभ 2027 को बनाएंगे भव्य : सीएम धामी




मां, पत्नी गीता धामी और बेटे के साथ संगम में पूजन करते सीएम धामी।

**महाकुंभ नगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि संगम में डुबकी लगाना अपने आप में बहुत बड़े धर्म का काम है। धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ की तैयारियों का भी जिक्र किया। सरकार अभी से तैयारी में जुट गई है। जिससे हरिद्वार कुंभ को भी प्रयागराज की तरह सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महाआयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी। स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी बच्चे के साथ संगम की लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखे। स्नान के बाद कहा, प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है।

## सालगिरह में पहुंचा ऑस्ट्रेलियाई दंपती

**महाकुंभ नगर।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सांस्कृतिक राजदूत और मल्टी कल्चरल प्रोग्राम के हेड डॉ. आशुतोष मिश्रा अपनी पत्नी श्वेता के साथ संगम पहुंचे। मूल रूप से वाराणसी के दंपति ने इस दौरान महाकुंभ में मिल रही बेहतरीन सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। ऑस्ट्रेलियाई दंपती अपनी शादी की 25 वीं वर्षगांठ मनाने भारत पहुंचे। डॉ. आशुतोष मिश्रा ने प्रशासन की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी भव्य व्यवस्था करना आसान नहीं होता, लेकिन यूपी सरकार ने इसे संभव कर दिखाया। ब्यूरो



सोमवार को संगम स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु। अमर उजाला

## सनातन परंपरा के समक्ष विदेशी विचारधारा और धर्मांतरण का संकट : दत्तात्रेय होसबाले

अमर उजाला ब्यूरो



**महाकुंभ नगर।** सनातन परंपरा के सामने आज विदेशी विचारधारा थोपने और धर्मांतरण जैसे संकट हैं। इन संकटों का सामना करते हुए जनजाति संतों ने सुदूर वन क्षेत्र में अनथक प्रयास किए। उनके इसी प्रयास के कारण आज हिंदू धर्म जीवित है। सोमवार को यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने व्यक्त किए।

महाकुंभ नगर में वह अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित जनजाति समागम के तहत हुए संत समागम में सरकार्यवाह ने कहा कि सनातन हिंदुत्व परंपरा को बचाए रखने में हमारे वनवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इसी ज्ञान संस्कार परंपरा के संवर्धन के लिए जनजाति क्षेत्र के संतों को अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

इसके पूर्व संत समागम की प्रस्तावना कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने रखी। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज तो तोड़ने के विभिन्न प्रयास चल रहे हैं। इन प्रयासों को विफल करने के लिए साधु-संतों को आगे आकर प्रयास करने की जरूरत है। समागम में देशभर के विविध प्रांतों से 77 जनजाति समाज के संत- महंत मौजूद रहे।

इसमें से कुछ संतों ने जनजाति क्षेत्र के कार्य करते हुए आने वाली चुनौतियां एवं परिस्थिति के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर गंगाधर जी महाराज, दादू दयाल आदि की मौजूदगी में कार्यक्रम में सभी साधु संतों का उत्तर प्रदेश सरकार की कुंभ मेला समिति द्वारा सम्मान भी किया गया।



### गंगा मैया की जय

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पत्नी रीटा शर्मा के साथ संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि संगम में डुबकी लगाकर वह धन्य हो गए। उन्होंने हरियाणा के लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की। महाकुंभ की व्यवस्था के लिए उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। अमर उजाला

## प्रयागराज में कोई स्टेशन बंद नहीं, ट्रेन सेवाएं जारी : वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशन को बंद करने की रिपोर्ट को खारिज करते हुए इसे अफवाह बताया। कहा कि क्षेत्र के सभी आठ स्टेशनों से ट्रेनों का परिचालन सुचारु है।



अश्विनी वैष्णव

रेल भवन में मीडिया से बात करते हुए वैष्णव ने कहा कि श्रद्धालुओं को स्टेशन बंद होने की अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। रेलवे राज्य प्रशासन के साथ बहुत समन्वित तरीके से काम कर रहा है। रविवार को 330 ट्रेनें प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुईं। 12.5 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की। वैष्णव ने रेल भवन में स्थापित वॉर रूम का भी दौरा किया।

उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि समान नाम वाले दो स्टेशन हैं- प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम। प्रयागराज जंक्शन मुख्य स्टेशन हैं जहां से सभी ट्रेनें संचालित होती हैं, लेकिन मेला क्षेत्र के नजदीक प्रयागराज संगम एक छोटा स्टेशन है, जहां एक दिन में केवल दो से तीन ट्रेन सेवाएं होती हैं। भारी भीड़ के दौरान, हम इस स्टेशन को बंद कर देते हैं ताकि हर कोई प्रयागराज जंक्शन की ओर चला जाए क्योंकि यहां बहुत सीमित ट्रेन संचालन भीड़ को संभालने में असमर्थ है। कल, हमने इसे बंद कर दिया, हालांकि, कुछ नई वेबसाइटों ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन बंद था। लोगों ने प्रयागराज जंक्शन को भी प्रयागराज संगम समझ लिया। ब्यूरो

### महामंडलेश्वर की पदवी दिए जाने के बाद से किन्नर अखाड़े में ही हो रहा था विरोध, खुद ही दे दिया इस्तीफा

# ममता कुलकर्णी... बस 17 दिन ही रहीं महामंडलेश्वर

अमर उजाला ब्यूरो



**महाकुंभ नगर।** किन्नर अखाड़े का महामंडेलश्वर बनाए जाने के सत्रह दिनों बाद ही पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। दूसरे अमृत स्नान के बाद से ही ममता ने किन्नर अखाड़े से दूरी बना ली थी। सोमवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके उन्होंने अपने इस्तीफे का एलान किया। कहा, उनके महामंडलेश्वर बनाए जाने से विवाद शुरू हो गया। शंकराचार्य समेत अनेक साधु-संत विरोध कर रहे हैं। इस वजह से वह इस्तीफा दे रही हैं। वह 25 साल से तप कर रही हैं। आगे भी वह साध्वी रहेंगी।

गत 24 जनवरी को किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी को संन्यास दीक्षा दी थी। इसके तुरंत बाद ही उनको महामंडलेश्वर की पदवी भी दे दी गई। उनको नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। ममता के महामंडलेश्वर बनते ही विवाद छिड़ गया था। किन्नर अखाड़े से जगतगुरु हिमांगी सखी स्त्री को प्रवेश देने को लेकर मोर्चा खोल दिया था। किन्नर अखाड़ा संस्थापक रहे ऋषि अजय दास भी विवाद में कूद पड़े। उन्होंने ममता समेत गलत तरीके से महामंडलेश्वर पदवी देने के आरोप में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी पद से हटा दिया था।

उधर, शंकराचार्य समेत अन्य संतों ने महामंडलेश्वर की पदवी दिए जाने को गलत परंपरा बताते हुए विरोध जताया। संत-समाज के विरोध की बात सामने आने पर ममता किसी भी अमृत स्नान में शामिल नहीं हो सकीं। दूसरे अमृत स्नान के बाद वह कुंभनगरी छोड़कर चली गईं।

**दूसरे अमृत स्नान में शामिल न किए जाने से नाराज थीं ममता :** संन्यास दीक्षा और महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक के बाद भी ममता कुलकर्णी को दूसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़े की ओर से शाही रथ उपलब्ध नहीं कराया गया था। इस वजह से भी ममता काफी दुखी और नाराज हुईं। महामंडलेश्वर के तौर पर उनको छत्र, चंवर एवं दंड मिलना था। यह भी अखाड़े ने तैयार नहीं कराया था।

**मेरे गुरु बहुत ऊंचे हैं...बाकी सब में अहंकार :** करीब पांच मिनट लंबे वीडियो में ममता कुलकर्णी ने अपने गुरु स्वामी चैतन्य गगन गिरि के बारे में कहा कि उनकी बराबरी में मुझे कोई और नहीं दिखता। मेरे गुरु बहुत ऊंचे हैं, बाकी सबमें अहंकार है। मैंने पच्चीस साल तपस्या की। मैं खुद गायब रही।

### पदवी के लिए चार करोड़ रुपये देने का भी लगा था आरोप

ममता कुलकर्णी पर महामंडलेश्वर पदवी के लिए चार करोड़ रुपये देने के भी आरोप लगे थे। यह आरोप अखाड़े के भीतर से ही लगाए गए। सोमवार को जारी वीडियो में ममता कुलकर्णी ने पहली बार इसका खंडन किया। वीडियो के जरिये कहा कि संन्यास दीक्षा से पहले उनसे दो लाख रुपए मांगे गए, लेकिन मैंने कमरे के अंदर महामंडलेश्वर और जगद्गुरुओं के सामने कहा था कि मेरे पास दो लाख रुपए नहीं हैं। तब वहां बैठी महामंडलेश्वर जय अंबा गिरि ने दो लाख रुपए लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए।



ममता कुलकर्णी अखाड़े की अंग हैं और आगे भी रहेंगी। किस वजह से उन्होंने इस्तीफा दिया, यह बात अभी साफ नहीं हुई। उनसे इस बारे में बात की जा रही है। - **डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, आचार्य महामंडलेश्वर, किन्नर अखाड़ा**

# एजुकेशन & कॅरिअर

सफलता हमारी छोटी-छोटी कोशिशों का नतीजा है।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार

ग्राम कचहरी न्यायमित्र के पदों पर आवेदन आमंत्रित




2436 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 15 फरवरी, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम 25 वर्ष व अधिकतम 65 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : gp.bihar.gov.in

### राइट्स लिमिटेड में रिक्तियां ■ 300 पद

इंजीनियरिंग प्रोफेशनल के पदों पर रोजगार के अवसर
आवेदन की अंतिम तिथि
20 फरवरी, 2025
योग्यताएं
स्नातक/स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
rites.com

### भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ■ 83 पद

जूनियर एग्जीक्यूटिव के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि
18 मार्च, 2025
आयु-सीमा
अधिकतम आयु 27 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
aai.aero

### संघ लोक सेवा आयोग ■ 1129 पद

आईएएस, आईपीएस व अन्य पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 18 फरवरी, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 32 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : upsconline.gov.in

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ■ 60 पद

उप-प्रबंधक (तकनीकी) के पदों पर नौकरी के मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
24 फरवरी, 2025
वेतनमान
रुपये 56,100 से लेकर रुपये 1,77,500 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
nhai.gov.in

### रबड़ बोर्ड में निकली भर्ती ■ 40 पद

क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर योग्य अभ्यर्थी करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि
10 मार्च, 2025
पात्रताएं
ग्रेजुएशन, मास्टर डिग्री व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
recruitments.rubberboard.org.in

### यहां भी रोजगार की संभावनाएं...

- विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, फरीदाबाद : आशुलिपिक ग्रेड-I के पदों पर रोजगार के अवसर।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 21 फरवरी, 2025
  ■dmi.gov.in
- राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान (निआप) : युवा पेशेवर-II के पद रिक्त।
  वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 18 फरवरी, 2025
  ■niap.icar.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# धन्यवाद से करें दिन की शुरुआत

**यह छोटा-सा शब्द न सिर्फ आपके संबंधों में मजबूती लाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आप दूसरे के प्रयासों को सम्मान देते हैं**

रॉन एशकेनस
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू



किसी को धन्यवाद या थैंक्यू कहना एक सामान्य चलन है, जिसे अक्सर विभिन्न परंपराओं से जोड़कर देखा जाता है। यह मात्र एक शब्द नहीं है, बल्कि आपके संस्कार और विनम्रता का प्रदर्शन है। किसी को थैंक्यू बोलने का विचार व्यक्तिगत जीवन से परे है और इसके गहरे निहितार्थ भी हो सकते हैं। चाहे आप छात्र हों अथवा पेशेवर, आपको धन्यवाद कहने की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। यह शब्द बहुत असरदार है। यह न सिर्फ आपके व्यक्तिगत, बल्कि पेशेवर संबंधों में भी मजबूती लाता है। साथ ही, आपको खुश, प्रेरित और व्यस्त रखने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। यह भी दर्शाता है कि आप दूसरे के प्रयासों को सम्मान देते हैं। हालांकि, इससे जुड़ी कुछ बातों को ध्यान में रखना भी बेहद जरूरी है।

■ **दिमाग से सीधा संबंध**

तंत्रिका विज्ञान और सकारात्मक मनोविज्ञान में धन्यवाद बोलने के कई लाभ बताए गए हैं। इससे चिंता, अवसाद और बेचैनी के लक्षणों में कमी है, साथ ही साथ प्रशंसा और संतोष की भावना भी पैदा होती है। यह जीवन के प्रति आपके दृष्टिकोण को व्यापक बना सकता है, समस्याओं को संभावनाओं में बदल सकता है और चिड़चिड़ाहट को जिज्ञासा में बदल सकता है।

■ **जब स्थिति पक्ष में न हो**

जब ऑफिस में उथल-पुथल मची हो, तो ऐसे में आपको किसी को थैंक्स कहने या किसी का आभार प्रकट करने की इच्छा नहीं होती। ऐसे समय में आभार व्यक्त करना अक्सर कठिन हो जाता है। लेकिन यही समय किसी को प्रभावित करने के लिए सबसे उपयुक्त होता है। अगर ऐसे समय में आप किसी को धन्यवाद कहते हैं, तो यह आपकी मानसिक मजबूती को दर्शाता है। साथ ही, यह भी जाहिर होता है कि आप कठिन परिस्थितियों में भी अपना आपा नहीं खोते हैं।

Harvard Business Review

■ **आदत बनाएं**

कई बार आप व्यस्त होने की वजह से किसी की मदद या सलाह के लिए थैंक्स कहना भूल जाते हैं। ऐसा भविष्य में न हो, इसके लिए इसे अपनी आदत बना लें। ऐसा तभी संभव है, जब रोजमर्रा के कामों में आपनी मदद करने वालों को यह बोलना शुरू करेंगे। इसके अलावा आप समय-समय पर अपनी टीम के सदस्यों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी



थैंक्यू बोलते रहें। इससे उनका तो मनोबल बढ़ेगा ही, आपको लोग सम्मान की दृष्टि से भी देखेंगे। डेस्क पर एक पोस्ट-इट नोट लिखकर भी चिपका सकते हैं, ताकि वह नोट आपको थैंक्स को आदत में शामिल करने की याद दिलाता रहे। प्रशंसा विश्वास और टीम वर्क को बढ़ावा दें। इसके बिना, दूसरों का सहयोग प्रभावित हो सकता है।

■ **दिन की शुरुआत इसी से करें**

जब आप हर दिन सुबह जागते हैं, तो आप भगवान या अपने माता-पिता को थैंक्यू बोलने से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। हर दिन की शुरुआत यह बताकर करें कि आप किस बात के लिए आभारी हैं और प्रार्थना में उसका उल्लेख करें। ऐसा करने से, आप दिनभर सकारात्मकता का अनुभव करेंगे।

आवेदन आमंत्रित

## आईआईएम, बंगलूरु का मार्केटिंग मैनेजमेंट

**यदि** आप स्टार्टअप शुरू करने की सोच रहे हैं या किसी स्टार्टअप का संचालन कर रहे हैं, तो आपके पास अपनी सेवाओं व उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए एक मार्केटिंग मैनेजमेंट कौशल बेहद जरूरी है। एक अच्छी तरह से प्रबंधित की गई मार्केटिंग आपके स्टार्टअप को तेजी से विकसित कर सकती हैं। इसलिए यदि आप भी मार्केटिंग मैनेजमेंट का हुनर सीखना चाहते हैं, तो आप आईआईएम, बंगलूरु के 'मार्केटिंग मैनेजमेंट' ऑनलाइन कोर्स में शामिल होकर अपने कौशलों को बढ़ा सकते हैं। यह आठ सप्ताह का कोर्स है, जिसमें प्रत्येक सप्ताह तीन से चार घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएगी। कोर्स के पाठ्यक्रम में आठ मॉड्यूल शामिल हैं, जिसमें मार्केटिंग का परिचय, उपभोक्ता व्यवहार, उत्पाद के लिए निर्णय लेना, सेवा, मूल्य निर्धारण करना और प्रमोशन आदि निर्णय लेने के लिए मार्केटिंग और मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में सीखेंगे। आप आधिकारिक लिंक https://tinyurl.com/ms2j62yn पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



इंटर्नशिप अलर्ट

## डब्ल्यूएसएआई का इंटर्नशिप प्रोग्राम

**यदि** आप डाटा विज्ञान और आईटी के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह इंटर्नशिप आपके लिए हैं। वाधवानी स्कूल ऑफ डाटा साइंस एंड एआई (डब्ल्यूएसएआई), आईआईटीएम की ओर से डब्ल्यूएसएआई आईआईटीएम समर इंटर्नशिप-2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, इंजीनियरिंग या विज्ञान में पूर्णकालिक तौर पर किसी भी वर्ष में अध्ययनरत छात्र आवेदन के पात्र हैं। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम की अवधि न्यूनतम तीन महीने व अधिकतम छह माह तक हो सकती है। इंटर्नशिप के दौरान उम्मीदवारों को वजीफा भी प्रदान किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक लिंक https://tinyurl.com/4ze28z32 पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से 15 फरवरी, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

इम्तिहान अलर्ट हफ्ते की परीक्षाएं

### यूपीएसएसएससी जूनियर फूड एनालिस्ट मुख्य परीक्षा-2024

- परीक्षा की तिथि : 16 फरवरी, 2025
- इस परीक्षा में खाद्य संरक्षण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग के सिद्धांत, मानव पोषण के सिद्धांत व मूल बातें, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान व उत्तर प्रदेश से संबंधित सामान्य जानकारी आदि टॉपिक से 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** upsssc.gov.in

### यूपीएसएसएससी सहायक लेखाकार और लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा-2024

- परीक्षा की तिथि : 16 फरवरी, 2025
- इस परीक्षा में लेखांकन के आधारभूत सिद्धांत, दोहरा लेखा प्रणाली, वित्तीय नियमों की सामान्य जानकारी, अंकगणित, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान व उत्तर प्रदेश से संबंधित सामान्य जानकारी आदि टॉपिक से 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** upsssc.gov.in

## खुद को परखें

1. पिनाका मल्टीपल रॉकेट लॉन्च सिस्टम किस संगठन द्वारा विकसित किया गया था?
   (a) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
   (b) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
   (c) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
   (d) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
2. इसरो ने किस संस्थान में एफईएसटी (संरचनाओं का परिमित तत्व विश्लेषण) सॉफ्टवेयर विकसित किया है?
   (a) आईआईटी, कानपुर
   (b) आईआईटी, बॉम्बे
   (c) आईआईटी, हैदराबाद
   (d) आईआईटी, रुड़की
3. कौन-सा भारतीय शहर फोर्ट विलियम का घर है, जिसका नाम हाल ही में विजय दुर्ग रखा गया है?
   (a) मुंबई
   (b) चेन्नई
   (c) हैदराबाद
   (d) कोलकाता

उत्तर : 1.b, 2.c, 3.d

सामान्य ज्ञान

## क्वांटम टेलीपोर्टेशन



■ **क्या है**

एक ऐसी प्रक्रिया, जिसमें उलझी हुई अवस्था (एंटैंगलमेंट) का इस्तेमाल करके दो बिंदुओं के बीच गोपनीय तरीके से क्वांटम जानकारी स्थानांतरित की जाती है।

■ **खबरों में क्यों**

नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने पहली बार इसके जरिये क्वांटम कंप्यूटरों को आपस में सफलतापूर्वक जोड़ा है।

■ **किस प्रकार करता है काम**

क्वांटम उलझाव में दो कण आपस में जुड़ जाते हैं, इसलिए काफी दूरी होने पर भी एक कण का प्रभाव दूसरे में दिखाई पड़ता है। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए क्यूबिट्स का उपयोग किया जाता है।

■ **जरूरत क्यों**

क्वांटम इंटरनेट की राह आसान बनेगी, जिससे क्वांटम कंप्यूटरों के लिए तेज एन्क्रिप्शन, बेहतर सेंसिंग और वैश्विक कनेक्टिविटी जैसे लाभ मिल सकेंगे।

ऊर्जा — Life Dream Love

# बेहद खतरनाक है इंसेफेलाइटिस

**मस्तिष्क की सूजन (इंसेफेलाइटिस) एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी को भी हो सकती है। हालांकि शुरुआत में कई बार इसका अंदाजा नहीं लग पाता है और देर से निदान होने पर जटिलताएं बढ़ जाती हैं।**

इंसेफेलाइटिस मस्तिष्क में होने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसमें मुख्य रूप से मस्तिष्क के टिश्यू में सूजन आ जाती है। यह बीमारी वायरस, बैक्टीरियल, कवक या पैरासाइट के कारण होती है, जो मस्तिष्क में पहुंचकर सूजन पैदा करते हैं। इससे मस्तिष्क की कार्यशक्ति प्रभावित होती है। यह जानलेवा भी हो सकती है। ऐसे में बचाव के लिए टीकारण के साथ ही लक्षणों की पहचान होने पर समय रहते उपचार भी जरूरी हो जाता है।



डॉ. कुणाल बहरानी
वरिष्ठ चिकित्सक

**प्रकार :** यह दो तरह से फैलता है। पहला स्पोरेडिक इंसेफेलाइटिस है। इसके माह में एक-दो मामले आते हैं। दूसरा, एपिडेमिक इंसेफेलाइटिस है। इसमें एक क्षेत्रफल में व्यापक स्तर पर लोग पीड़ित होते हैं। यह शरीर में कई तरह असर डालता है। वायरल इंसेफेलाइटिस इसका सबसे सामान्य प्रकार है। इसमें भी अलग-अलग प्रकार होते हैं- जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया इंसेफेलाइटिस। इसमें मच्छरों के काटने से मस्तिष्क में वायरस प्रवेश करता है और सूजन का कारण बनता है।

**कारण :** हर्पीस सिम्पलेक्स वायरस स्पोरेडिक इंसेफेलाइटिस का मुख्य कारण होता है, जो वायरस, बैक्टीरिया, कवक और पैरासाइट के कारण फैलता है। कुछ इंसेफलाइटिस गैर-संक्रमित कारणों से भी हो



हैं, जिसमें ऑटोइम्यून इंसेफेलाइटिस, पैरान्यूप्लास्टिक इंसेफेलाइटिस और एडम इंसेफेलाइटिस शामिल हैं।

**इन लक्षणों पर हो सतर्क :** इंसेफेलाइटिस होने पर 100.4 डिग्री फॉरेनहाइट बुखार बना रहना, सिर दर्द, गर्दन में जकड़न, धीरे-धीरे बेहोशी की तरफ बढ़ना, चिड़चिड़ापन रहना, बोलने, सुनने और समझने की क्षमता में कमी आना, चलने में परेशानी होना, कई बार मिर्गी के दौरे भी पड़ सकते हैं। इसके अलावा इसके लक्षण इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि मस्तिष्क के किस हिस्से में सूजन आई है। अगर याददाश्त वाले हिस्से में सूजन आती है, तो याददाश्त कमजोर हो सकती है। अगर व्यवहार को नियंत्रित करने वाले हिस्से में सूजन है, तो मरीज में पागलपन के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। अगर चेहरे के क्रेनियल नसों वाले हिस्से में सूजन आती है, तो मुंह या आंखों में टेढ़ापन आ सकता है। स्टेम हिस्से में सूजन आती है, तो बेहोशी आना, शरीर का संतुलन न बनना, हाथ-पैरों में कमजोरी आना आदि लक्षण दिखते हैं।

**जरूरी जांचें :** इंसेफेलाइटिस का पता लगाने के लिए चिकित्सक मरीज की हिस्ट्री पता लगाते हैं। फिर मस्तिष्क का सीटी स्कैन या एमआरआई करते हैं। इसके बाद मस्तिष्क में सूजन की पुष्टि करने के लिए कॉन्ट्रास्ट एमआरआई किया जाता है। इससे वायरल इंफेक्शन का भी पता चलता है। इसके बाद रीढ़ की हड्डी से पानी (सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड) निकालकर यह पता लगाया जाता है कि कौन सा कीटाणु, बैक्टीरिया, वायरस, फंगस या ऑटोइम्यून इंसेफेलाइटिस हुआ है। इसके अलावा मस्तिष्क की तरंगों को नापने के लिए ईईजी (इलेक्ट्रो इन्सेफेलोग्राम) किया जाता है।

**उपचार :** अगर किसी खास वायरस या बैक्टीरिया के कारण इंसेफेलाइटिस होने पर एंटी वायरल या एंटी बैक्टीरियल दवाइयां दी जाती हैं। दिमागी सूजन कम करने के लिए स्टेरॉयड और मेनिटोल इंजेक्शन लगाए जाते हैं। बार-बार मिर्गी के दौरे पड़ने पर दौरे की दवाइयां दी जाती हैं। इसके अधिकतर मरीज गंभीर होते हैं, जिन्हें आईसीयू केयर की जरूरत पड़ती है। इनमें उल्टी रोकने, न्यूमोनिया, ड्रिप की सुई के इंफेक्शन, पैरों में खून के थक्के से बचाव की दवाइयां दी जाती हैं। इसके अलावा बेड पर सीधा एक ही जगह पर रहने के कारण मरीज को बेड सोर का खतरा रहता है, इसके लिए भी दवाइयां दी जाती हैं।

### जरूरी सलाह

अगर इंसेफेलाइटिस (वायरल इंफेक्शन) मच्छर के काटने की वजह से हो रहा है, तो उसके लिए खास ध्यान रखना चाहिए। बाहर से घर आने के बाद अपने हाथ साबुन और पानी से तुरंत धोएं। साथ ही घर से बाहर जाने से पहले मच्छर के काटने से बचने के लिए फुल स्लीव्स वाले कपड़े पहनें। मच्छर न पनपने दें। इसके लिए घर या आस-पास वाले स्थान पर पानी जमा न होने दें। मच्छर पनपने वाले स्थान पर कीटनाशक स्प्रे का इस्तेमाल करें। जापानी इंसेफेलाइटिस, येलो फीवर वायरस के टीके लगवा सकते हैं। जापानी इंसेफेलाइटिस का टीका 2 महीने से बड़े बच्चे को लग सकता है, जिसमें 4 हफ्ते के अंतराल में 2 टीके लगाए जाते हैं। एक साल पूरा होने पर बूस्टर डोज भी दी जाती है।

योग टिप्स

## सभी अंगों के लिए फायदेमंद है सूर्य नमस्कार



**सूर्य** नमस्कार करने से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक लाभ मिलते हैं। यह योगासन हृदय, यकृत, आंत, पेट, छाती, गला, पैर आदि शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत ही लाभदायक है। सूर्य नमस्कार करने के लिए सबसे पहले एड़ी और पंजों को मिलाएं। इसके बाद हाथों को नमस्कार की मुद्रा में लाएं। अब हाथों को धीरे-धीरे नासिका से स्पर्श करते हुए सिर के ऊपर की तरफ ले जाएं। हाथों को पूरा ऊपर की तरफ तान दें। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर झुकें। सांस को बाहर निकालते जाएं और ज्यादा से ज्यादा झुकाने की कोशिश करें। अब अपने दाहिने पैर को पीछे की तरफ ले जाएं और कूल्हों को नीचे की तरफ दबाने की कोशिश करें। अपने बाएं पैर को पीछे दाहिने पैर के पास ले जाएं। एड़ियां नीचे जमीन पर लगी रहेंगी। कमर से ऊपर वाले भाग का भार हाथों की तरफ और एड़ियां जमीन पर लगाने का प्रयास करें। इस आसन में हम श्वास को बाहर निकालते हैं। अब कोहनियों को बिना मोड़े धीरे-धीरे कमर को नीचे की तरफ लाएं। छाती उठी हुई रहेगी। नितंबों को नीचे झुकाते हुए अपनी छाती को ज्यादा से ज्यादा फुलाएं। इसमें हम सांस को अंदर लेने में ज्यादा फोकस करेंगे। एड़ी और पंजे मिले रहेंगे। इसके बाद पंजों को जमीन पर लगा दें। पहले दोनों घुटनों को फिर धीरे से छाती को जमीन पर लगाएं। अंत में ठुड्डी को गले पर लगाकर मस्तक को जमीन पर लगाएं। यह सूर्य नमस्कार का अंतिम चरण है, इसके बाद आसनों का पुनरावर्तन करें। प्रत्येक आसन में कम से कम 15 से 20 सेकंड रुकें। सूर्य नमस्कार माहवारी, घुटनों और कमर में दर्द, दिल की बीमारी और गर्भावस्था में नहीं करना चाहिए।



ढाकाराम
योगाचार्य

11 फरवरी, 2020

## आज का दिन



चीन के वुहान और अमेरिका में रहस्यमयी बीमारी का पहला मामला सामने आने के लगभग तीन सप्ताह बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने आधिकारिक तौर पर इस बीमारी को कोविड-19 नाम दिया था।

- 1847 : अमेरिकी आविष्कारक थॉमस एडिसन का जन्म हुआ था।
- 1970 : जापान ने पहला उपग्रह 'ओहसुमी' प्रक्षेपित किया था।
- 1975 : मार्गरेट थैचर को एडवर्ड हीथ के स्थान पर कंजर्वेटिव पार्टी का नेता चुना गया था।
- 2012 : अमेरिकी गायिका व्हिटनी ह्यूस्टन का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार



आज : माघ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी। कल : माघी पूर्णिमा, कुंभ संक्रांति, गुरु रविदास जयंती, शिशिर ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले। राहुकाल : दिन में 12.00 से 13.30 तक।

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2081, 23 माघ मास शक 1946, फाल्गुन मास 01 प्रविष्टे, 12 सावान हिजरी 1446, माघ पूर्णिमा19.22 तक उपरांत फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, आश्लेषा नक्षत्र 19.34 तक उपरांत मघा नक्षत्र, सौभाग्य योग 08.06 तक उपरांत शोभन योग, विष्टि (भद्रा) करण 07.08 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा सिंह राशि में 19.34 बजे।

■ सूर्योदय : 07.07
■ सूर्यास्त : 18.04
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** पूर्व में किए श्रम के सार्थक परिणाम मिलेंगे। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृष :** नौकरी में प्रभाव बना रहेगा। नए कार्य का प्रारंभ हो सकता है। घरेलू कार्यों की पूर्ति में व्यस्त रहेंगे।

**मिथुन :** पूर्वनियोजित कार्य में बाधा आएगी। विश्वासपात्र से निराशा होगी। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**कर्क :** नौकरी में वर्चस्व बढ़ेगा। अर्थ प्राप्ति संभव है। विवाह प्रस्ताव आ सकता है। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा।

**सिंह :** दिनमान प्रतिकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। व्यवसाय में आय व्यय सम रहेंगे।

**कन्या :** व्यावसायिक साझेदारी का प्रस्ताव आ सकता है। व्यवसाय में यथेष्ट लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** राजकाज में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति संभव है। व्यवसाय में विस्तार और लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक :** प्रभावी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में अटका कार्य बनेगा। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**धनु :** योजना में अवरोध आएंगे। नौकरी में मन नहीं लगेगा। व्यवसाय में जोखिम जमानत से बचें।

**मकर :** भविष्य के प्रति आशान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बुद्धि चातुर्य का लाभ मिलेगा। सेहत नरम रहेगी।

**कुंभ :** राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कॅरिअर में उन्नति का मार्ग मिलेगा। परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**मीन :** मानसिक तनाव बना रहेगा। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी। वाद-विवाद से बचना हितकर रहेगा।

## जन्मदिन

रजत कपूर, अभिनेता



आज जन्मे जातक बुद्धिमान, मृदु स्वभावी और धार्मिक प्रवृति के होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति 25 या 29वें वर्ष में होती है। इस वर्ष विकास के नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति से संतुष्ट रहेंगे। मकान या प्लॉट का क्रय हो सकता है। व्यावसायिक प्रगति और लाभ से उत्साह बढ़ेगा। आरोग्य सुख उत्तम रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | | 3 | |
| 7 | | | 8 | | 6 | | 2 | |
| | | | | 5 | 4 | | | 7 |
| 9 | 1 | | 6 | 2 | | 5 | 4 | |
| | | 5 | 7 | | 1 | 2 | | |
| | 6 | 4 | | 8 | 9 | | 7 | 3 |
| 3 | | | 2 | 1 | | | | |
| | 4 | | 9 | | 5 | | | 6 |
| | 7 | | | | | 3 | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 3 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 | 1 | 2 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### सुबह की आदतें कर सकती हैं बीमार !

*आलस भगाने के लिए हम ऐसी कई आदतों को अपना लेते हैं, जिनका हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।*

**सुबह** की कुछ आदतें स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं, इससे आप बीमार हो सकते हैं। अगर आप सुबह उठने के बाद नाश्ता करके दोबारा सो जाते हैं तो इससे पाचन तंत्र कमजोर हो सकता है और आप पेट से जुड़ी कई समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। अक्सर लोग सुबह उठते ही मोबाइल या टीवी देखने लगते



हैं। ये आदत छोटी लगती है, लेकिन यह आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रही है। बहुत अधिक मोबाइल का प्रयोग आंखों और मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। कई लोग अपने दिन की शुरुआत चाय या कॉफी के सेवन से करते हैं। ऐसा करने से शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जो दिल और ब्लड प्रेशर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ये आदत सेहत के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। सुबह उठकर खाली पेट चाय और कॉफी पीने से सेहत को नुकसान पहुंचता है। कई लोग सुबह उठकर नहाने से बचते हैं और मुंह हाथ धोकर काम पर चले जाते हैं। नियमित तौर पर इस आदत को अपनाने से त्वचा के संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही आप कई संक्रमण के शिकार हो सकते हैं।

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

सेहतमंद रहने के लिए अपनी दिनचर्या में सुधार करें। फोन देखने के बजाय अखबार या पुस्तकें पढ़ें। व्यायाम जरूर करें। इससे मस्तिष्क को ऊर्जा मिलेगी और आपका दिन अच्छी तरह से शुरू होगा। -डॉ. जुगल किशोर, वरिष्ठ चिकित्सक

# एआई में सफलता का परचम लहरा रहा भारत, नवाचार को बना रहा किफायती

## ■ पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार पहली बार एआई सिस्टम को दे रही बढ़ावा

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मोर्चे पर भारत में परिवर्तनकारी क्रांति देखने को मिल रही है। खास बात है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एआई और नवाचार में सफलता के परचम लहरा रहा है। भारत के इतिहास में पहली बार सरकार प्रत्यक्ष रूप से एआई तंत्र (इकोसिस्टम) को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और शोध के अवसर किफायती दाम पर उपलब्ध हैं। इसी किफायती नवाचार के दम पर देश भविष्य को सशक्त बनाने के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है। ब्यूरो



### सबको समान अवसर देने पर जोर

**मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ कुछ खास लोगों के लिए न हो और न ही इस पर बड़ी टेक कंपनियों एवं वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व हो।** अभूतपूर्व नीतियों के जरिये सरकार छात्रों, स्टार्टअप व इनोवेटर्स को विश्वस्तरीय एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच बनाने में सक्षम बना रही है। इससे वास्तव में सबसे लिए एक समान अवसर पैदा हो रहा है। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना...सरकार की ये सभी पहल देश के पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं।

## इन पहलों से भारत को वैश्विक एआई लीडर बनाने में जुटी सरकार

**इंडियाएआई मिशन**

भारत के एआई तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित यह फंड इंडियाएआई मिशन को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। उच्चस्तरीय कॉमन कंप्यूटिंग सुविधा वाला इंडियाएआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग कर स्वदेशी एआई समाधान पेश करने के करीब है। इस एआई मॉडल की शुरुआत करीब 10,000 जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा के साथ हो रही है। जल्द ही बाकी 8,693 जीपीयू भी इसमें शामिल कर लिए जाएंगे।

**जीपीयू इन्फ्रा और ओपन जीपीयू मार्केट :** इंडियाएआई मिशन के लॉन्च होने के 10 महीने के भीतर सरकार को अभूतपूर्व प्रतिक्रियाएं मिली हैं। करीब 18,693 जीपीयू की एक उच्च स्तरीय और मजबूत कॉमन कंप्यूटिंग सुविधा तैयार हो गई है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में करीब 9 गुना और चैटजीपीटी के मुकाबले लगभग दो तिहाई है। सरकार ने भारत के जीपीयू बाजार को खोलने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच बनाने में मदद मिली है। यह उन प्रमुख देशों के विपरीत है, जहां एआई बाजार पर बड़ी कंपनियां का वर्चस्व होता है। इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में स्वदेशी जीपीयू विकसित कर लेगा।

**सस्ती दर पर कम्प्यूटिंग सुविधा**

सरकार जल्द ही एक कॉमन कंप्यूटिंग सुविधा शुरू करेगी, जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग पावर का उपयोग कर सकेंगे। मोदी सरकार इसे एक डॉलर प्रति घंटा की दर से उपलब्ध कराएगी, जबकि वैश्विक स्तर पर जीपीयू एक्सेस की लागत करीब 2.5-3 डॉलर प्रति घंटा है।

**इंडियाएआई डाटासेट प्लेटफॉर्म :** डाटा वह ईंधन है, जो एआई अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाता है। समृद्ध, विविध और प्रचुर डाटासेट के बिना सबसे कुशल डाटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी सीमाओं में बंधे रहते हैं। इसे पहचानते हुए मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए खुले डाटासेट को सुलभ बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है।

**एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस**

सरकार ने 2023 में दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा, कृषि और सस्टेनेबल शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट-2025 में 500 करोड़ रुपये के खर्च के साथ शिक्षा के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित किया जाने वाला यह चौथा केंद्र है।

**कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र**

सरकार ने कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना करने की घोषणा की है। इन्हें युवाओं को उद्योग आधारित विशेषज्ञता से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को समर्थन देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

## आज से शुरू होगा भारत ऊर्जा सप्ताह पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 का तीसरा संस्करण मंगलवार को शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टेली कान्फ्रेंसिंग के जरिये चार दिवसीय विशाल कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। भारत ऊर्जा



सप्ताह (आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा सुरक्षा, ट्रांजिशन और नवाचार जैसे विषयों पर वैश्विक चर्चा का केंद्र बनेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने सोमवार को बताया कि इस बार आयोजन पिछले दोनों संस्करणों (बंगलूरू और गोवा) से बड़ा और विविधतापूर्ण होगा।

कार्यक्रम में में 20 से अधिक देशों के ऊर्जा मंत्री, 90 फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और ओपेक, आईईए जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। एक लाख वर्गमीटर में फैले इस आयोजन में 70,000 प्रतिनिधियों के जुटने का अनुमान है। साथ ही, 10 देश-विशेष पैवेलियन और सस्टेनेबल मोबिलिटी पैवेलियन में 15 इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रदर्शनी होगी। पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि ओएनजीसी का डीप-सी सिमुलेशन गेम, एचपीसीएम का सॉलिड ऑक्साइड फ्यूल सेल और बीपीसीएम का एलपीजी सिलेंडर एटीएम जैसी तकनीकें आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही, 'क्लीन कुकिंग मिनिस्टीरियल' सत्र में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सफल मॉडल को वैश्विक स्तर पर पेश किया जाएगा। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### धार्मिक समर्पण से राममंदिर के काम में जुटे रहे चौपाल : होसबाले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को भाजपा नेता कामेश्वर चौपाल के निधन पर



शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, चौपाल धार्मिक समर्पण व प्रतिबद्धता के कारण अयोध्या में राम मंदिर के काम से जुड़े रहे। वह विहिप पदाधिकारी भी थे। होसबाले ने कहा, राम जन्मभूमि मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन सभी राम भक्तों के लिए अत्यंत दुखद है। प्रयागराज के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे होसबाले ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान भी किया। ब्यूरो

### जांच : राजोरी के बड्डाल में दुर्लभ जहर से हुईं 17 मौतें

**जम्मू।** राजोरी के बड्डाल में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की रहस्यमय मौत के कारणों की अब तक की जांच में सामने आया है कि एक दुर्लभ रासायनिक जहर से सभी मौतें हुईं। इस जहर से पाकिस्तान और चीन में भी रहस्यमय मौतें हो चुकी हैं। यह सामान्य तौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं है। मृतकों के शरीर में यह जहर कैसे पहुंचा, इसकी जांच अभी जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट पॉइजन के रूप में पहचाने जाने वाले एक दुर्लभ श्रेणी के जहर से बड्डाल में मौतें हुईं। इसकी जानकारी पुलिस व प्रशासन को दे दी गई है। ब्यूरो

### पालघर: 2.41 करोड़ की मेफेड्रॉन से साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले से पुलिस ने 2.41 करोड़ रुपये की 1.2 किलो मेफेड्रॉन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक कमरे में मादक पदार्थ तैयार कर रह थे। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को बोइसर के काटकर पाड़ा में छापा मारकर ये गिरफ्तारियां कीं। इस दौरान मौके से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी जब्त किए गए। मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

### डिजिटल अरेस्ट : गुजरात व बिहार से सरगना समेत आठ गिरफ्तार

**किन्नौर।** हिमाचल प्रदेश में किन्नौर जिले के एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर उससे 17.5 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने सरगना समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी हैदराबाद, बिहार और गुजरात के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी के बैंक खातों को फ्रीज करवा 6.5 लाख रुपये भी जब्त कर लिए हैं। आरोपी हिमाचल में ठगी के कई मामलों में संलिप्त बताए गए हैं। ब्यूरो

### बेटे के साथ कुंड में कूदी महिला पति ने पीया जहर, तीनों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एक महिला ने अपने बेटे के साथ कुंड में कूदकर जान दे दी। बाद में उसके पति ने कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना रविवार को भिरानी थाना क्षेत्र के शेरडा गांव में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि सोनिया (35) और उसके पति प्रीतम (38) के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इससे परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी कर ली। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। ब्यूरो

### 41 वर्ष पुराने केस में पूर्व आईपीएस कुलदीप को 3 महीने की सजा

**भुज।** चार दशक से भी अधिक पुराने मामले में पूर्व आईपीएस अफसर कुलदीप शर्मा को गुजरात की एक अदालत ने 3 महीने की सजा सुनाई है। कुलदीप को कांग्रेस नेता अब्दुल हाजी इब्राहिम पर हमले का दोषी पाया गया। भुज के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीएम प्रजापति की अदालत ने तत्कालीन पुलिस निरीक्षक जीएच वासवदा को भी तीन महीने की कैद की सजा सुनाई। एजेंसी

# लोगों के पास पीने का साफ पानी नहीं आप साइकिल ट्रैक के सपने देख रहे

## सुप्रीम कोर्ट ने अलग साइकिल ट्रैक की मांग वाली याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के पास किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए पैसे नहीं हैं, लोगों के पास पीने के लिए साफ पानी नहीं है और आप साइकिल ट्रैक के दिवास्वप्न देख रहे हैं। शीर्ष अदालत ने अलग साइकिल ट्रैक की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार करते हुए यह टिप्पणी की। कहा, भारतीय शहरों की तुलना नीदरलैंड जैसे यूरोपीय देशों से नहीं की जा सकती है।

जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, इस तरह की प्रार्थना दिवास्वप्न का नतीजा है। प्राथमिकताएं गलत हैं, क्योंकि भारत में लोगों के पास बुनियादी आवास सुविधाएं या प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा भी नहीं है। जस्टिस ओका ने कहा, किसी भी बड़े शहर में जाएं, झुग्गी-झोपड़ियों में जाएं और पता लगाएं कि लोग किस हालत में रह रहे हैं। राज्यों के पास झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की देखभाल के लिए पैसे नहीं हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा ज्यादा अहम



मामला 1

याचिका में पूरे देश में साइकिल ट्रैक और फुटपाथ बनवाने की मांग की गई थी। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की छूट प्रदान की। पीठ ने कहा कि जहां तक अलग साइकिल ट्रैक बनाने का सवाल है, तो इससे अहम देश के सभी प्रमुख शहरों में किफायती मकान, चिकित्सा उपचार, उचित लागत पर शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुद्दा है। इसके अलावा, स्वच्छता का मुद्दा, ठोस अपशिष्ट से निपटना जैसे बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका सामना भारत के सभी शहरों को करना पड़ता है।

### कोर्ट ने कहा-प्राथमिकताएं सही करनी होंगी

साइकलिंग को बढ़ावा देने वाले दविंदर सिंह नागी की ओर से दायर याचिका पर जस्टिस ओका ने टिप्पणी की, हमें अपनी प्राथमिकताएं सही करनी होंगी। हमें संविधान के अनुच्छेद 21 के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए। नगर निगम के स्कूल बंद हो रहे हैं। सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और हम इस पहलू पर जा रहे हैं। नेगी के वकील ने कहा कि पूरे देश में साइकिल ट्रैक होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक शीर्ष अदालत के एक गेट के बाहर भी साइकिल ट्रैक है।

जब लोगों के पास बुनियादी सुविधाएं और चिकित्सा-उपचार की जरूरी सुविधाएं नहीं हैं, तो हम यह कहकर दिवास्वप्न देख रहे हैं कि हर शहर में साइकिल ट्रैक होने चाहिए।

### साइकिल ट्रैक-फुटपाथ के प्रयास जारी रखें

फुटपाथों के लिए प्रार्थना के संबंध में पीठ ने कहा कि कुछ हाईकोर्ट ने पहले ही यह विचार कर लिया है कि फुटपाथों को उचित रूप से अच्छी स्थिति में रखना राज्य सरकारों का दायित्व है। कोर्ट ने कहा, हर राज्य के अलग-अलग मुद्दे हैं। कुछ राज्य ऐसे हैं, जिनमें पहाड़ी क्षेत्र हैं। कुछ ऐसे हैं, जिनमें अनुसूचित जनजातियों की बड़ी आबादी है, इसलिए अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका में उठाए गए मुद्दों को संबंधित हाईकोर्ट की ओर से बेहतर ढंग से निपटा जा सकता है।

■ **हालांकि, पीठ ने राज्य सरकारों को फुटपाथ** और साइकिल ट्रैक के संबंध में पहले से शुरू किए प्रयासों को जारी रखने का निर्देश दिया।

**अटल मिशन योजना का किया जिक्र**

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कई राज्यों में साइकिल ट्रैक हैं। शहरी विकास के लिए अटल मिशन योजना का जिक्र किया, जो बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है।

## दोबारा पारित विधेयक राष्ट्रपति को कैसे भेज सकते हैं राज्यपाल : सुप्रीम कोर्ट

### तमिलनाडु : राज्यपाल के खिलाफ अर्जी पर फैसला सुरक्षित

मामला 4

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा से पारित विधेयकों पर सहमति रोकने से पहले तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि की लंबी चुप्पी पर सवाल उठाया और आश्चर्य जताया कि वह विधानसभा से पुनः पारित विधेयकों को राष्ट्रपति के पास कैसे भेज सकते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से राज्यपाल डॉ. आरएन रवि के खिलाफ दायर रिट याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। राज्यपाल ने 12 विधेयकों पर अपनी सहमति नहीं दी है और इनमें सबसे पुराना विधेयक जनवरी, 2020 से लंबित है। एक बार जब सरकार ने विशेष सत्र में विधेयकों को फिर से पारित किया, तो राज्यपाल ने कुछ पुनः पारित कानूनों को पुनर्विचार के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया। राज्यपाल के साथ विधेयकों को लेकर जारी विवाद मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है।

पीठ ने राज्यपाल की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, राज्यपाल ने

**जस्टिस पारदीवाला ने कहा,** राज्यपाल एक या दो साल तक चुप रहते हैं। सहमति नहीं देते। फिर अचानक कहते हैं कि मैंने उन्हें राष्ट्रपति के पास भेज दिया है। वेंकटरमणी ने कहा कि राज्यपाल ने राज्य



विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए खोज-सह-चयन समिति के गठन के बारे में अपनी आपत्तियों से राज्य को पहले ही अवगत करा दिया था। विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति राज्यपाल ने खोज-सह-चयन समिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष की ओर से नामित व्यक्ति को शामिल करने की मांग की थी। इसके बाद पारित किए गए विधेयकों में राज्यपाल को कुलपतियों की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाने की मांग की गई।

जब राज्य सरकार की ओर से भेजे गए विधेयकों पर सहमति नहीं दी तब उनके मन में निश्चित रूप से कुछ चल रहा था। हालांकि राज्यपाल ने यह नहीं बताया कि प्रस्तावित कानूनों के बारे में उन्हें क्या परेशान कर रहा था। ब्यूरो

## रेबीज पीड़ितों के लिए इच्छामृत्यु की मांग पर दो हफ्ते बाद होगी सुनवाई

मामला 2

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट रेबीज पीड़ित व्यक्तियों के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु के अधिकार की मांग वाली जनहित याचिका पर अब दो हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। एनजीओ ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल की याचिका सोमवार को जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने इसे दो हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया। पीठ के समक्ष सोमवार को याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि केंद्र ने 2018 में इस मामले में हाईकोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल किया था। पीठ ने कहा, हम दो सप्ताह बाद किसी गैर-विविध दिन इस पर सुनवाई करेंगे। ब्यूरो

## बंगाल : 25 हजार से ज्यादा नियुक्तियों को अवैध बताने के खिलाफ याचिका पर फैसला सुरक्षित

मामला 3

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करार देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई संजीव खन्ना व जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका समेत 124 याचिकाओं पर सुनवाई की। दोनों पक्षों की ओर से दिग्गज वकीलों मुकुल रोहतगी, अभिषेक मनु सिंघवी, दुष्यंत दवे, पीएस पटवालिया, राकेश द्विवेदी, मनिंदर सिंह, श्याम दीवान, प्रशांत भूषण, मीनाक्षी अरोड़ा और करुणा नंदी ने दलीलें रखीं। वकील राकेश द्विवेदी ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए दलीलें रखीं। ब्यूरो

## अतिक्रमण मामले में उत्तराखंड के अधिकारियों को तलब करने वाले एनजीटी के आदेश पर सुप्रीम रोक

मामला 5

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें अतिक्रमण के एक मामले में उत्तराखंड के शहरी विभाग के प्रमुख सचिव और देहरादून के डीएम को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा गया था। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि वह राहत के लिए दो सप्ताह के भीतर एनजीटी, दिल्ली के समक्ष आवेदन दायर करे। एनजीटी का आदेश एक ऐसे मामले में जारी किया गया था जिसमें राज्य के अधिकारियों, उसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को 'सार्वजनिक भूमि/नदी निकाय से अतिक्रमण हटाने और पर्यावरण कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने' के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। ब्यूरो

## एमबीबीएस के लिए अयोग्य घोषित छात्र की अर्जी पर सुनवाई

मामला 6

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्र की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है जिसे बिहार के एक सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए अयोग्य ठहरा दिया गया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई पूरी होने तक छात्र के दाखिले से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने को भी कहा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने बिहार के बेतिया स्थित मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। ब्यूरो

## सैनी व बड़ौली की खिलाफत पर विज को कारण बताओ नोटिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री व सात बार के विधायक अनिल विज बगावती तेवरों के कारण पार्टी हाईकमान के निशाने पर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ दिए बयानों पर पार्टी ने उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विज से तीन दिन में इस पर लिखित जवाब भी मांगा है।



भाजपा ने विज के बयानों को पार्टी का अनुशासन तोड़ने और विचारधारा के खिलाफ माना है। नोटिस में लिखा है, आपने पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति व आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। आपका यह कदम न केवल पार्टी के विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है जब पार्टी ने पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रखा था। चुनावी समय में एक मंत्रिपद संभालते हुए इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा, यह जानते हुए भी आपने बयान दिए हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। ब्यूरो

**राजस्थान : मंत्री किरोड़ीलाल को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का नोटिस** : राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के खिलाफ अनुशासनहीनता का नोटिस जारी किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मीणा ने अपना फोन टैप किए जाने के सनसनीखेज आरोप लगाए थे। उन्हें इसी के बारे में नोटिस भेजा गया है। मीणा से भी तीन दिन में जवाब मांगा गया है। नोटिस को लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- मुझे कारण बताओ नोटिस के बारे में जानकारी नहीं है।

## राजस्थान : फॉर्म भर कर भर्ती परीक्षा में नहीं बैठे तो लगेगा जुर्माना

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी भर्तियों के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में आवेदन के बाद अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अब जुर्माना भरना पड़ेगा। बोर्ड की बैठक में सोमवार को यह निर्णय किया गया। यह फैसला एक अप्रैल, 2025 से होने वाली परीक्षाओं पर लागू होगा।

बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि जो आवेदक एक बोर्ड की कोई भी दो परीक्षाओं के लिए आवेदन कर परीक्षा में नहीं बैठता है, उसे अगला कोई भी फॉर्म भरने के लिए 750 रुपए की पेनल्टी जमा करनी होगी। अगर अभ्यर्थी दोबारा यही दोहराता है, यानी चार परीक्षाओं में नहीं बैठता है, तो दूसरी बार 1,500 रुपये की फीस देनी होगी। राज ने ट्वीट कर अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे पूरी योजना बनाकर ही परीक्षाओं के लिए आवेदन करें। बोर्ड ने अभ्यर्थियों के लिए एक और बड़ा निर्णय किया है। इसके तहत अभ्यर्थी अपने आवेदन में शैक्षिक योग्यता को लेकर छोटे-मोटे संशोधन ही कर सकेंगे। पूरी जानकारी, पूरा शब्द, एनरोलमेंट या पूरी परसेंटेज नहीं बदल सकेंगे। एजेंसी

## जम्मू-कश्मीर : उपराज्यपाल और सरकार के अधिकारों पर नियम तैयार, अधिसूचना जल्द

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले सीएम उमर, कई मुद्दों पर हुई सकारात्मक चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल (एलजी) और सरकार के बीच अधिकारों के बंटवारे और सरकार के कामकाज के नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

माना जा रहा है कि केंद्र सरकार की ओर से जल्द ही नियमों को अधिसूचित किया जा सकता है। 3 मार्च से शुरू हो रहे केंद्र शासित प्रदेश के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों के बीच सत्ता संरचना के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कामकाज के नियमों को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। ये नियम जम्मू-कश्मीर में एलजी के मुकाबले मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और प्रशासनिक सचिवों की भूमिका, जिम्मेदारियां और शक्तियां स्पष्ट करेंगे।



गृह मंत्री शाह से मुलाकत करते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर।

**पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की रखी मांग**

संसद भवन में हुई मुलाकात के बाद सीएम उमर ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की भी मांग की। राज्य के विकास और सुरक्षा पर लंबी बातचीत हुई। पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य के समग्र विकास पर हमने अपनी अपनी राय का आदान प्रदान किया। चूंकि तीन मार्च से बजट सत्र शुरू हुआ है, ऐसे में इस विषय पर भी हमारी बातचीत हुई। राज्य में केंद्र की मदद से चल रही विकास परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

**चुनाव से पहले एलजी के अधिकार बढ़े थे**

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने और राज्य से दर्जा घटाकर केंद्र शासित प्रदेश करने के बाद से हुए पहले चुनाव से पहले केंद्र ने उपराज्यपाल के अधिकारियों को बढ़ा दिया था। इसके लिए सरकार के कामकाज से संबंधित संचालन नियमों में संशोधन किया गया था। इस बदलाव के बाद पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारती सेवाओं और स्थानांतरण और पोस्टिंग से संबंधित मामलों में शक्तियां एलजी के अधीन आ गईं।

**चलन** | पिछले 22 साल में 2.85 अरब जानवरों का आयात कर चुके हैं अमेरिका के लोग

## दुनिया में सबसे ज्यादा अमेरिका करता है वन्यजीव आयात

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पिछले 22 सालों में अमेरिका में लोगों ने लगभग 30 हजार प्रजातियों के लगभग 2.85 अरब जानवरों का आयात किया है। अधिकांश वन्यजीव व्यापार वास्तव में कानूनी है और अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा वन्यजीव आयातक है।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार आयातित जानवरों में से से कुछ जंगली जानवर पालतू बन जाते हैं। जैसे सरीसृप (रेप्टाइल) मकड़ियां, क्लाउनफिश, चिम्पांजी और यहां तक कि बाघ भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा हजारों की संख्या में ये जानवर चिड़ियाघरों और एक्वेरियम में पहुंच जाते हैं। कुछ जानवरों को सीधे प्रयोगशालाओं में पहुंचा दिया जाता है। जैसे चिकित्सा अनुसंधान में मैकाक बंदरों का उपयोग होता है। इसके लिए प्रतिवर्ष लगभग 39,000 मैकाक बंदर आयात किए जाते हैं। इसी तरह फैशन व्यापार के लिए प्रतिवर्ष 10 से 20 लाख मगरमच्छ की खालें आयात होती हैं। आयातित प्रजातियों में पक्षियों की संख्या सबसे ज्यादा है। प्रतिवर्ष पक्षियों की 4,985 प्रजातियां आयात की जाती हैं। इनमें सबसे ज्यादा 60 लाख से अधिक मुस्कोवी बत्तखें हैं। इसके बाद 3,048 प्रजातियां सरीसृपों की हैं।

### ■ आयातित जानवरों में आधे से ज्यादा जंगली

अमेरिका में आयात किए जाने वाले जानवरों में से आधे से अधिक जंगली



जानवर हैं। निर्यातकों को बेचने के लिए वन्यजीवों को पकड़ना दुनिया भर के ग्रामीण समुदायों, खासकर अफ्रीका के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है। हालांकि, जंगली आयातित प्रजातियां बीमारियां या परजीवी भी फैला सकती हैं। कई आयातित जानवरों को देशी प्रजातियों में बीमारियां फैलाने के कारण हानिकारक वन्यजीव के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इनके जरिए न सिर्फ बीमारियां फैलती हैं बल्कि ये पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन जाते हैं।

### वन्य जीव व्यापार के आंकड़ों की जानकारी में काफी कमी

रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में वन्यजीव व्यापार के आंकड़ों में कई प्रजातियों के बारे में जानकारी की कमी है। इसके बावजूद इस व्यापार पर ध्यान रखना बहुत अहम है क्योंकि यह जैव विविधता, स्वास्थ्य व पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन सकता है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म वन्यजीव व्यापार के हॉटस्पॉट बन गए हैं और निगरानी करना चुनौतीपूर्ण है।

■ खरीद-बिक्री की जानेवाली प्रजातियों की जंगली आबादी में निगरानी अवधि में औसतन 62 फीसदी की कमी आई है। हालांकि टिकाऊ वन्यजीव व्यापार संभव है पर यह जंगलों के कटने और बंदी प्रजनन के बीच संतुलन के लिए सावधानीपूर्वक निगरानी पर निर्भर करता है।

## लंपी वायरस : भारत में बना विश्व का पहला टीका, बचेगी मवेशियों की जान

### सीडीएससीओ ने भारत बायोटेक के टीके को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** लंपी वायरस के संक्रमण से मवेशियों को बचाने के लिए भारत ने दुनिया का पहला डीवा मार्कर टीका तैयार किया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हाल ही में इसके लिए लाइसेंस को मंजूरी दी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक की बायोवेट कंपनी ने टीके को तैयार किया है, जिसे बायोलम्पिवैक्सिन नाम दिया है।

लंपी को गांठदार त्वचा रोग भी कहते हैं। यह मवेशियों में होने वाली संक्रामक बीमारी है, जो पॉक्स विरिडे परिवार के वायरस के कारण होती है। इसे नीथलिंग वायरस भी कहा जाता है। इससे त्वचा पर गांठ बन जाती है। मवेशियों को बुखार, सूजी हुई लिम्फ नोड्स, दूध की मात्रा में कमी व चलने-फिरने में कठिनाई होती है। यह वायरस मच्छर, कीट और अन्य काटने वाले कीड़ों से फैलता है। बायोवेट संस्थापक डॉ. कृष्णा एला ने बताया कि टीके को तीन महीने से अधिक उम्र के मवेशियों को साल में एक बार दिया जाना जरूरी है। ब्यूरो

**कई परीक्षण :** आईसीएआर-एनआरसीई और



भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने कई परीक्षण किए। इनके निष्कर्षों के आधार पर सरकार ने मवेशियों के टीकाकरण में इसे शामिल करने का फैसला लिया है।

**2022 में एक लाख से ज्यादा मवेशियों की मौत :** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात सहित देश के 15 राज्यों में लंपी वायरस के संक्रमण से साल 2022 में करीब एक लाख से अधिक मवेशियों की मौत हुई।

## पूर्व मंत्री के बेटे ने बैंकाक के लिए बुक किया 78 लाख का चार्टर्ड प्लेन

**पुणे।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री तानाजी सावंत का बेटा ऋषिराज सावंत (32) अपने परिवार को सूचना दिए बिना अपने दो दोस्तों के साथ बैंकॉक यात्रा पर चला गया। लेकिन एक गुमनाम फोन कॉल आने पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया। इसके बाद तीनों को अधूरी यात्रा के बीच बैंकाक से वापस पुणे लाया गया। पुलिस के अनुसार, ऋषिराज ने परिवार को बिना बताए 78 लाख रुपये के चार्टर्ड विमान से बैंकॉक का टिकट बुक किया था, लेकिन इस यात्रा में अचानक रोड़ा अटक गया।

**अपहण की गुमनाम कॉल पर पुलिस ने बीच रास्ते से वापस बुलाया**

पुणे पुलिस के संयुक्त आयुक्त रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 4 बजे कंट्रोल रूम को एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था, जिसमें दावा किया गया कि ऋषिराज को कुछ अज्ञात लोग उठाकर ले गए हैं। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ऋषिराज और उनके दोस्तों ने प्राइवेट विमान बुक करके बैंकॉक के लिए उड़ान भरी थी। पुलिस ने एयरलाइन से संपर्क कर विमान को वापस बुला लिया। घटना सामने आने के बाद पूर्व मंत्री तानाजी सावंत ने कहा, मुझे ऋषिराज की यात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। एजेंसी

व्यापार युद्ध की आशंका से जोखिमपूर्ण संपत्तियों से पैसे निकाल सोने में लगा रहे निवेशक

## टैरिफ वार चलता रहा तो सोना इस साल छू सकता है 92,000 का स्तर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नया टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक और घरेलू बाजार में सोने की कीमतें भारी बढ़त के साथ सार्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स सोना 45.09 डॉलर की तेजी के साथ 2,932.69 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजार में 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

केडिया एडवाइजरी के निदेशक एवं कमोडिटी विशेषज्ञ अजय केडिया का कहना है कि अगर टैरिफ वार चलता रहा तो वैश्विक बाजार में सोना इस साल 3,000 से 3,100 डॉलर प्रति औंस पहुंच सकता है। इसके हिसाब से घरेलू बाजार में सोने की कीमतें इस साल 92,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकती हैं। मौजूदा तेजी को देखते हुए घरेलू बाजार में यह जल्द 90,000 का स्तर छू सकता है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ट्रंप के टैरिफ लगाने की घोषणा पर स्पष्टता नहीं होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता ने सराफा खरीद को बढ़ावा दिया। अभी तक स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप की घोषणा में कौन से देश शामिल होंगे और कौन नहीं।

**88,500** रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा सोना घरेलू बाजार में

**3,100** डॉलर प्रति औंस वैश्विक बाजार में पहुंच सकती है कीमत 2025 में



**...तभी कीमतों में आएगी गिरावट**

केडिया ने कहा, टैरिफ वॉर पर विराम लगने, दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की ओर से खरीदारी घटाने व ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद ही सोने की कीमतों में नरमी आएगी। **हालांकि, यहां से भी सोने में निवेश कर सकते हैं।**

### इन वजहों से भी सोने में तेजी

- वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीद बढ़ा दी है। केंद्रीय बैंकों ने 2024 में लगातार तीसरे साल 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा है। **आरबीआई** ने भी 73 टन की खरीदारी की है।
- निवेशक जोखिमपूर्ण संपत्तियों से पैसे निकालकर सोने में लगा रहे हैं। यही वजह है कि 2024 में सोने की वैश्विक निवेश मांग 25 फीसदी बढ़कर चार साल के उच्च स्तर 1,180 टन पर पहुंच गई।
- रुपया और दुनियाभर की अन्य मुद्राओं के मूल्य में गिरावट से भी सोने को समर्थन मिल रहा है।
- आभूषण निर्माताओं और खुदरा कारोबारियों की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई।

### सेंसेक्स 548 अंक टूटा, एक हफ्ते के निचले स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। सेंसेक्स 548 अंक टूटकर एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ, जिससे बैंकिंग, धातु और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई। सेंसेक्स 548.39 अंक गिरकर 77,311.80 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 178.35 अंक का गोता लगाकर 23,381.60 पर बंद हुआ।

**6.11** लाख करोड़ रुपये डूबी निवेशकों की पूंजी

- बाजार में गिरावट से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 6.11 लाख करोड़ घटकर 417.82 लाख करोड़ रुपये (4.77 ट्रिलियन डॉलर) रह गई। सेंसेक्स की 30 में 23 कंपनियों के शेयर गिरावट में बंद हुए। पावरग्रिड सर्वाधिक 3.45 फीसदी नुकसान में रहा। **विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुद्ध रूप से 2,463.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।**

## सभी स्त्रोतों से सबसे सस्ता पेट्रोलियम खरीद रहा भारत, अगले साल घटेंगे गैस के दाम : पुरी

**नई दिल्ली।** भारत अपनी जरूरतों के लिए सभी स्त्रोतों से सबसे सस्ती दरों पर पेट्रोलियम आयात के लिए तैयार है। उम्मीद है कि अगले साल से गैस के दाम घटने लगेंगे।




पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा, अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से भारत को तेल आपूर्ति पर अधिक असर नहीं पड़ा है। आज हमारे सामने ऐसी स्थिति है कि हमें आपूर्ति करने वाले देशों की संख्या 27 से बढ़कर 40 हो गई है। हमने अर्जेंटीना को भी इसमें शामिल किया है। पुरी ने मंगलवार से शुरू होने वाले भारतीय ऊर्जा सप्ताह-2025 के संदर्भ में आयोजित सम्मेलन में कहा, हमने आयात के समय निविदा जारी की थी। निविदा किसी भी आपूर्तिकर्ता के लिए खुली हैं। हम सबसे सस्ते स्रोत से ही ईंधन खरीदते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को ज्यादा मात्रा में गैस की तलाश है और प्राकृतिक गैस की कीमतें नीचे आने की उम्मीद है। पुरी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार के बारे में मेरा अनुमान है कि 2026 में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हमें कतर से अधिक गैस मिल सकती है। हमारी कंपनियां अधिक गैस की तलाश कर रही हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और गेल अमेरिका से एलएनजी व कच्चे तेल की खरीद पर विचार कर रही हैं। वे दीर्घावधि के अनुबंध कर सकती हैं। एजेंसी

### रुपया 88 के करीब पहुंचा, अंत में पांच पैसे बढ़त में बंद

**नई दिल्ली।** डॉलर में मजबूती के बीच रुपया सोमवार को 45 पैसे टूटकर 88 के करीब पहुंच गया। हालांकि, बाद में आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण पांच पैसे की बढ़त के साथ 87.45 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद विदेशी बाजार में डॉलर में तेजी से रुपये में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.94 पर खुला और दिन में 87.95 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छू गया। बाद में नुकसान को कम कर लिया। एजेंसी

## जेनरेटिव एआई से 45% तक बढ़ेगी आईटी क्षेत्र की उत्पादकता

### ईवाई इंडिया का सर्वे...भारत की शीर्ष आईटी कंपनियां नए प्रोजेक्ट में कर रहीं एआई का इस्तेमाल

**मुंबई।** जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल 254 अरब डॉलर की भारतीय आईटी उद्योग की उत्पादकता अगले पांच साल में 43-45 फीसदी बढ़ा सकती है। उत्पादकता में यह वृद्धि 500 भूमिकाओं तक फैलेगी। कंसल्टिंग फर्म ईवाई इंडिया की ओर से किए गए एक सर्वे के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस जैसी शीर्ष आईटी कंपनियां नए प्रोजेक्ट में एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। शीर्ष आईटी कंपनियों के 89 फीसदी क्लाइंट ने जेनरेटिव एआई प्रोजेक्ट का परीक्षण शुरू कर दिया है, जिनमें से 33 फीसदी पहले से ही उत्पादन में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। एजेंसी




**सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में सर्वाधिक वृद्धि संभव**

सर्वे में कहा गया है कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट भूमिकाओं में उत्पादकता में सबसे अधिक करीब 60 फीसदी वृद्धि होगी। इसके बाद बीपीओ सेवाओं में 52 फीसदी और आईटी परामर्श में 47 फीसदी सुधार होगा। ***यह तिकड़ी (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बीपीओ सेवाएं और आईटी परामर्श) तकनीकी सेवाओं की समग्र उत्पादकता के सुधार में 50-60 फीसदी का योगदान देगी।***

**लागत घटाने और राजस्व बढ़ाने में भी मिलेगी मदद**

ईवाई इंडिया के प्रौद्योगिकी परामर्श भागीदार अभिनव जोहरी ने कहा, कंपनियां प्रयोग से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर उत्पादन में एआई का उपयोग कर रही हैं। यह बदलाव एआई की क्षमता में उद्योग के विश्वास को दर्शाता है। सर्वे में शामिल अधिकारियों का कहना है कि एआई के बढ़ते इस्तेमाल से न सिर्फ ईटी उद्योग को ग्राहक सेवा बढ़ाने में मदद मिल रही है, बल्कि लागत कम करने के साथ राजस्व वृद्धि में भी सुधार हो रहा है।

## बैंकों में नकदी की किल्लत, कर्ज की किस्त घटने में लग सकते हैं तीन माह

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने करीब पांच साल के बाद पहली बार रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती कर विभिन्न प्रकार के कर्ज लेने वाले ग्राहकों को राहत तो दी, लेकिन इसका लाभ मिलने में अब भी दो से तीन महीने का समय लग सकता है। इसकी प्रमुख वजह है...बैंकों के पास नकदी की किल्लत। इस समस्या से बाहर निकलने के लिए बैंक रेपो दर में कटौती के बाद भी ज्यादा ब्याज देकर जमा जुटाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इससे बैंकों को जरूर फायदा होगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों ने फिक्स्ड दर पर कर्ज लिया है, उन्हें रेपो दर में कटौती का लाभ पाने में बहुत अधिक समय लग सकता है। हालांकि, फ्लोटिंग दर पर कर्ज लेने वाले ग्राहकों को इसका लाभ जल्द मिलने की उम्मीद है। फिर भी, दोनों प्रकार के ग्राहकों को इसका फायदा मिलने में दो-तीन महीने लग सकते हैं। इसके बाद ही उनकी मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आएगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अजीत वेलोनी ने कहा, फ्लोटिंग दर वाले कर्जों का बढ़ता अनुपात कुल लोन बुक का 40 फीसदी से अधिक पहुंच गया है और यह बाहरी दरों पर आधारित है। इसलिए, उधारकर्ताओं को ब्याज दर घटने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। बंधन एएमसी में फिक्स्ड इनकम के प्रमुख सुयश चौधरी ने कहा, ब्याज दर में कटौती के लिए बैंकों को पहले अपनी वित्तीय स्थिति की समीक्षा करनी होगी, जैसा वे हर बार करते हैं। नए वित्त वर्ष यानी 2025-26 की पहली तिमाही जैसे ही शुरू होगी और नकदी के मोर्चे पर सुधार होगा, बैंक कर्ज की ब्याज दरों को कम करना शुरू कर सकते हैं।




**40%** से अधिक पहुंच गया है फ्लोटिंग दर वाले कर्जों का अनुपात

- *रेपो दर घटने के बाद भी जमा जुटाने के लिए अधिक ब्याज दे रहे बैंक*

### 2.50 लाख करोड़ घट सकती है नकदी

विशेषज्ञों ने भविष्य में नकदी की स्थिति को लेकर चिंता जताई है। फरवरी, 2025 में सुधार दिखाने के बाद अगर आरबीआई अतिरिक्त तरलता उपाय लागू नहीं करता है, तो मार्च, 2025 के अंत तक प्रणाली की नकदी में 2.50 लाख करोड़ रुपये तक कमी आ सकती है। इससे बैंकों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा, जिससे ब्याज दरें घटने में देरी होगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा, बाहरी बेंचमार्क से जुड़े ऋणों पर दर में कटौती का तत्काल असर हो सकता है।

### जमाकर्ताओं के लिए मुनाफा कमाने का मौका

वर्तमान जमाकर्ताओं पर रेपो दर घटने या बढ़ने का कोई असर नहीं होगा।



लेकिन, बैंकों को मिलने वाले नए जमा पर इसका असर जरूर देखने को मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि जमा को लेकर बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल है। ऐसे में बैंक अगर जमा पर ब्याज दरें घटाते हैं, तो ग्राहक अपना पैसा निकालकर किसी और साधन में निवेश कर सकते हैं। **ऐसे में बैंक इन जमाओं को बनाए रखने और नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कुछ और समय तक ऊंची ब्याज दर को बनाए रख सकते हैं।**

**न्यूज डायरी**

### नेशनल फर्टिलाइजर का मुनाफा 70 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** नेशनल फर्टिलाइजर लि. का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 70 फीसदी घटकर 45.81 करोड़ रुपये रह गया। इस अवधि में कंपनी का कुल राजस्व भी 23 फीसदी घटकर 5,855.85 करोड़ रुपये रहा। कुल खर्च कम होकर 5,842 करोड़ रहा। एजेंसी

### अदाणी समूह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं बनाएगा

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह ने अदाणी हेल्थ सिटी के तहत एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों की स्थापना की घोषणा की है। गौतम अदाणी की सेवा भावना 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है' के अनुरूप देशभर के सभी वर्गों के लिए किफायती व विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। ब्यूरो

### एशियन ग्रेनिटो की बिक्री 360 करोड़ पार

**नई दिल्ली।** एशियन ग्रेनिटो की बिक्री चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में बढ़कर 360 करोड़ रुपये के पार हो गई है। कंपनी ने बताया कि 9 महीने की अवधि में बिक्री 1,087 करोड़ रुपये रही है और इसी दौरान शुद्ध मुनाफा 3.82 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। ब्यूरो

# देश-दुनिया

## फ्रांस में जुटे वैश्विक नेता व प्रौद्योगिकी दिग्गज, सुरक्षित एआई पर जोर

**पेरिस/नई दिल्ली।** दुनियाभर के नेता और प्रौद्योगिकी अधिकारी सोमवार को पेरिस में इस बात के लिए जुटे हैं कि लालफीताशाही के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को सुरक्षित रूप से कैसे अपनाया जाए।

भारत इस एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है, जिसे वाणिज्य-उद्योग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फ्रांस-भारत के अध्यक्ष कौमार आनंद ने मील का पत्थर करार दिया है। आनंद ने एआई के बढ़ते जियोपॉलिटिकल महत्व और ग्लोबल गवर्नेंस, सिक्योरिटी और वर्कफोर्स डेवलपमेंट पर इसके असर को समझाया। उन्होंने कहा, भारत-फ्रांस में व्यापार 20 अरब डॉलर से कम रहा है जो पहले 15-18 अरब डॉलर हुआ करता था। लेकिन अब, जबकि भारत इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है तब यह तकनीकी नजरिये से सियासी व जियो-पॉलिटिक्स एजेंडे से भी अहम हो सकता है। अब हमारे पास पहले की तुलना में अधिक बेहतर एआई तकनीक है। कार्यक्रम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस व चीनी उपप्रधानमंत्री झांग गुओकिंग सहित शीर्ष नेता शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडलों से अपेक्षा है कि वे धरती के गर्म होने के कारण एआई की व्यापक ऊर्जा जरूरतों के प्रबंधन और विकासशील दुनिया के लिए इसके बारे में बात करेंगे। एजेंसी



नरेंद्र मोदी

### ट्रंप से टैरिफ कटौती पर चर्चा कर सकते हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मिलकर काम करेंगे और दुनिया के बेहतर भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने कहा, उनकी आगामी अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका साझेदारी मजबूत करने की दिशा में एजेंडा तय करेगी। माना जा रहा है कि पीएम मोदी द्विपक्षीय वार्ता में राष्ट्रपति ट्रंप से टैरिफ कटौती पर चर्चा कर सकते हैं। फ्रांस और अमेरिका के चार दिनी दौरे पर रवाना होने से पहले सोमवार को पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। एजेंसी

### मोदी, ट्रंप मुलाकात पूर्व घृणा भाषणों की रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले वाशिंगटन स्थित अनुसंधान समूह इंडिया हेट लैब की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2024 में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ घृणास्पद भाषणों में 74% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि विशेष रूप से आम चुनावों के दौरान देखी गई। 2024 में नफरती भाषण की 1,165 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 2023 में यह संख्या 668 थी। एजेंसी

## ब्रिटेन : अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई में भारतीय रेस्तरां भी शामिल

गृह मंत्री येवेटे कूपर ने कहा, आव्रजन टीमों ने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया

**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों पर देश-व्यापी कार्रवाई में भारतीय रेस्तरां, नेल बार, सुविधा स्टोर और कार वॉश भी शामिल रहे। गृह मंत्री यवेटे कूपर ने कहा, उनके मंत्रालय की आव्रजन प्रवर्तन टीमों ने जनवरी में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया।

गत वर्ष जनवरी के बजाय गिरफ्तारियां बढ़कर 609 हो गईं, और पिछले वर्ष की तुलना में इस कार्रवाई में 73 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। गृह मंत्रालय ने कहा, पिछले महीने की गतिविधि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रेस्तरां, टेकअवे और कैफे के साथ-साथ भोजन, पेय और तंबाकू उद्योग था। उत्तरी इंग्लैंड के हंबरसाइड में एक भारतीय रेस्तरां में सात गिरफ्तारियां हुईं और चार को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा, आव्रजन नियमों का सम्मान किया जाना चाहिए और उन्हें लागू किया जाना चाहिए। कूपर ने कहा, नियोक्ता लंबे समय से अवैध प्रवासियों का शोषण कर रहे थे। एजेंसी



यवेटे कूपर

***38 फीसदी बढ़ी गिरफ्तारियां***

*यह जानकारी तब सामने आई है जब लेबर पार्टी सरकार का सीमा सुरक्षा, शरण और आव्रजन बिल इस सप्ताह दूसरी बार संसद में आया है। नए कानून का उद्देश्य आपराधिक गिरोहों को नष्ट करना है। पीएम कीर स्टार्मर ने कहा, यह अवैध आव्रजन सीमा सुरक्षा को कमजोर करता है। गृह मंत्रालय ने कहा, 12 माह पहले की समान अवधि की तुलना में अवैध कामकाजी कार्रवाई और गिरफ्तारियां 38% बढ़ गई हैं।*

**न्यूज डायरी**

### ग्वाटेमाला : पुल से नीचे गिरी बस, 51 की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी।** ग्वाटेमाला की राजधानी के बाहरी इलाके में सोमवार को एक बस के पुल से गिर जाने से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक स्थानीय अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि सुबह होने से पहले एक बस पुल से नीचे उतर गई। बस 115 फीट (35 मीटर) की ऊंचाई से एक प्रदूषित सीवेज धारा में आकर गिरी। नीचे गिरने के बाद बस का आधा हिस्सा सीवरेज में डूब गया। बस राजधानी के उत्तर-पूर्व स्थित प्रोग्रेसो से आ रही थी। अधिकारी ने कहा कि पीड़ितों में बच्चे भी शामिल हैं। एजेंसी

### म्यांमार : शांति के लिए श्री श्री का सत्र



**यंगून।** म्यांमार की राजधानी में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के ध्यान सत्र में म्यांमार के कैबिनेट सदस्यों सहित 1,500 से अधिक लोग एकत्र हुए। म्यांमार सरकार ने उन्हें इस सत्र के लिए आमंत्रित किया, जिसे आर्ट ऑफ लिविंग ने स्वीकारा और यंगून में भारतीय दूतावास से मिली मंजूरी के बाद इसे आयोजित किया गया। श्री श्री के इस सत्र में 1500 से अधिक लोग नेशनल थिएटर पहुंचे। एजेंसी

## स्टील और एल्युमीनियम पर ट्रंप का टैरिफ भारतीय निर्यातकों पर भी पड़ेगा असर

### अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, 25% आयात शुल्क का असर हफ्ते के अंत तक दिखेगा

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी व्यापार नीति पर एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वह सोमवार से स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25% टैरिफ लगाने जा रहे हैं और इस हफ्ते के अंत तक इसका पता लगेगा। ट्रंप का मकसद अमेरिकी उद्योगों की रक्षा व व्यापार भुगतान सुधारना है, लेकिन इसका सीधा असर, कनाडा, मेक्सिको, ब्राजील, ब्रिटेन, जापान और ईयू पर पड़ेगा। भारत में स्टील उत्पादकों को निर्यात चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को कहा, गत एक वर्ष में भारत में उच्च स्टील आयात ने पहले ही भारतीय उत्पादकों की कीमतें और कमाई घटा दी है। 2018 में व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी स्टील व एल्यूमीनियम आयात में वृद्धि जारी है। मूडीज ने कहा, इससे अमेरिकी स्टील उत्पादकों को फायदा होगा। अमेरिकी टैरिफ से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और भारतीय उत्पादकों की चुनौतियां बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने स्पष्ट नहीं किया कि पारस्परिक टैरिफ में किन देशों पर उनका फोकस रहेगा, लेकिन ये साफ कर दिया कि सभी देशों पर यह लागू होगा। एजेंसी



**भारत पर ज्यादा असर नहीं**

स्टील सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा, स्टील आयात पर शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा का भारतीय उद्योग पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि घरेलू बाजार मजबूत है और थोड़ी मात्रा में अमेरिका को निर्यात किया जाता है। हमने पिछले साल 14 करोड़ टन स्टील का उत्पादन किया, जिसमें से 95,000 टन अमेरिका को निर्यात किया गया।

**2019 में भारत ने की थी कार्रवाई**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक टैरिफ की घोषणा करने को कहा है। इसका मतलब अमेरिका उन उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जहां किसी अन्य देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है। इससे पहले 2018 में ट्रंप के कार्यकाल में भी अमेरिका ने स्टील उत्पादों पर 25% और कुछ एल्युमीनियम उत्पादों पर 10% अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया था। जवाब में भारत ने जून 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त सीमा शुल्क लगाया।

### ट्रंप ने दोहराई गाजा पर कब्जे की योजना नेतन्याहू पर युद्धविराम विस्तार का दबाव

**मुगराका/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब भी अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। उन्होंने सोमवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण का अपना संकल्प स्पष्ट रूप से दोहराया है। जबकि हमास द्वारा बंधक बनाए लोगों की दयनीय हालत सामने आने के बाद इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा से हुआ युद्धविराम आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। इस बीच, ट्रंप ने गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की प्रतिज्ञा दोहराते हुए कहा, मैं गाजा को खरीदने और उस पर स्वामित्व के लिए प्रतिबद्ध हूं। ट्रंप ने कहा, गाजा पुनर्निर्माण में अरब देश फलस्तीनियों को लेने पर सहमत होंगे। एजेंसी

**वित्त मंत्रालय को नए सिक्के नहीं बनाने के निर्देश**...ट्रंप ने अमेरिकी एक सेंट के सिक्के के उत्पादन की लागत का हवाला देते हुए वित्त मंत्रालय को नए सिक्के बनाना बंद करने का निर्देश दिए हैं। राष्ट्रपति ने कहा, लंबे समय से अमेरिका सिक्के बना रहा है जिसकी लागत दो सेंट से अधिक है।

**मेक्सिको की खाड़ी अब अमेरिका की खाड़ी, कनाडा को राज्य पर गंभीर**...राष्ट्रपति ट्रंप ने 'मेक्सिको की खाड़ी' का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इसी तरह ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा, वह कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने पर गंभीर हैं। ट्रंप से जब पूछा कि क्या कनाडा को 'वास्तव' में अपने साथ मिलाएंगे, तो उन्होंने कहा, 'हां, यह सच है'।

### सिंगापुरी पीएम बोले सहिष्णुता पर भरोसा करता है हिंदू धर्म



**सिंगापुर।** सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग यहां श्री शिव-कृष्ण मंदिर पहुंचे और धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। मंदिर में 1996 और 2008 के बाद तीसरी बार धार्मिक समारोह हुआ। यह सिंगापुर का एकमात्र मंदिर है जहां श्री शिव-कृष्ण की प्रतिमाएं हैं। सुबह कलश यात्रा निकालने के बाद कलश में भरे जल को मंदिर लाया गया। इस धार्मिक आयोजन में 10,000 श्रद्धालु शामिल हुए।

पीएम लॉरेंस वोंग ने कहा, इस धार्मिक आयोजन के जरिये यह सुनिश्चित किया जाता है कि मंदिर अध्यात्मिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु बना रहे। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म सहिष्णुता पर भरोसा करता है। इसके लिए मुख्य भवन से लगभग 100 मीटर दूर टेंट लगाए गए थे। एजेंसी

## बांग्लादेश : हसीना के बेटे की हत्या की साजिश से संपादक बरी

### न्यायाधीश ने कहा, आरोप झूठे व मनगढ़ंत पाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय की 2015 में अमेरिका में अपहरण और हत्या की असफल साजिश से संबंधित मामले में सोमवार को प्रमुख अखबार दैनिक अमर देश के संपादक महमूदुर्रहमान को बरी कर दिया। ढाका के चौथे अतिरिक्त मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश तारिक अजीज ने यह फैसला सुनाते हुए महमूदुर्रहमान की मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील को स्वीकार कर लिया। जॉय तब शेख हसीना के सलाहकार थे।

डेली स्टार अखबार के अनुसार, जज ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, मनगढ़ंत पाए गए। जज ने कहा, निचली अदालत द्वारा उसे दी गई सजा को रद्द कर अपीलकर्ता को बरी किया जाता है। फैसले के बाद दैनिक अमर देश के संपादक महमूदुर्रहमान ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें अंततः अदालत से न्याय मिला है और वह फासीवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, जो देश का संघर्ष भी है। एजेंसी

**मस्कट में जयशंकर से मिल सकते हैं तौहीद**



जयशंकर | तौहीद हुसैन

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव को रोकने के प्रयासों के तहत अगले सप्ताह ओमान में हिंद महासागर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात कर सकते हैं। 8वां हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी 2025) 16-17 फरवरी को मस्कट में होने वाला है।

## यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस से वार्ता में हो रही प्रगति

**मेलबर्न/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए अमेरिका की रूस से वार्ता में प्रगति हुई है।

हालांकि, उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ इस मुद्दे पर हुई किसी भी वार्ता का ब्योरा देने से इन्कार कर दिया। ट्रंप ने संकेत दिया कि वह व पुतिन संपर्क में थे। यह 2022 की शुरुआत के बाद से पुतिन और किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच पहली आधिकारिक रूप से स्वीकार की गई वार्ता होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनने के बाद या उससे पहले पुतिन के साथ उनकी बातचीत हुई है, ट्रंप ने कहा- मैंने बात की है। चलिए बस इतना कह सकता हूं कि मैंने बात की है...और मुझे उम्मीद है कि आगे भी बातचीत होगी। हमें युद्ध को समाप्त करना होगा। एजेंसी

**ट्रंप ने कहा, हम रूस व यूक्रेन दोनों के संपर्क में**

# शर्मनाक : ऑनलाइन शो में यूट्यूबर अल्लाहबादिया ने की बेहूदी टिप्पणी, असम में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## मानवाधिकार आयोग का यूट्यूब को निर्देश तत्काल हटाएं एपिसोड

**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया की ऑनलाइन शो में परिजनों के खिलाफ की गई अश्लील टिप्पणियों को लेकर असम में उसके साथ ही समय रैना और तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि गुवाहाटी पुलिस ने जिन अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है, उनमें जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, आशीष चंचलानी भी शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ अश्लीलता को बढ़ावा देने महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उधर, मानवाधिकार आयोग ने सोमवार को यूट्यूब को एक पत्र लिखकर तत्काल विवादास्पद एपिसोड हटाने का निर्देश दिया। इन तीनों ने यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट के एक एपिसोड में महिलाओं पर ऐसी भद्दी और घिनौनी टिप्पणियां कीं, जिन्हें यहां लिख पाना मुनासिब नहीं। मुंबई कमिश्नर और महाराष्ट्र महिला आयोग को भी शिकायत दी गई है। ब्यूरो


रणवीर अल्लाहबादिया

### ज्यादातर शो फूहड़ सामग्री से भरे

इंडियाज गॉट लेटेंट, एक कॉमेडी रियलिटी शो है। इसके ज्यादातर शो फूहड़ सामग्री से भरे रहते हैं। इसके एक एपिसोड में जब अल्लाहबादिया ने एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन जीवन पर एक अश्लील सवाल पूछा तो वह लोगों के निशाने पर आ गया। सोशल मीडिया में शो और इसके प्रतिभागियों के बहिष्कार की मांग उठने लगी और कई लोगों ने अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की।

**सांसदों ने उठाई सोशल मीडिया के नियमन की मांग :** भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि चाहे यूट्यूब हो या सोशल मीडिया, अनुचित भाषा पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। वहीं, शिवसेना-यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि कॉमेडी के नाम पर अनुचित और अपमानजनक भाषा अस्वीकार्य है।

### अकड़ से बोला-बिना शर्त माफी मांगता हूं

विवाद बढ़ने पर रणवीर अल्लाहबादिया ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी। अकड़ के साथ अल्लाहबादिया ने कहा, मैंने शो में जो भी कहा, उसके लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं। कॉमेडी करना मेरा काम नहीं है... । मैं केवल माफी मांगने आया हूं। मेरी निर्णय क्षमता में चूक हुई। यह मेरी ओर से ठीक नहीं था। मैं मेकर्स से अपील करता हूं कि वीडियो का उतना विवादित हिस्सा हटा दें।

**1.5 करोड़ सब्सक्राइबर, पीएम ने किया था सम्मानित**

बता दें कि पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणवीर अल्लाहबादिया को डिसरप्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया था। इसके बावजूद उसने मर्यादा का ख्याल नहीं रखा। अल्लाहबादिया के एक्स पर 60 लाख और इंस्टाग्राम पर 45 लाख फॉलोवर हैं। बीयरबाइसेप्स नामक उसके यूट्यूब चैनल के 1.5 करोड़ सब्सक्राइबर हैं।

**सीएम फडणवीस बोले, कार्रवाई की जाएगी :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के विपक्षी नेताओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने के लिए अल्लाहबादिया की आलोचना करते हुए कार्रवाई की बात कही है। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, हर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है लेकिन हमारी यह तब समाप्त हो जाती है जब हम दूसरों की स्वतंत्रता का अतिक्रमण करते हैं...।

# लोकतंत्र में किसी पार्टी के अधिकारों को कुचला नहीं जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

## बीआरएस विधायकों की अयोग्यता विवाद में अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में किसी पार्टी के अधिकारों को कुचलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने सोमवार को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस विधायकों की अयोग्यता याचिका पर फैसला करने के लिए उचित समय के बारे में पूछते हुए यह टिप्पणी की।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ सोमवार को दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी पर बीआरएस और अन्य की ओर से दायर की गई याचिका भी शामिल है। पीठ ने कहा कि लोकतंत्र में हम अन्य दो पक्षों का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि संसद के अधिनियम को ही कुचलने की अनुमति दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने कहा था कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष को तीन विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर उचित समय के भीतर निर्णय लेना चाहिए। एक याचिका में राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए तीन बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर तेलंगाना हाईकोर्ट के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जबकि दूसरी याचिका शेष सात विधायकों से संबंधित थी, जिन्होंने दलबदल किया था। ब्यूरो

**कोर्ट ने पूछा निर्णय लेने के लिए उचित समय क्या :** सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने जानना चाहा कि अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने के लिए स्पीकर के लिए उचित समय क्या है। पीठ ने विधानसभा की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या उचित समय का मतलब विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होना भी हो सकता है। पीठ ने पूछा, आपकी समझ में उचित समय क्या है।

## न्यूज डायरी

### अहमदाबाद : अंतरराष्ट्रीय विमान में मिला धमकी भरा पत्र, दहशत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार को एक अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि, गहन तलाशी अभियान में कहीं कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दाह से यात्रियों को लेकर विमान सुबह अहमदाबाद हवाईअड्डे पर उतरा। सभी यात्रियों के उतरने के बाद सफाई कर्मचारियों को सीट के नीचे एक नोट मिला। इसमें विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर विमान की गहन जांच की। इस दौरान कहीं कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। एजेंसी

### गुजरात : विषाक्त सोडा पीने से तीन लोगों की मौत, जांच शुरू

**नडियाद।** गुजरात के नडियाद में विषाक्त सोडा पीने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम यहां जवाहर नगर इलाके में तीन लोग सोडा पी रहे थे। कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत नजदीकी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। कई मीडिया रिपोर्ट में मौतों का कारण जहरीली शराब बताया गया, लेकिन पुलिस ने कहा कि फोरेंसिक जांच में मेथेनॉल की मौजूदगी नहीं मिली जो कि आम तौर पर जहरीली शराब में पाई जाती है। एजेंसी

### महाराष्ट्र : इंस्टाग्राम पोस्ट पर विवाद के बाद किशोर की हत्या

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में इंस्टाग्राम पोस्ट पर हुए विवाद में एक युवक ने 17 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी। हिंगणघाट थाने के अधिकारी के मुताबिक, एक माह पूर्व हिमांशु चिन्मय व आरोपी मानव जुमनाके ने इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट कर लोगों से वोट करने को कहा था। चिन्मय को मानव से ज्यादा वोट मिले। इस मुद्दे पर बात करने के लिए दोनों शनिवार को मिले, तो उनमें बहस हो गई। इसके बाद मानव ने अपने दोस्त के साथ मिलकर चाकू से चिन्मय पर हमला कर दिया। इस हमले में चिन्मय की मौत हो गई। एजेंसी

### रेल परियोजना में घूस लेने का आरोप मुख्य अभियंता के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के आरोप में कोंकण रेलवे के मुख्य अभियंता सुमीत खजूरिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। खजूरिया पर उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के कटरा-धरम खंड के निर्माण में एक कंपनी के लंबित बिलों को मंजूरी देने के एवज में घूस मांगने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार खजूरिया ने पारस रेलटेक प्रा. लि. और उसके निदेशकों राजेश जैन, पुष्पराज सिंह व सुलभ रावत के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com/poll

कॉमेडियन समय रैना के शो में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की एक टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। क्या हास्य के नाम पर परोसी जा रही अश्लील सामग्री पर रोक लगनी चाहिए?

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस लगातार तीसरी बार कोई भी सीट नहीं जीत पाई। क्या पार्टी को संगठन स्तर पर बड़े फैसले लेने की जरूरत है?

| | |
|---|---|
| हां | 86.82% |
| नहीं | 13.18% |

## एयरो इंडिया-2025 : दुनिया ने देखी रक्षा क्षेत्र में भारत की ताकत, जमीन से लेकर आसमान तक तेजस-सुखोई की गर्जना

# ये पराक्रम का महाकुंभ, सशक्त भारत बेहतर विश्व के लिए जरूरी : राजनाथ

**बंगलूरू।** एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत रक्षा क्षेत्र में वैभव प्रदर्शन के साथ हो गई है। देश के लड़ाकू विमानों ने जहां दुनिया को अपनी ताकत का अहसास कराया वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस शो को पराक्रम का महाकुंभ करा दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की कमजोर स्थिति में कभी भी शांति हासिल नहीं की जा सकती है। एक सशक्त भारत बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर सकता है। राजनाथ ने कहा कि भारत हमेशा शांति और स्थिरता का समर्थक रहा है।

राजनाथ सिंह ने सोमवार को बंगलूरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं, जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। एयरो इंडिया में विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं। एजेंसी

### रक्षा उद्योग में भागीदार बने निजी क्षेत्र

रक्षा मंत्री ने अनिश्चितताओं और मौजूदा परिप्रेक्ष्य में उभर रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि निजी क्षेत्र रक्षा उद्योग में समान भागीदार बनें। राजनाथ ने कहा, सुरक्षा की कमजोर स्थिति में शांति कभी हासिल नहीं की जा सकती। शांति का वट वृक्ष शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। मेरा मानना है कि हम सभी को एक साथ मजबूत होना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। मजबूत होकर ही हम बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर पाएंगे।



उत्साह बढ़ाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### रक्षा उद्योग शीर्ष प्राथमिकता वाला क्षेत्र

**रक्षा मंत्री ने कहा,** पिछले 10 वर्षों में सरकार ने रक्षा क्षेत्र को देश का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना है। रक्षा बजट में 9.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। भारत का घरेलू रक्षा विनिर्माण 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर है। हमारा रक्षा निर्यात पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है।

### मित्र देशों से संबंध मजबूत करना मकसद

**एयरो इंडिया के थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्चुनिटीज' की ओर इशारा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, मेरा मानना है कि इससे अधिक उपयुक्त थीम कोई और हो नहीं सकती।** यह हमें बताता है कि एक अरब से अधिक लोगों वाले देश में एक अरब अवसरों को मूर्त रूप देते हुए यह एयरो शो उससे कम कुछ नहीं हो सकता। राजनाथ ने कहा, इस एयरो शो के कई उद्देश्य हैं, पहला महत्वपूर्ण उद्देश्य न केवल हमारी औद्योगिक क्षमता बल्कि, हमारी तकनीकी प्रगति को भी पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है। यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसका सबसे बड़ा उद्देश्य मित्र राष्ट्रों के साथ हमारे सहजीवी संबंधों को और मजबूत करना है।

### फिजी व सूडान के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात

राजनाथ ने फिजी के रक्षा मंत्री पियो टिकोदु आदुआ के अलावा दक्षिण सूडान के अपने समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल चोल थॉन जे बालोक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों से रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। राजनाथ ने भारत-फिजी संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) को संस्थागत बनाने पर भी सहमति जताई। वहीं, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एयरो शो में स्वदेशी एस्ट्रा बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल व एचटीटी-40 (हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर-40) विमान के लिए प्रतिबंधित सैन्य प्रकार प्रमाण पत्र (आरएमटीसी) सौंपे। सेठ ने विमान और प्रणालियों के जीवन विस्तार के लिए मार्गदर्शन सामग्री भी जारी की।

### ओईएम के सीईओ उठाएं लाभ

राजनाथ सिंह ने कहा, मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के सीईओ से मैं आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और विस्तारित भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की ओर से पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाएं। यह अवसर रक्षा उत्पादन में हमारी आत्मनिर्भरता नीतियों से प्रेरित हैं और एक अनुकूल नीति व्यवस्था द्वारा सुगम हैं। आज के समय में आत्मनिर्भरता न केवल एक रणनीतिक विकल्प और अवसर है, बल्कि एक तरह की मजबूरी भी है। यह सब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम तकनीक और अन्य नई तकनीकी क्रांतियों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।

### द्विपक्षीय संबंधों का स्तंभ बना रहेगा रक्षा सहयोग : अमेरिका

नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी जॉर्गन के. एंड्रयूज ने भरोसा जताया कि रक्षा सहयोग दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। एयरो इंडिया समारोह में एंड्रयूज ने भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन में नए ट्रंप प्रशासन के साथ भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की शानदार शुरुआत हुई है। बता दें कि, इसी सप्ताह अमेरिका दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात होनी है।

## 360 डिग्री पर घूम गया तेजस


एसयू-30


जगुआर


तेजस

**बंगलूरू।** बंगलूरू में सोमवार को एशिया के सबसे बड़े एयर शो 'एयरो इंडिया-2025' की औपचारिक शुरुआत हो गई। 14 फरवरी तक चलने वाले इस शो के जरिये दुनिया भारत की बढ़ती हवाई ताकत और उसकी क्षमताओं का नजारा देखेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। शो की शुरुआत के साथ ही आसमान में वायुवीरों का पराक्रम देखने को मिला। एयर शो में राफेल, सुखोई, तेजस और सूर्य किरण जैसे लड़ाकू विमान करतब दिखाते नजर आए। एयर शो में आकर्षण का केंद्र रहे भारतीय लड़ाकू विमानों तेजस मार्क 1ए और राफेल ने हवा में हैरान करने वाले करतब दिखाए। भारत में निर्मित तेजस ने हवा में 360 डिग्री चक्कर लगाया और सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग बिखेरे। रूस की पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। एजेंसी

**सुखोई के करतब देख लोग अचंभित**


एमआई-17

### रक्षा कॉरिडोर के लिए 250 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थित रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर में 250 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राजनाथ ने कहा, हमने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में दो रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना की है। अब तक इन गलियारों में 250 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। सरकार ने रक्षा लाइसेंस के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 75 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी है। सरकारी अनुमोदन मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है।

## राजोरी में पाकिस्तान का स्नाइपर हमला एक जवान घायल

**नौशेरा।** पाकिस्तान ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। राजोरी जिले में एक हफ्ते में दूसरी बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी के बाद अब नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया है। इसमें गोली लगने से गश्ती दल का एक जवान घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सेना के जवान सोमवार को नौशेरा सेक्टर के कलाल में गश्त कर रहे थे। दोपहर बाद करीब 2:40 बजे पाकिस्तान की ओर से गश्ती दल को निशाना बनाकर स्नाइपर हमला किया गया। घायल जवान की पहचान हवलदार पूरन सिंह 4 कमाऊ (कलाल बटालियन) के रूप में बताई जा रही है। वहीं, हमले के बाद सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। हालांकि, इस हमले को लेकर सेना की ओर से अभी अधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ब्यूरो

## मणिपुर : 9 उग्रवादी गिरफ्तार, पुलिस चौकी से लूटे गए हथियार भी बरामद

### अन्य कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में हथियार व गोला बारूद जब्त

**इंफाल।** चौकी से हथियारों की लूट के एक दिन बाद ही सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उग्रवादी को गिरफ्तार करने के साथ ही ज्यादातर हथियार बरामद कर लिए। वहीं अन्य ऑपरेशन में भी आठ उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं।

सुरक्षा बलों ने सोमवार को अभियान चलाकर उग्रवादी हिंजम निगंथेम को गिरफ्तार किया और थौबल जिले से इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआईबी) के आउटपोस्ट से लूटे गए 9 में से 8 हथियार बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपी उग्रवादी संगठन केसीपी का सदस्य है। उधर, सेना व असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में संयुक्त ऑपरेशन चला कर 8 उग्रवादियों सहित भारी मात्रा में हथियार और युद्धक सामग्री बरामद की। पुलिस ने सोमवार को बताया कि ये ऑपरेशन काकचिंग, थौबल, तैंग्नोपॉल, बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व और चंदेल जिलों में चलाए गए। ब्यूरो



### एके-47, मोर्टार तक मिले

खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स ने चंदेल जिले के लाइचिंग-दुथांग जंक्शन क्षेत्र में एक एके-47 राइफल, एक देसी 303 राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, एक 12 बोर राइफल, कई आईईडी, ग्रेनेड, गोला-बारूद और अन्य युद्धक सामग्री बरामद की। इसी तरह से एक अन्य ऑपरेशन में सेना ने सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में बिष्णुपुर जिले के सैतोन खुनाओ और आसपास के गांवों से एक एके-47 राइफल, दो 9 मिमी सबमशीन गन, दो पिस्तौल, एक 2 इंच का मोर्टार, ग्रेनेड, दो आईईडी और गोला-बारूद बरामद किए।

## नृत्य करते 23 साल की महिला की अचानक मौत


दिल का दौरा पड़ने का संदेह

**विदिशा।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में एक शादी में स्टेज पर नृत्य करते समय एक महिला परणिता जैन (23) गिर गई और उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परणिता शनिवार रात विदिशा बाईपास रोड पर एक रिसॉर्ट में अपने चचेरे भाई के संगीत समारोह में नृत्य कर रही थी। प्रदर्शन के बीच में वह अचानक गिर पड़ी।

एक अधिकारी ने कहा, महिला इंदौर की रहने वाली थी, उसे संभवतः दिल का दौरा पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग मंच पर पहुंचे और उस पर सीपीआर किया, लेकिन महिला ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एजेंसी

## कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी की अर्जी पर सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट बोला-यह एक कविता ही तो है, हाईकोर्ट नहीं समझा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ भड़काऊ गीत का संपादित वीडियो पोस्ट करने के लिए गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट को शायद कविता का अर्थ समझ नहीं आया इसीलिए उसने एफआईआर रद्द करने की मांग वाली प्रतापगढ़ी की याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ के समक्ष कांग्रेस सांसद के वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि हाईकोर्ट का आदेश कानून की दृष्टि से गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि जज ने कानून का उल्लंघन किया है। पीठ ने कहा, यह आखिरकार एक कविता है। यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। यह कविता अप्रत्यक्ष रूप से कहती है कि अगर कोई हिंसा करता है, तो भी हम हिंसा नहीं करेंगे। राज्य के वकील की ओर से समय मांगे जाने पर पीठ ने मामले को स्थगित कर दिया। पीठ ने राज्य के वकील से कहा, कविता पर अपना दिमाग लगाइए। आखिरकार, रचनात्मकता भी महत्वपूर्ण है। ब्यूरो



**मामला 1**

**मिल चुका है कार्रवाई से अंतिम संरक्षण :** शीर्ष अदालत ने 21 जनवरी को एफआईआर के संबंध में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। 3 जनवरी को राज्यसभा सदस्य प्रतापगढ़ी पर जामनगर पुलिस ने धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। 17 जनवरी को गुजरात हाईकोर्ट ने 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो...' कविता के साथ एक वीडियो क्लिप पोस्ट करके सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने के आरोपों के लिए एफआईआर को रद्द करने से इन्कार कर दिया था।

## सिख विरोधी दंगा : बरी लोगों के खिलाफ अपील दायर न करने पर सुप्रीम सवाल

**मामला 2**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामलों में बरी किए गए लोगों के खिलाफ अपील दायर नहीं करने पर दिल्ली पुलिस से सवाल किया। अदालत ने कहा कि मुकदमा गंभीरता से चलाया जाना चाहिए, न कि केवल दिखावे के लिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से कहा कि बरी किए गए लोगों के खिलाफ विशेष अनुमति याचिकाएं (एसएलपी) दायर की जानी चाहिए और ईमानदारी से लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। पीठ ने भाटी से कहा, कई मामलों में आपने दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से पारित आदेश को चुनौती नहीं दी है। स्पष्ट रूप से कहें तो, एसएलपी से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता जब तक कि इसे दायर न किया जाए और गंभीरता से मुकदमा न चलाया जाए। आप हमें बताएं कि पहले जो मामले दायर हुए थे, क्या उन पर बहस के लिए किसी वरिष्ठ वकील को लगाया गया था? इसे निष्ठापूर्वक और ईमानदारी से किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता एस गुरलाड सिंह काहलों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का ने कहा कि पुलिस की ओर से दायर अपील महज औपचारिकता थी। ब्यूरो

**पहल** | दवा बिक्री में मनमानी के खिलाफ सरकार ने किया सख्त फैसला, सभी राज्यों में लागू होगा एक जैसा कानून

# तय दाम पर मरीजों को मिलेगी दवा...विक्रेता जारी करेंगे मूल्य सूची

परीक्षित निर्भय

**नई दिल्ली।** देश में अब तय दामों पर मरीजों को दवा दिलाने के लिए सरकार ने सख्त फैसला किया है। जल्द ही केमिस्ट और थोक विक्रेताओं के साथ-साथ ई फार्मेसी पर भी दवाओं की मूल्य सूची दिखाई देगी।

दवा उत्पादन करने वाली फार्मा कंपनियों को यह सूची विक्रेताओं तक उपलब्ध करानी होगी ताकि वे तय कीमत से अधिक दाम पर मरीजों को नहीं बेची जा सकें। इसमें वे सभी दवाएं शामिल हैं जिनकी अधिकतम कीमत सरकार ने तय की है। हर दवा दुकान पर चस्पा होने वाली इस सूची में मरीज या तीमारदार कभी भी अपनी दवा के मूल्य की जांच कर सकेंगे। सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने जारी आदेश में कहा है कि औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश- 2013 के तहत प्रत्येक दवा निर्माता को मूल्य सूची जारी करना अनिवार्य है। विक्रेताओं के अलावा उन्हें यह सूची राज्य औषधि नियंत्रण संगठन और सरकार के साथ भी साझा करनी होगी। इसी सूची को थोक दवा विक्रेता और केमिस्ट को अपनी दुकान पर चस्पा करना आवश्यक होगा। मौजूदा समय में, इंटरनेट के जरिए कई वेबसाइट और मोबाइल एप घर बैठे दवा आपूर्ति कर रहे हैं जिन्हें ई फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता है। ये सभी प्लेटफॉर्म भी इस नियम के दायरे में आते हैं और इन्हें भी दवाओं की मूल्य सूची को अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना आवश्यक है। एनपीपीए के उपनिदेशक राजेश कुमार टी ने तत्काल इन निर्देशों का पालन करते हुए दवा दुकानों पर मूल्य सूची चस्पा करने का आदेश जारी किया है।



दरअसल, भारत में दवाओं की कीमतें तय करने का काम राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) करता है जो दवा (मूल्य नियंत्रण) आदेश-2013 के तहत कुछ दवाओं की अधिकतम कीमत तय करने का फैसला करता है। अगर कोई दवा उत्पादक ज्यादा कीमत पर दवा बेचता है, तो उससे वसूली की जाती है। 31 दिसंबर 2024 तक डीपीसीओ 2013 नियम के तहत करीब 3,111 नई दवाओं के लिए खुदरा कीमत तय की गई है।

**3,111 दवाओं की खुदरा कीमतें तय**

**इनमें कैंसर से लेकर** कार्डियोवास्कुलर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, क्रोनिक किडनी रोग, एचआईवी, न्यूरोलॉजिकल विकार, मनोरोग विकार, एनाल्जेसिक, ज्वरनाशक, गैर-स्टेरॉयड और सूजन रोधी दवाएं शामिल हैं।

### इस तरह देश में तय किया जाता है दवाओं का मूल्य

एनपीपीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फार्मा कंपनियां दवा बनाती हैं। लागत और मुनाफा जोड़कर वे इनको थोक विक्रेताओं तक पहुंचाती हैं। थोक विक्रेता करीब 16 फीसदी मार्जिन के साथ इन्हें रिटेलर को देते हैं, जो करीब 8 फीसदी और मार्जिन जोड़कर उन्हें मरीजों को बेचते हैं। इस पूरी श्रृंखला के बीच एनपीपीए मूल्य नियंत्रण का कार्य करता है।

**इसलिए सख्ती जरूरी :** दवा उत्पादन व बिक्री को लेकर सख्त नियम हैं, पर इनका उल्लंघन भी काफी होता है। जो दवाएं मूल्य नियंत्रण के दायरे में हैं उनकी बिक्री की निगरानी के लिए सभी राज्यों में प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट है। नवंबर-दिसंबर, 2024 में 16 राज्यों में कुल 237 मामले दर्ज हुए हैं जिनमें ग्राहक से तय से अधिक की वसूली की गई। जनवरी से दिसंबर के बीच ऐसे 2,258 मामले दर्ज किए गए।

## मुश्किल हालात में भी जवानों ने दिखाई जांबाजी : डीजीपी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो जवानों का बलिदान अन्य सुरक्षाकर्मियों को नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रेरित करता रहेगा।

मैं दोनों बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। यह बात सोमवार को राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरूण देव गौतम ने न्यू पुलिस लाइन में दोनों जवानों को पुष्पांजलि देते वक्त कही। उन्होंने मीडिया से कहा, हमारे जवानों ने बहादुरी के साथ ऑपरेशन को अंजाम देते हुए 31 नक्सलियों का सफाया कर दिया। घने जंगलों वाला इंद्रावती नेशनल पार्क बेहद मुश्किल इलाका था, इसके बावजूद हमारे जवानों ने वहां दाखिल होकर बहादुरी के साथ ऑपरेशन चलाया। एजेंसी


LOVED IN 100 COUNTRIES
आज़ादी
महंगाई से
प्रदूषण से
खर्चों से
BAJAJ
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
दुनिया की 1st CNG मोटरसाइकिल*
50%# बचत CNG के साथ
FREEDOM
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
₹89 997/- से शुरू
CNG PETROL
ड्युअल फ्युअल स्विच
125 cc
102 km/kg**
BAJAJ FREEDOM
72198 21111
BAJAJ SECURE
*नियम और शर्तें लागू. NG04 ड्रम वैरिएंट के लिए एक्स-शोरूम कीमत उत्तर प्रदेश. **ARAI टेस्ट्स के अनुसार. चित्रों में दिखाए गए फ़ीचर्स और विशिष्टताएं, स्टैंडर्ड फिटमेंट का भाग नहीं भी हो सकते हैं और ये वैरिएंट से वैरिएंट के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. AMC विशेष मॉडल्स पर और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध. अधिक जानकारी के लिए बजाज ऑटो डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा और उनके नियम और शर्तों के अधीन उपलब्ध कराई जाती है. #125cc पेट्रोल बाइक के मुकाबले रोज़ाना सफर में 50% तक की बचत.
Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: • Ghaziabad: SHIVA BAJAJ 8595167770; • Rakesh Marg (Bhatia More) 9311590336: SHIVA BAJAJ 8595167770• Hapur: SHIVA BAJAJ 9760020028 • NOIDA SEC 8: SKYLINE BAJAJ 7065000365 • BHANGEL 7065000355 • Greater Noida 7065000362 SEC 63 KAY DEE BAJAJ 8750044099 • Sahibabad: SHIVA BAJAJ 9311590335 • Bulandshahar: Kala Aam SINGH BAJAJ 8191900112 • Near Bhoor Circle VAISHNAVI BAJAJ 8272001000. Authorised Service Centre: • DHAULANA 9457363525 • LONI 8826313636 • MODI NAGAR 6397215233 • CHAPRAULA 8750044673• MURADNAGAR 8800774737 • NIWARI 9359960165 • DEHRAKUTTI 9627209201 • GARH 9837987360 • PILAKHUWA 9997609416 • • DADRI 9818234178 • JEWAR 05738 272067 • SURAJPUR 9999133431 • AURANGABAD 9917782345 • DIBAI 9319417227 • JAHANGIRABAD 8057470007 • Khurja 9997772394 • PAHASU 8447582349 • SIKANDRABAD 9412857627 • SYANA 9411229741• RABUPURA 7248588551 • SIMBHAOLI 8532002552 • SHAHVERI 8368320977 • RABUPURA 7248588551 •ANUPSHAHR 8006961513 •GULAOTHI 99412227768. • SURAJPUR 9999233431 • JEWAR 9458426625 • MANDI SHYAM NAGAR 9720005996 • GOVINDPURAM 7678125384 • VIJAYNAGAR 9958760886.


SKODA
Perfect companion for cityscapes and city escapes
Special benefits up to ₹2.30 Lakh#
Slavia
Kushaq
Range starts at ₹10.69 Lakh*
Best-in-Class
Powerful 1.5 TSI Engine Efficient & Reliable
Best-in-Class
25.4 cm Škoda Infotainment with Subwoofer
Best-in-Class
Spacious Interior & Luggage Space of 521 Litres
First-in-Segment
Electrically Adjustable & Ventilated Front Seats
Avail Scrappage Benefit against Certificate of Deposit**
260 Touchpoints Across India
Toll-free 1800 2700 260
www.skoda-auto.co.in
GLOBAL NCAP
Family Cars with Ultimate Safety
Sales: New Delhi: East Delhi: Shekhawati Electronics (Zedex): 98717 33311; Paschim Vihar: Ring Road Motocorp: 84488 43454; Safdarjung Enclave: Jai Auto: 75740 66633; Dwarka: Jai Auto: 75740 66633; Moti Nagar: Aryaveer Motors: 98718 64545; East of Kailash: Aryaveer Motors: 98718 64545; Gurugram: (Golf Course Road): Ring Road Motocorp: 93111 54254; (Sector 15): Jai Auto: 75740 66633; (Sohna Road): Jai Auto Vehicles: 75740 66633; Noida: (Sector 63) Brite Auto Wheels: 70316 80316; (Sector 6) Experience center: Brite Auto Wheels: 70316 80316; (Greater Noida): Brite Auto Wheels: 70316 80316; Faridabad: Excel Cars Pvt. Ltd.: 98998 22211; Ghaziabad: Brite Auto Wheels: 70316 80316; Kundli: Ring Road Motocorp: 0130-6633355; Meerut: Brite Auto Wheels: 70316 80316; Dehradun: DPM Automobiles: 07217098711; Haldwani: Pal Prateek Automobile:72170 13243; Rudrapur: Pal Prateek Automobile: 80626 16476
Service: New Delhi: Jahangirpuri: Ring Road Motocorp: 92891 09546; Mathura Road: Jai Auto: 011-45877777; Moti Nagar: Aryaveer Motors: 98718 64545; Gurugram: (Sector 18): Ring Road Motocorp: 0124-4851200; (Sector 15) Jai Auto: 0124-4762700; Noida: (Sector 6): Brite Auto Wheels: 0120-6779999; (Greater Noida): Brite Auto Wheels: 70316 80316; Faridabad: Excel Cars Pvt. Ltd.: 85888 58411; Sahibabad: (Zedex) Shekhawati Electronics: 98716 33311; Kundli: Ring Road Motocorp: 0130-6633355; Ghaziabad: Brite Auto Wheels: 70316 80316; Dehradun: DPM Automobiles: 07217098711; Haldwani: Pal Prateek Automobile: 72170 13275
Škoda T&C Apply. *Special price under this offer is applicable on selected variants and models for limited period and in limited quantity. Specification given differ from model to model. Delivery of the car is subject to stock availability. #Special benefits are applicable on selected variants and models for limited period and in limited quantity. **Scrappage Benefit can be availed on select variants only. Check with your nearest dealership for more information. Above Car pictures are created with help of computer graphics solely for purpose of advertising. All disputes are subject to Mumbai court's jurisdiction only.